3 राजधानी
भाजपा पार्षद के घर पर हमला, एफआईआर दर्ज

6 अभिमत
परिवर्तनकारी पहल प्रधानमंत्री की

11 विदेश
हिज्बुल्ला ने लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया

12 स्पोर्ट्स
भारत ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 336
लखनऊ, मंगलवार, 1 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायुसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला
राष्ट्रीय-10

# भगवान को राजनीति से दूर रखें

## उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को लताड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**तिरुपति** मंदिर लड्डू विवाद में उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कम से कम देवताओं को तो राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। साथ ही न्यायालय ने सबूत मांगते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के इस दावे पर सवाल उठाया कि तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री ने संबंधित दावा 18 सितंबर को किया, जबकि मामले में प्राथमिकी 25 सितंबर को दर्ज की गई और विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन 26 सितंबर को किया गया।

पीठ ने कहा, ...एक उच्च संवैधानिक पदाधिकारी के लिए सार्वजनिक रूप से ऐसा बयान देना उचित नहीं है जो करोड़ों लोगों की भावनाओं को प्रभावित कर सकता है। इसने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्णय लेने में सहायता करने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच जारी रहनी चाहिए या किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए। पीठ कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल की अदालत की निगरानी में जांच की मांग भी शामिल है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात का सबूत मांगा कि तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पीठ ने कहा, कम से कम, हम उम्मीद करते हैं कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

इसके अलावा, न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि रिपोर्टों के अनुसार घी के नमूने को खारिज कर दिया गया था। न्यायाधीश ने पूछा, तो जब आपने खुद ही जांच का आदेश दिया था, तो प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? पीठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व टीटीडी अध्यक्ष सुब्बा रेड्डी तथा इतिहासकार विक्रम संपत द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तिरुपति के लड्डू में इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु वसा की मौजूदगी के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई थी। क्या ऐसा बयान दिया जाना चाहिए था जिससे भक्तों की भावनाएं आहत हों? जब एसआईटी का आदेश दिया गया था, तो प्रेस में जाने और सार्वजनिक बयान देने की क्या जरूरत थी? प्रथम दृष्टया कम से कम दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है, इस स्तर पर दिखाने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है कि उसी घी का इस्तेमाल किया गया था और खरीदा गया था। जांच लंबित रहने के दौरान भी जब जिम्मेदार सार्वजनिक पदाधिकारियों द्वारा ऐसे बयान दिए जाते हैं, तो एसआईटी पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? सामग्री क्या थी? न्यायालय ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा कि वे इस पहलू पर न्यायालय के प्रश्नों का उत्तर नहीं दे रहे हैं। आपने अभी भी उत्तर नहीं दिया है। ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह दर्शाता हो कि घी का उपयोग किया गया था। ये अस्वीकृति को उचित ठहराने और भुगतान रोकने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रियाएँ हैं! पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को तय की है।

आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने इस महीने की शुरुआत में दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था, जिससे बड़े पैमाने पर राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने नायडू पर राजनीतिक लाभ के लिए 'घृणित आरोप' लगाने का आरोप लगाया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि यह आस्था का मामला है और अगर लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह अस्वीकार्य है।





# खरगे की भीष्म प्रतिज्ञा, शाह का जवाबी बयान-वाण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उन्होने (खरगे)कहा है कि वह प्रधानमंत्री को सत्ता से बाहर किये बिना नहीं मरने वाले हैं। यह बयान बताता है कि उनके मन में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत है। इसके अलावा अमित शाह ने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि खरगे लंबे समय तक स्वस्थ रहें. और वर्ष 2047 का विकसित भारत का निर्माण होते हुए देखें।

असल में अमित शाह का यह बयान बाण मल्लिकार्जुन खरगे की उस भीष्म प्रतिज्ञा का जवाब था, जिसको लेकर खरगे ने जम्मू में प्रण लिया था। उन्होंने यहां पर कठुआ की एक रैली में प्रधानमंत्री को पद से हटाए बिना मरने तक से इनकार करने का संकल्प जाहिर किया था। इस रैली में संबोधन के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत खराब हो गई थी। उनको तुरंत साथ चल रहे डॉक्टरों की ओर से चिकित्सीय सेवाएं दी गई. जिससे उनकी तबीयत कुछ बेहतर हो गई। इसके बाद वह फिर से संबोधन के लिए मंच पर आए. उन्होंने कहा कि उनकी उम्र 83 साल हो गई है, लेकिन वह उस समय तक प्राण नहीं त्यागने वाले हैं, जब तक वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर नहीं कर देते हैं। उनके इस बयान के बाद हंगामा उत्पन्न हो गया। भाजपा के कई नेताओं ने उनके बयान को अमर्यादित करार दिया। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूसरी ओर से स्वयं मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस नेताओं के मन में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डर इस कदर व्याप्त है कि वह हर समय उनके ही बारे में सोचते रहते हैं। खरगे ने शाह की इस टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया, गृह मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

## ईडी ने सिद्धरमैया पर मामला दर्ज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित



लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामज़द किया है। स्वामी ने देवराजू से ज़मीन खरीदकर उसे पार्वती को उपहार में दिया था। पिछले हफ्ते बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने इस मामले में सिद्धरमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस को जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सिद्धरमैया पर एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी बी.एम. पार्वती को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितता के आरोप हैं। उच्च न्यायालय ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के ( शेष पृष्ठ 9 )

## दिल्ली रोड रेजः सिपाही की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली पुलिस** ने बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में रोड रेज की घटना में सिपाही की मौत के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जिमी चिराम ने बताया कि आरोपी की पहचान वीणा एन्क्लेव निवासी रजनीश उर्फ सिट्टू के रूप में हुई है। दुर्घटना के समय रजनीश नोएडा से कार में बैठा था। हालांकि, कार चला रहा युवक अभी भी फरार है। जिमी जिराम ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल कार को जब्त कर लिया गया है। आरोपियों की धर-पकड़ के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। फरार आरोपी का सुराग लगाने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में छापेमारी की जा रही है। हत्या के आरोप में दो लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, रविवार देर लगभग 2 बजे कांस्टेबल संदीप मलिक ने कथित तौर पर एक कार में सवार दो लोगों को वाहन के अंदर शराब पीने से रोका। जिसके बाद वे दोनों भड़क गए। इस पर मलिक उन्हें वहां से जाने के लिए कहा जब उन्होंने मना कर दिया, तो कांस्टेबल ने कार चालक से पुलिस स्टेशन चलने के लिए कहा, लेकिन ड्राइवर ने ध्यान नहीं दिया और तेजी से भाग गया।

# बिहार पर कोसी के कोप का प्रकोप जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार के** कई इलाकों में सोमवार को बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई, क्योंकि दरभंगा जिले में कोसी नदी और सीतामढ़ी में बागमती नदी के तटबंध टूट गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोसी नदी उफान पर थी और रविवार देर रात करतारपुर ब्लॉक के पास अपने तटबंध को तोड़ दिया, जिससे दरभंगा के किरतारपुर और घनश्यामपुर गांव जलमग्न हो गए, जबकि सीतामढ़ी जिले के रुन्नी सैदपुर ब्लॉक में बागमती नदी के तटबंध में रिसाव की सूचना मिली। एक



बिहार के सुपौल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ ने राहत और बचाव कार्य चलाया।

अधिकारी ने कहा, बाढ़ की स्थिति ताजा तटबंध टूटने से और खराब हो गई है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। घबराने की कोई बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि राज्य के जल संसाधन और आपदा प्रबंधन विभाग युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, राज्य के विभिन्न इलाकों से तटबंध टूटने की कुल छह घटनाएं सामने आई हैं। उनमें से कुछ की मरम्मत पहले ही हो चुकी है और अन्य के लिए काम चल रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सीतामढ़ी के मधकौल गांव में बागमती नदी का तटबंध और पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी का तटबंध अत्यधिक पानी के दबाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाढ़ आ गई। मंत्री ने कहा, दरभंगा के वाल्मीकिनगर और कीरतपुर से तटबंधों के ऊपर पानी बहने की सूचना मिली थी। ( शेष पृष्ठ 9 )

## आईएमडी ने मानसून के समापन का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**2024** का दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन सोमवार को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इस दौरान भारत में 934.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो कि दीर्घ अवधि के औसत का 108 प्रतिशत और 2020 के बाद से सबसे अधिक है। मध्य भारत में इस क्षेत्र के लिए दीर्घ अवधि के औसत से 19 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई, दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य से 14 प्रतिशत अधिक और उत्तर-पश्चिम भारत में ( शेष पृष्ठ 9 )



# सीबीआई ने 26 साइबर अपराधियों को पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो** (सीबीआई) ने दुनियाभर में लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाने से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन चक्र-3 के तहत पिछले बृहस्पतिवार को देर रात पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी के साथ कार्वाई शुरू हुई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने 58.45 लाख रुपए नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें चार कॉल सेंटर – पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थित वी.सी. इनकंफॉर्मिटीज प्राइवेट लिमिटेडअ विशाखापत्तनम के मुरली नगर में स्थित वी.सी. इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेडअ हैदराबाद में स्थित वायाजेक्स सॉल्यूशंस और विशाखापत्तनम में स्थित अत्रिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने चार कॉल सेंटरों में ऑनलाइन आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 170 लोगों को पकड़ा।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, इस अभियान में जिन साइबर अपराधियों को निशाना बनाया गया, वे कई तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल थे, जिनमें तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान करने का दिखावा करके विशेष रूप से अमेरिका में लोगों से संपर्क करना और फिर इसकी आड़ में उनके सिस्टम को हैक करना शामिल है। उन्होंने कहा कि अपराधियों ने पीड़ितों से कहा कि उनकी पहचान चुराकर बैंक खातों से बड़ी संख्या में अनधिकृत लेनदेन किए जा रहे हैं। ( शेष पृष्ठ 9 )

# नकली नोट थमाकर व्यापारी से असली सोना खरीदा

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद/नई दिल्ली

**गुजरात के** एक सर्राफा व्यापारी से 2.1 किलो सोना ठगने का मामला सामने आया है। अज्ञात ठगों ने उसे बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अनुपम खेर का चेहरा लगे नकली नोट थमा दिए। अहमदाबाद के सर्राफा व्यापारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि किस तरह से उन्हें 500 रुपये के नकली नोटों के 26 बंडल स्वीकार करने के लिए धोखा दिया गया। व्यापारी को 1.90 करोड़ रुपये की नकली मुद्रा दी गई, जिस पर 'रीसोल बैंक ऑफ इंडिया' का लेबल भी लगा था।

24 सितंबर को 2.1 किलो सोने के बदले में व्यापारी के कर्मचारियों को यह नकली मुद्रा दी गई। पुलिस की शिकायत के अनुसार, सोने के व्यापारी ठक्कर को ज्वैलरी शॉप के दूसरे मैनेजर प्रशांत पटेल का फोन आया, जिसे सर्राफा व्यापारी जानता था। पटेल 2.1 किलो सोना खरीदना चाहता था और सौदा 1.90 करोड़ रुपये का था। ठक्कर ने अपने कर्मचारियों को पटेल से 'अंगड़िया पेढ़ी' (हवाला) कार्यालय में मिलने





का निर्देश दिया - एक पारंपरिक धन-स्थानांतरण सेवा जहां उन्हें 500 रुपये के नोटों के बंडल सौंपे गए। बेखबर कर्मचारियों को तीनों द्वारा प्रदान की गई मशीन का उपयोग करके 'पैसे' गिनने के लिए कहा गया। उनमें से दो फिर पड़ोसी कार्यालय से शेष 30 लाख रुपये लाने के बहाने सोने के बिस्कुट लेकर चले गए, जबकि तीसरा वहीं रुक गया।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया, जब ठक्कर द्वारा भेजे गए कर्मचारियों ने प्लास्टिक की चादर से नोटों को गिनने के लिए बाहर निकाला तो पाया कि वे नकली थे, उन्होंने तीसरे व्यक्ति से पूछताछ की, जिसने उन्हें बताया कि वह केवल 'अंगड़िया पेढ़ी' के लिए गिनती की मशीन देने आया था। शिकायत के अनुसार बाद में यह भी पता चला कि घटना से दो दिन पहले आरोपी व्यक्तियों द्वारा अंगड़िया कार्यालय खोला गया था। ( शेष पृष्ठ 9 )

# अंततः दादासाहब फाल्के ने मृगया के अभिनेता को दिया सम्मान

**राहुल दत्ता।** नई दिल्ली

**चार्टबस्टर** 'आई एम ए डिस्को डांसर' में लाखों भारतीय सिने प्रेमियों के दिलों में जगह बनाने वाले 74 वर्षीय मिथुन चक्रवर्ती ने कोलकाता की गलियों से निकलकर स्टारडम हासिल करने का लंबा सफर तय किया है। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। भाजपा के सदस्य दिग्गज अभिनेता को हाल ही में तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। चक्रवर्ती को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभिनेता एक 'सांस्कृतिक प्रतीक' हैं, जिनकी हर पीढ़ी प्रशंसा करती है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'मुझे खुशी है कि श्री मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक सांस्कृतिक प्रतीक हैं, जिनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए हर पीढ़ी प्रशंसा करती है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।' वैष्णव ने कहा कि चक्रवर्ती की उल्लेखनीय सिनेमाई यात्रा 'पीढ़ियों को प्रेरित करती है।' मंत्री ने पोस्ट में कहा, 'यह घोषणा करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने महान अभिनेता श्री मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कार देने का फैसला किया है।' वैष्णव ने कहा कि चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा।

हालांकि अभिनेता ने 1976 में प्रसिद्ध निर्देशक मृणाल सेन, चक्रवर्ती द्वारा निर्देशित फिल्म 'मृगया' से अपनी शुरुआत की और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, लेकिन उन्होंने अपनी फिल्म 'डिस्को डांसर' से व्यावसायिक सफलता का स्वाद चखा। 'आई एम ए डिस्को डांसर' और 'याद आ रहा' सहित फिल्म के सभी गाने 1970 के



दशक के अंत में काफी हिट हुए। इसके बाद उन्होंने 'मुझे इंसाफ चाहिए', 'हम से है ज़माना', 'पसंद अपनी अपनी', 'घर एक मंदिर', 'कसम पैदा करने वाले की' और 'कमांडो' जैसी कई हिट फिल्में दीं। अमिताभ बच्चन द्वारा अभिनीत 1990 की फिल्म 'अग्निपथ' में उनकी भूमिका के लिए भी उनकी प्रशंसा की गई। चक्रवर्ती के अनोखे मूव्स, जिन्होंने डिस्को डांसिंग को लोकप्रिय बनाया, और फाइट सीन ने पूरे देश और यहाँ तक कि रूस में भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने 1992 की 'ताहादर कथा' (सर्वश्रेष्ठ अभिनेता) और 1998 की 'स्वामी विवेकानंद' (सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता) के लिए दो और राष्ट्रीय पुरस्कार जीते। चक्रवर्ती ने कहा कि जब उन्हें पुरस्कार के बारे में खबर मिली, तो उनके दिमाग में उनका जीवन बार-बार घूमता रहा, जिसमें भोजन और आश्रय के लिए शुरुआती संघर्ष भी शामिल था। उन्होंने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं। यह एक ऐसा अवसर है जिसने मुझे अतीत की याद दिला दी। मैं कोलकाता से मुंबई गया था। मुंबई में, मैंने खाना नहीं खाया और कभी-कभी बगीचे में सो जाता था... यह बात बार-बार याद आती रही। इतना कुछ होने के बाद, आपको इतना बड़ा सम्मान मिलता है। मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि मैं यह पुरस्कार अपने परिवार और दुनिया भर के प्रशंसकों को समर्पित करता हूं।'

अभिनेता ने कोलकाता में संवाददाताओं से कहा, 'आप जानते हैं कि मेरा जीवन कभी भी आसान नहीं रहा, मुझे कुछ भी आसानी से नहीं मिला, मुझे हर चीज के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जब परिणाम ऐसा आता है, तो आप सारा दर्द भूल जाते हैं, भगवान दयालु हैं।' चक्रवर्ती ने प्रधानमंत्री मोदी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, वह एक शानदार इंसान हैं। मैं उन्हें जानता हूं, वह एक रत्न हैं।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी दिग्गज अभिनेता को बधाई दी। शाह ने कहा, 'कई दशकों तक फैले मिथुन जी के शानदार करियर ने न केवल हमारी फिल्मों को समृद्ध किया है, बल्कि अभिनय में उत्कृष्टता के मानक भी स्थापित किए हैं। उन्हें मेरी शुभकामनाएं।' ( शेष पृष्ठ 9 )

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 1 अक्टूबर, 2024



# एक्सीडेंटल हिंदू नहीं बर्दाश्त कर पा रहे राम मंदिर: मुख्यमंत्री

● कहा, यूपी के दुर्दांत माफिया से थी कांग्रेस की व्यावसायिक पार्टरनशिप

**हरियाणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार जनसभाओं को संबोधित किया**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ हरियाणा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी कांग्रेस को खूब लताड़ा। बोले कि 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से भगवान श्रीरामलला अयोध्या धाम में विराजमान हो गए। देश व दुनिया आनंदित है, लेकिन घड़ियालू आंसू बहा रही बदनसीब कांग्रेस को इससे भी नफरत है। यही अंतर राम की संस्कृति व रोम की संस्कृति में है। राम की संस्कृति में पला-बढ़ा व्यक्ति प्रभु श्रीराम की मर्यादा का पालन करते हुए 500 वर्ष तक निरंतर लड़ता रहा। प्रभु राम अयोध्या धाम में विराजमान हो गए, लेकिन रोम की संस्कृति में पले-बढ़े बदनसीब 'एक्सीडेंटल हिंदु' इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। एक्सीडेंटल हिंदु देश और जनता के प्रति कभी ईमानदार नहीं हो सकते। राम भारत के प्रतीक हैं। जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हरियाणा में चार जनसभा की। उन्होंने बवानी खेड़ा से कपूर वाल्मीकि, हांसी से विनोद भयाना, नारनौंद से कैप्टन अभिमन्यु, सफीदों से रामकुमार गौतम व पंचकूला से ज्ञानचंद गुप्ता, कालका से शक्तिरानी शर्मा को जिताने की अपील की। राहुल गांधी के बयान पर बिफरे सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर नाच गाना चल रहा था, दरअसल उनका खानदान ही जिंदगी भर नाचगाना करता रहा। हिंदुओं का अपमान, सनातन संस्कृति को कोसना और भारत के बाहर संवैधानिक संस्थाओं को खड़ा करके कांग्रेसी अपनी योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। 1526 में राम मंदिर तोड़कर गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया गया था। मुगल-अंग्रेज नहीं चाहते थे कि हिंदु धर्म-संस्कृति का नामोनिशान रहे, लेकिन आजाद भारत की पहली सरकार जिन बदनसीबों के हाथ लगी, उन्होंने भी भारत को गौरव के साथ खड़ा नहीं होने दिया। 2014 में नरेंद्र मोदी पीएम बने। 2017 में यूपी में भाजपा सरकार बनी। डबल इंजन सरकार जब डबल स्पीड से चलने लगी तो महज दो वर्ष के अंदर पांच सौ वर्ष की समस्या का समाधान हो गया। 140 करोड़ भारतवासी प्रसन्न हैं, लेकिन कांग्रेस को इससे पीड़ा है।

सीएम ने बवानी खेड़ा विधानसभा के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यहां के लोग जानते हैं कि कांग्रेस वाले आएंगे तो देश के साथ गद्दारी करेंगे। विकास के नाम पर केवल अपने घर को भरते रहे। कांग्रेसियों ने गरीब कल्याण का भी कोई कार्य नहीं किया, जबकि हरियाणा में डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में खूब विकास हुआ। कांग्रेसी कहते थे कि देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमान का है, जबकि मोदी जी कहते हैं कि देश के संसाधन पर पहला हक गरीब, कमजोर-वंचित, दलितों, पिछड़ों का है।

मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है। एक तरफ भारत में कोरोना से अब तक 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान कटोरा लेकर दुनिया में भीख मांग रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी देश को बना रहे हैं तो दूसरी तरफ 60-65 वर्ष तक शासन करने वाली कांग्रेस को जब भी अवसर मिला तो उन्होंने देश को लूटकर पैसे को कभी स्विस बैंक पहुंचा दिया तो कभी दुनिया में कहीं और पहुंचा दिया।

## पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आज सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

● 14 ओलंपियंस व पैरा ओलंपियंस का होगा सम्मान, 22.70 करोड़ रुपए की दी जाएगी पुरस्कार राशि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा पेरिस में देश और प्रदेश का मान बढ़ाने व परचम लहराने वाले खिलाड़ियों को भव्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान' कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस व पैरालंपिक एथलीट्स को सम्मानित किया जाएगा। इनमें कुल 7 मेडलिस्ट ओलंपियन व पैरालंपियंस तथा खेलों के वैश्विक महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 7 खिलाड़ियों व पैरालंपियंस को भी सम्मानित किया जाएगा।

कुल 22.70 करोड़ रुपए की पुरस्कार सम्मान राशि इन सभी खिलाड़ियों को सीएम योगी के हाथों वितरित की जाएगी। इस सम्मान समारोह के जरिए जहां एक ओर वैश्विक पटल पर देश व दुनिया का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की प्रशस्ति होगी, वहीं युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मानित होने वाले मेडलिस्ट्स में प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल प्रमुख हैं। पेरिस पैरालंपिक गेम्स में के टी 64 इवेंट में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रवीण कुमार को 6 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। वहीं, पेरिस पैरालंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाले सुहास एल वाई और अजीत सिंह को 4-4 करोड़ रुपए, प्रीति पाल को 2 कांस्य पदक जीतने पर 4 करोड़ रुपए तथा सिमरन को कांस्य पदक जीतने पर एक करोड़ रुपए की धनराशि दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने शिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों की तलब की रिपोर्ट

● देवरिया, भदोही, गोंडा समेत कई जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी के खिलाफ हो सकती है कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त रूख अख्तियार किया है। पिछले कई दिनों से सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और हीलाहवाली की शिकायतें मिल रहीं थीं। इस पर उन्होंने ऐसे जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि लापरवाह डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही उन्होंने लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल ही में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसमें शिकायतों के निस्तारण के बाद सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिये गये फीड बैक में शिकायतकर्ताओं ने असंतोष जताया है। इनमें देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मीरजापुर के जिले शामिल हैं। इन जिलों के शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत के निस्तारण के फीडबैक पर 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी को फटकार लगाते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिये हैं। वहीं मुख्य सचिव समीक्षा बैठक की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने वाले हैं। जानकारों की मानें तो रिपोर्ट के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं। मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में पाया कि प्रदेश के कुछ जिलों का अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में अच्छा प्रदर्शन रहा है। इन्होंने समयबद्ध तरीके से शिकायतों को निस्तारित कर स्पेशल क्लोज रिपोर्ट समिट की है।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कराकर रोजगार सृजित किए जाएं: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अधिक से अधिक इकाइयां स्थापित कराकर अधिक से अधिक रोजगार सृजित किए जांय ।खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। इस क्षेत्र में लगाई जाने वाली यूनिटों को दी जा रही सब्सिडी की जानकारी आम जनमानस को दी जाए। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लोगों को दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए ।

मौर्य ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में ट्रेनिंग देने का प्लान तैयार किया जाय और उत्पादो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। छोटी-छोटी यूनिटों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए ,तभी किसानो की भी आमदनी बढ़ेगी।

उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाय। आयोग को भेजे गये अधियाचनों के सम्बन्ध में जहां जरूरी हो , आयोग को अनुस्मारक भेजा जाय। निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की एक संयुक्त गोष्ठी आयोजित की जाय, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों की स्थापना, यूपी एस आर एल एम के साथ प्रशिक्षण एवं नये प्रस्ताव प्राप्त करने पर विचार हो।

## महाकुंभ में पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए रणनीति बनाएं: जयवीर सिंह

● पर्यटन विभाग द्वारा यूपी इंटरनेशल ट्रेड शो नोयडा में स्थापित स्टॉल को बेस्ट स्टॉल का मिला पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नई** दिल्ली में आयोजित होने वाले ट्रेड शो की तर्ज पर ग्रेटर नोयडा यूपी में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण इंडिया एक्सपो मार्ट 25 से 29 सितम्बर, 2024 तक किया गया। जिसमें यूपी पर्यटन विभाग ने अपनी दमदार उपस्थित दर्ज कराने के लिए स्टॉल लगाया था। इस भव्य मंडप में प्रदेश की अध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक विरासत को दर्शाया गया था। इसके लिए पर्यटन विभाग के स्टाल को वेस्ट स्टॉल के रूप में पुरस्कृत किया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस उपलब्धि के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में यूपी के सामर्थ्य एवं संसाधनों के प्रचार प्रसार के लिए पूरी लगन एवं निष्ठा से कार्य करें, ताकि यूपी के पर्यटन स्थलों संबंधित जानकारी एवं संदेश विश्वमंच तक पहुंचे और लोग यूपी आने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि महाकुंभ-2025 इसके लिए एक उपयुक्त अवसर है। जिसमें लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस अवसर का भी लाभ उठाने की जरूरत है।

उन्होंने आगे बताया कि अगले तीन माह बाद प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का आयोजन होगा, इसमें भी पर्यटन विभाग विभिन्न संसाधनों के माध्यम से पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार की तैयारी करे। जयवीर सिंह ने कहा 'पर्यटन विभाग के स्टॉल पर दर्शकों की अच्छी-खासी भीड़ रही। आगंतुकों को प्रयागराज में अगले साल जनवरी माह में लगने वाले महाकुंभ-2025, प्रदेश में उभरते वेडिंग डेस्टिनेशन, यूपी पर्यटन नीति-2022 के लाभ व इसके तहत तैयार नई इकाइयों सहित अन्य जानकारी दी गई। इसके अलावा 'यूपी नहीं देखा, तो इंडिया नहीं देखा' के स्लोगन को आगे रखते हुए प्रदेश के धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों, वाइल्ड लाइफ, इको टूरिज्म, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सूफी सर्किट और बुंदेलखंड के रोमांचक तथा आकर्षक पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा, यूपीआईटीएस 2024 में अयोध्या को प्रमुखता से दर्शाया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट व वुडेन ट्वाय आदि में आगंतुकों ने खूब रुचि दिखाई।

## श्याम बिहारी गुप्ता गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष नामित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को तात्कालिक प्रभाव से यूपी गौ सेवा आयोग का सदस्य एवं अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही कुशीनगर के जसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह और बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का सदस्य एवं उपाध्यक्ष नामित किया हैं। मुरादाबाद के दीपक गोयल, महोबा के राजेश सिंह सेंगर तथा फिरोज़ाबाद के रमाकान्त उपाध्याय को भी सदस्य नामित किया हैं। आयोग के सभी 6 सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से 1 वर्ष तक का होगा। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं।

## दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन, शांति मार्च निकालने का प्रयास विफल

**मुख्यमंत्री के ओएसडी से वार्ता कर सौंपा ज्ञापन**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लेखपाल** पद पर चयनित दिव्यांगजनों को नियुक्ति पत्र जारी कराने, दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी दिलाने, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 लागू करवाने, दिव्यांग पेंशन 5 हजार रूपया करने व दिव्यांग उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर दिव्यांग महागठबन्धन के तत्वावधान में दिव्यांग संगठनों ने सोमवार को ईको गार्डेन से मुख्यमंत्री कार्यालय तक शान्ति मार्च निकाला जाना सुनिश्चित किया था। नियत कार्यक्रम के तहत शांति मार्च निकालने का प्रयास किया गया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने बलपूर्वक घेराबन्दी करके जाने से रोक दिया गया। इसके पश्चात दिव्यांग महागठबन्ध के नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी.से मुलाकात कर अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेंद्र कुमार ने कहा कि नौ माह से लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगों ने ईको गार्डेन मे धरना अनशन कर रहे हैं। दिव्यांग अभिषेक नौकरी न मिलने से सदमे में आकर आत्महत्या कर लिया जिसकी जिम्मेदार सरकार है। सरकार दिव्यांगजन को आत्महत्या के लिये उकसा रही है। चयन होने के बाद भी सरकार द्वारा नियुक्ति पत्र न देना अन्याय है। दिव्यांग महागठबन्धन दिव्यांगजनो के अधिकारों को दिलाने के लिए सड़क पर उतरेगी और चुनाव में अपने वोट की ताकत सरकार को दिखायेगी।

महागठबन्धन के अध्यक्ष मनीष प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी दिलाने मिलनी चाहिए, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 को 8 वर्षो में सरकार लागू नही कर सकी, दूसरे स्टेट में दिव्यांगजन को दिव्यांग पेंशन 5 हजार रुपया मिल रही है जबकि उत्तर प्रदेश में एक हजार रूपया पेंशन सरकार दे रही रही। उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन का उत्पीड़न हो रहा है पुलिस रिपोर्ट तक नहीं दर्ज करती है।

इस मौके पर दिव्यांग महागठबंधन के अध्यक्ष मनीष प्रसाद, महासचिव वीरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, अजीत कुमार, आनंद तिवारी, रामनिहाल द्विवेदी, हिमालय सिंह, तन्मय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वर्मा, राजकुमार, अकरम अली, धर्मवीर, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राहुल कुमार, अशोक कुमार, दिव्यांग विकास सोसाइटी राजेन्द्र, मनोज, विकलांग विधवा सेवा समिति विनोद गुप्ता, ज्योती फाउण्डेशन के संदीप सैनी, भारतीय जागृति मिशन के अनूप राजवंशी, भारतीय दिव्यांग सेवा समिति के धर्मवीर आदि शामिल थे।

## पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के के खिलाफ एडिडेट वीडियो पर भड़की कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय ने कहा कि आरएसएस, भाजपा तथा इनके नेता और इनके आईटी सेल देश को कहां ले जाना चाहते हैं? एक बार देश को बर्बाद कर देंगे तो बचेगा कौन? और बिगड़े हुए देश को सभालेंगे कैसे? जैसे मणिपुर को बर्बादी की कगार पर तो पहुंचा दिया पर अब समझ नहीं पा रहे हैं उसे उसके पुराने दिन किस प्रकार वापस लौटाये जाएं। डॉ. राय ने अपने वक्तव्य में इन ताकतों द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देश क सबसे बड़े दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ एक एडिडेट वीडिया और उसके बारे इन लोगों द्वारा दिये गये बहुत भद्दे और अपमानजनक वक्तव्य पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन ताकतों का इरादा क्या है? क्या वह समझते हैं कि किसी इतने वरिष्ठ नेता का अपमान कर और हर दर्जे की निचले स्तर की भाषा प्रयोग कर वह अच्छे भारत का निर्माण कर रहे हैं या हिन्दू समाज की कोई भलाई कर रहे हैं। डॉ. राय ने कहा कि कल उन्होंने एक व्हाट्सप्प ग्रुप में वहां के निवासी द्वारा फारवर्ड किया गया पोस्ट देखा जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे साहब मोदी के लोकसभा चुनाव के दौरान दिये गये बयान की कांग्रेस आएगी तो आपके घर में घुसकर सब छीन लेगी और उनको बांट देगी जिनके ज्यादा बच्चे होते हैं का जिक्र किया तो आईटी सेल ने आगे पीछे का वक्तव्य काटकर एक 28 सेकेण्ड का वक्तव्य बनाकर फैला दिया गया और उस पर खड़गे के प्रति बहुत ही असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया गया है। उक्त मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी डॉ. राय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस एवं लखनऊ पुलिस से अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से की है।

## रिटायर आईपीएस अधिकारियों के निधन पर पुलिस मुख्यालय में हुई शोक सभा



**लखनऊ।** सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारियों के निधन पर पुलिस मुख्यालय, गोमती नगर विस्तार में शोक सभा का आयोजन किया गया। केएन दारूवाला (केकी नासेरवान्जी दारूवाला) (आईपीएस-1958) सेवानिवृत्त अपर निदेशक कैबिनेट सचिवालय नई दिल्ली का 27 सितंबर 2024 को एवं अशोक कुमार मिश्रा (आईपीएस-एसपीएस-1985) सेवानिवृत्त पुलिस उप महानिरीक्षक का 16 सितंबर 2024 को निधन हो गया था। डीजीपी प्रशान्त कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण द्वारा दिवंगत पुलिस अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपनी पुत्री ऐनम बानो को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। नबी अहमद पुत्र मेहंदी हसन निवासी-ग्रामधरमपुर,पोस्ट-महाराजनगर, तहसील-बिसवां, जिला-सीतापुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पासपोर्ट पर त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD YAMEEN दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में मेरा नाम MOHAMMAD YAMEEN KHAN दर्ज है जो सही है। अतः अब से मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा सही नाम MOHAMMAD YAMEEN KHAN ही पढ़ा व समझा जाए। मोहम्मद यामीन खान पुत्र मो. यूसुफ निवासी-मोहल्ला कटरा,तहसील-लहरपुर जिला-सीतापुर

**सूचना**

मैं, जूनु तामांग पत्नी आर्मी नंबर 15178266A हवलदार (ओ०पी०आर०) अनमोल राय यूनिट 641 (I)SATA BTY of C/o 56 APO.1 गलत घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने के कारण मैंने अपना नाम जूनु तामांग राय (JUNU TAMANG RAI) से बदलकर जूनु तामांग (TAMANG) कर लिया है। जूनु तामांग राय (JUNU TAMANG RAI) और जूनु तामांग (JUNU TAMANG) दोनों नाम एक ही व्यक्ति से संबंधित है।

## शिशु की मौत पर स्टाफ नर्स का तबादला

● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए जांच के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मैनपुरी** स्थित करहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में संविदा पर तैनात नर्स द्वारा नेग मांगे जाने के प्रकरण का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। डिप्टी सीएम ने नर्स को तत्काल वहां से हटाने एवं जांच के निर्देश दिए हैं। घटना 19 सितंबर की है। गांव ओन्हा पतारा निवासी संजली को प्रसव पीड़ा हुई थी। परिजन उन्हें लेकर करहल सीएचसी पहुंचे। यहां गर्भवती संजली को भर्ती कर लिया गया। पति सुजीत ने आरोप लगाया कि नेग न देने पर प्रसव के बाद संविदा नर्स ने शिशु को 40 मिनट तक नहीं दिया। हालत बिगड़ने पर शिशु को अन्य अस्पताल के लिए रेफर किया। बाद में शिशु की मृत्यु हो गई। समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं। खबरों का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है।

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

**डिप्टी** सीएम ने सीएमओ को जांच के आदेश दिये हैं। जांच टीम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. संजीव राव बहादुर और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार वर्मा हैं। डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंडलीय अपर निदेशक, कानपुर को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह में पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब की है। आरोपी संविदा स्टाफ नर्स ज्योति भदौरिया को सुल्तानगंज के विछवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानान्तरित करने के आदेश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि जांच में किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## सपा व कांग्रेस के लोग जनता को गुमराह कर रहे: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण आज से 15 अक्टूबर तक**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी की संगठनात्मक पर्व के तहत सदस्यता अभियान बैठक राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में सोमवार को सम्पन्न हुई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा की तथा द्वितीय चरण में अभियान की सफलता के लिए आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला के साथ प्रदेश सदस्यता टोली के सदस्य के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत व रामप्रताप सिंह चौहान की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने किया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से सदस्यता अभियान का प्रथम चरण ऐतिहासिक रूप से सफल हुआ है। सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। पार्टी की प्रदेश इकाई ने 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया था। पार्टी प्रदेश में 2 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य से अधिक सदस्यता करेगी। बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय सदस्य बनेंगे, जो आगामी समय में पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए हम सभी से संपर्क करें और सभी को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह ऐसा व्यापक अभियान है जो हमें सभी तक पहुंचने और सभी को जोड़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि लगातार सपा व कांग्रेस के लोग जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है। इस अभियान के माध्यम से हमें लोगो तक पहुंचकर विपक्ष के झूठ और भ्रम को भी समाप्त करना है। सदस्यता अभियान को पूरा करके अपनी संगठनात्मक संरचना को संवैधानिक प्रक्रिया से पूरा करने वाला भाजपा एक मात्र दल है। चौधरी ने कहा कि हमें सभी वर्गों के बीच में पहुंचकर प्राथमिक सदस्यता करनी है और बड़ी संख्या में सक्रिय सदस्य भी बनाना है। जिन्होंने अभी तक अपने रैफलर कोड से सदस्य बनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया, वह सभी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में अपना लक्ष्य प्राप्त कर लें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमें एक से पन्द्रह अक्टूबर तक कैम्प सदस्यता के माध्यम से समूह में लोंगो को पार्टी से जोड़ना है। इसके लिए चौराहों, नुक्कडों, कॉलेज परिसरो सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर कैम्प लगाकर पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता सदस्यता के माध्यम से लोगों को भाजपा के साथ जोडेगें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न प्रबुद्धवर्गों शिक्षक, चिकित्सक, खिलाड़ी, अधिवक्ता, गीतकार, संगीतकार, साहित्यकार, चित्रकार, इंजीनियर सहित विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों को भाजपा का सदस्य बनाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने प्रदेश में दो करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया था और अभी तक उत्तर प्रदेश में 01 करोड़ 67 लाख से अधिक मतदाता सदस्य के रूप में भाजपा से जुड़ चुके है। 15 अक्टूबर तक कम सदस्यता वाले सभी बूथों पर भी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा से जोड़ा जाएगा और प्रत्येक बूथ को मजबूत किया जाएगा। सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण की सफलता के लिए जिला तथा मंडल स्तर पर बैठके आयोजित करके विगत अभियान की समीक्षा तथा आगामी अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा करना है।

# नवरात्र के पहले दिन से होगी मिशन शक्ति कार्यक्रम के पांचवें चरण की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए शारदीय नवरात्र के पहले दिन तीन अक्टूबर को अपने महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति कार्यक्रम के पांचवें चरण की शुरुआत करेगी। इसके लिए महिलाओं केलिए एक समर्पित स्वास्थ्य हेल्पलाइन-महिला स्वास्थ्य लाइनै शुरू की जाएगी।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य लाइन महिला पावर लाइन- 1090 पहल की तर्ज पर होगी और इसका उद्देश्य उन महिलाओं को सुलभ स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रदान करना है, जो अक्सर सामाजिक चुनौतियों के कारण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने में बाधाओं का सामना




करती हैं। बयान के अनुसार इस हेल्पलाइन के जरिए महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञों के साथ टेली-परामर्श की सुविधा दी जाएगी, जिसके तहत महिलाओं (ग्रामीण महिलाओं) को दूर के अस्पतालों या क्लीनिकों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। उन्हें घर पर ही स्त्री रोग विशेषज्ञ का मार्गदर्शन मिल सकेगा। इसका सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण महिलाओं को होगा। यह हेल्पलाइन महिलाओं को समय पर और गोपनीय चिकित्सा सहायता प्राप्त करने में सशक्त बनाएगी, जिससे ग्रामीण उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में अंतर को खत्म किया जा सकेगा।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के अनुसार, नई स्वास्थ्य हेल्पलाइन न केवल तत्काल चिकित्सा सलाह प्रदान करेगी, बल्कि महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को सुलझाने में भी मदद करेगी।

इस हेल्पलाइन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की उन महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करना है, जिनके लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल तक पहुंच एक चुनौती बनी हुई है।

# सम्पत्ति अनुभाग करेगा नामांतरण शुल्क का सत्यापन, पोर्टल पर अपडेट होगी सूचना

**जनता को मिली राहत**

## अधिकारियों व योजना सहायकों की तय की गयी जिम्मेदारी, निर्धारित समय से ज्यादा दिन रोकी फाइल तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** द्वारा जन सामान्य के हित में नामांतरण की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। इसके तहत अब सम्पत्ति अनुभाग ऑनलाइन जमा कराये जाने वाले नामांतरण शुल्क का स्वयं सत्यापन करते हुए कार्यवाही को आगे बढ़ा सकेगा। साथ ही नामांतरण सर्टिफिक्रेट जारी होते ही प्राधिकरण के पोर्टल पर इसकी सूचना अपडेट की जाएगी। उपाध्यक्ष द्वारा नामांतरण प्रक्रिया में एसओपी बनाते हुए अधिकारियों व योजना सहायकों की जिम्मेदारी तय कर दी गयी है। इसमें निर्धारित समय से ज्यादा दिन तक फाइल रोकने पर सम्बंधित के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जनता के हित में नामांतरण प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्ति लेने वाले आवंटियों द्वारा आवश्यकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही करायी जाती है। जनहित गारंटी अधिनियम से आच्छादित सेवा होने के चलते नामांतरण की कार्यवाही 60 दिन में पूर्ण करा दी जानी चाहिए। लेकिन, कुछ जटिल प्रक्रियाओं के चलते कार्यवाही में ज्यादा समय लगता है और कुछ प्रकरण तो एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। बीते शनिवार को उपाध्यक्ष द्वारा लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए आयोजित कराये गये सिंगल टेबल क्लीयरेंड डे पर ऐसे कुछ प्रकरण सामने आये।

इस पर उपाध्यक्ष ने नामांतरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए एसओपी जारी किया है। इसके अनुसार अब से नामांतरण के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने पर नोडल ऑफिसर द्वारा उसी दिन प्रभारी अधिकारी.सम्पत्ति को कार्यवाही के लिए आगे बढ़ा दिया जाएगा। जिसे प्रभारी अधिकारी द्वारा परीक्षण के लिए सम्बंधित योजना सहायक को उसी दिन अथवा अगले दिन प्रेषित किया जाएगा। योजना सहायक द्वारा आवेदन प्रपत्र का फाइल से मिलान कराया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर स्वयं ही स्थल निरीक्षण करके रिपोर्ट फाइल पर अंकित की जाएगी। साथ ही समस्त देयकों को स्थापित करते हुए सूचना आलेख के साथ अपनी स्पष्ट संस्तुति प्रभारी सम्पत्ति अधिकारी, स्तर.1 को भेजी जाएगी। यह समस्त कार्यवाही सात दिन के अंदर पूरी की जाएगी। योजना सहायक की संस्तुति से सहमत होने पर प्रभारी अधिकारी द्वारा नामांतरण शुल्क अथवा प्रकाशन शुल्क जमा कराने के लिए आवंटी को उसी दिन ऑनलाइन सूचना भेजी जाएगी।

### सम्पत्ति अनुभाग खुद करेगा सत्यापन

**वर्तमान** में प्रचलित प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदक के ऑनलाइन शुल्क जमा करने पर सम्पत्ति अनुभाग द्वारा जमा धनराशि के सत्यापन के लिए फाइल लेखानुभाग में भेजी जाती है। इससे अनावश्यक रूप से फाइल का मूवमेंट बढ़ता है जिससे कार्यवाही में विलम्ब होता है। अब उपाध्यक्ष महोदय द्वारा इस प्रक्रिया को सरल कर दिया गया है। इसके अनुसार अब से सम्पत्ति अनुभाग द्वारा यूटीआर, आईएमपीएस नम्बर के माध्यम से स्वयं ही धनराशि का सत्यापन किया जाएगा। नामांतरण की कार्यवाही के पश्चात फाइल लेखानुभाग को सत्यापन के लिए भेजी जाएगी। इसमें त्रुटि मिलने पर नामांतरण को निरस्त करते हुए नामांतरण शुल्क ब्याज सहित जमा कराया जाएगा।

### सर्टिफिकेट जारी होते ही पोर्टल पर अपडेट होगी सूचना

**अगर** नामांतरण उत्तराधिकार के फलस्वरूप हो रहा है तो जनसम्पर्क अनुभाग द्वारा समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर पांच दिन के अंदर इसकी प्रति सम्बंधित योजना सहायक को ऑनलाइन उपलब्ध करायी जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन की नियत अवधि पूरी होने पर योजना सहायक तीन दिन के अंदर अपनी संस्तुति प्रभारी अधिकारी को आवेदन स्वीकृत अथवा निरस्त करने के लिए प्रेषित करेगा। प्रभारी सम्पत्ति अधिकारीए स्तर-2 द्वारा एक कार्य दिवस में आवेदन को ऑनलाइन स्वीकृतध्निरस्त किया जाएगा और स्वीकृति की दशा में म्यूटेशन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर फाइल में लगाया जाएगा। इसी के साथ प्राधिकरण के पोर्टल पर भी नामांतरण की सूचना दर्ज करायी जाएगी।

# भाजपा पार्षद के घर पर हमला, एफआईआर दर्ज

**● सुबह चार बजे घर के बाहर खड़ी एसयूवी का शीशा तोड़ा, घर पर फेंके पत्थर**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** के गोमती नगर में सोमवार तड़के बाइक सवार बदमाशों ने भाजपा के दो बार के पार्षद के मकान के बाहर खड़ी भाजपा सांसद की एसयूवी के शीशे तोड़ दिए। आवाज सुनकर जब पार्षद बाहर आए तो आरोपियों ने उन पर ईंट से हमला कर दिया। मामले में गोमती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। राजधानी के पाश इलाका गोमतीनगर के विनयखंड में भाजपा पार्षद संजय सिंह राठौर पर असमाजिक तत्व ने हमला कर दिया। पार्षद अपने परिवार के साथ गोमतीनगर में रहते हैं। पार्षद ने बताया कि सुबह चार बजे की घटना है। घर में सोने के दौरान संजय सिंह को कुछ टूटने की आवाज सुनाई दी। जब वह घर से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि एक बाइक से दो लोग सांसद की एसयूवी के शीशे तोड़ रहे थे। विरोध पर आरोपी गालीगलौज करने लगे और उन पर ईंट से हमला कर दिया। इसके बाद दोनों भाग निकले। हमले में वह चोटिल हो गए। उन्होंने गोमती नगर थाने पहुंचकर शिकायत की। इंस्पेक्टर गोमती नगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक भाजपा पार्षद के घर के पास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। ऐसे में आसपास लगे कैमरे खंगाले जा रहे हैं। लखनऊ के गोमती नगर में सोमवार तड़के बाइक सवार बदमाशों ने भाजपा पार्षद के मकान के बाहर खड़ी भाजपा सांसद की एसयूवी के शीशे तोड़ दिए। आवाज सुनकर जब पार्षद बाहर आए तो आरोपियों ने उन पर ईंट से हमला कर दिया। वहीं, इंस्पेक्टर गोमती नगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक भाजपा पार्षद के घर के पास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। ऐसे में आसपास लगे कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मामले में गोमती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की है।

### महापौर ने हमलावरों की गिरफ्तारी के दिये निर्देश

**भाजपा** पार्षद पर हमले की सूचना पर महापौर व क्षेत्रीय विधायक द्वारा उनके आवास पर मुलाकात की गयी। महापौर द्वारा पार्षद से कुसलक्षेम पूछी गयी। महापौर को पूरी घटना की जानकारी पार्षद द्वारा कार्रवाई की मांग की गयी। महापौर द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी विकास जायसवाल को घटना स्थल पर बुलाकर दोषियों की जल्द से जल्द खोज कर पहचान करने एवं उनके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने कहा कि इस प्रकार के कृत्य निंदनीय है और इस प्रकार के कृत्य में शामिल असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस दौरान विधायक ओपी श्रीवास्तव, नगर निगम कार्यकारणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पार्षद दल के उप नेता सुशील तिवारी पम्मी सहित बड़ी संख्या में सम्मानित पाषर्द एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

# रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना है: डॉ बोरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**शिया** पीजी कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर सोमवार को सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लखनऊ उत्तर विधान सभा क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के कोआर्डिनेटर डॉ प्रदीप शर्मा एवं अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एस शबीहे रज़ा बाक़री ने किया। महाविद्यालय के प्रबन्धक सै अब्बास मुर्तज़ा शम्सी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व शॉल पहनाकर सम्मानित किया।

डॉ बोरा ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारा भारत आज का बदलता हुआ भारत है जो आज विकसित देशों के समकक्ष खड़ा है। आज लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है जिससे देश और दुनियां में लखनऊ का नाम हो रहा है। उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुये कहा कि हमें रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना है और उन्होंने कहा कि यदि लखनऊ विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी प्रतिभाओं के लिये जाना जाता है तो शिया महाविद्यालय भी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। यहाँ के पूर्व छात्र आज देश-दुनिया में वैज्ञानिक, राजनेता, शिक्षाविद्, न्यायविद् और उद्यमी के रूप में समाज में अपना योगदान दे रहे हैं। महाविद्यालय के प्रबन्धक सै. अब्बास मुर्तजा शम्सी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को सम्बोधित करते हुये कि हमें देश और समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा और समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में बंधकर राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर होना ताकि हम विकासशील से विकसित राष्ट्र हो सकें।

कार्यक्रम में 33 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कृतिका अवस्थी ने प्रथम स्थान, बीए (जेएमसी) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ज़ैनब फातिमा ने द्वितीय व बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सारिया नज़ीन तृतीय स्थान पर रही जिन्हें शील्ड व प्रशस्ति-पत्र देकर वहीं एलएल.बी. पंचम सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद नईम व बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आफ़रीन जिया खान को सान्तवना पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया।

### एकेटीयू में चला स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के क्रम में सोमवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत परिसर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। संकाय के डॉ. आकाश वेद के साथ संकाय के सहायक आचार्य डॉ जयबीर सिंह, डॉ नीलकण्ठ मणि पुजारी, डॉ विकास चौधरी, सुश्री प्रिया आर्या, सुश्री अंजलि सिंह और आफिस स्टॉफ शुभांश त्रिपाठी तथा छात्र-छात्राओं ने परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। इस अवसर पर छात्रों के लिए स्वच्छता की भागीदारी, सफाई/ खाद्य पदार्थ की चुनौती विषयों पर चित्रकला, रंगोली, वाद-विवाद और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में कल छात्रों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

# स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राजभवन से निकाली गई स्वच्छता बाइक रैली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024' के अंतर्गत सोमवार को राजभवन से एक विशेष स्वच्छता बाइक रैली निकाली गयी। रैली को अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में राजभवन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

रैली की शुरुआत राजभवन के पोर्ट से हुई जो बंदरिया बाग चौराहा, गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा तथा समता मूलक चौराहा होते हुए यू-टर्न लेकर वापस राजभवन पोर्ट पर समाप्त हुई। इस रैली का उद्देश्य समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाना और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना था। रैली को संबोधित करते हुए डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने कहा कि स्वच्छता अभियान देश को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है। रैली में शामिल सभी सदस्यों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने और उसे बढ़ावा देने का संकल्प लिया। राज्यपाल के मार्गदर्शन में आयोजित यह रैली स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत आयोजित की गई गतिविधियों का एक प्रमुख हिस्सा रही, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत के लक्ष्य को साकार करना है।

# पीजीआई में सर्वर ने स्टाफ सहित मरीजों के परिजनों को छकाया

**लखनऊ।** पीजीआई में सोमवार को दिन भर सर्वर डाउन की समस्या ने संस्थान के स्टाफ सहित मरीजों के परिजनों को खुब छकाया। ओपीडी में रोगियों को पंजीकरण से लेकर, कैश जमा करने, जांच के पर्चे निकालने और रिपोर्ट मिलने में बहुत दिक्कतें हुई। काउंटर के सामने रोगियों और तीमारदारों की कतारें लग गईं। डॉक्टर भी रोगियों के जांच के पर्चे नहीं भर पाए। सर्वर की वजह से संस्थान भर में रोगियों से लेकर कार्यालय के काम भी प्रभावित हुए। नवीन ओपीडी में सोमवार सुबह से ही सर्वर काफी धीमा चल रहा था। रोगियों के पंजीकरण में समय लग रहा था। बीच में कई बार सर्वर चला जा रहा था। इससे पंजीकरण काउंटर से लेकर कैश, रिपोर्ट समेत दूसरे काउंटर पर रोगियों और तीमारदारों की लाइनें लग रही हैं।

# राजधानी में डेंगू के आठ रोगी मिले



**लखनऊ।** लखनऊ जनपद में डेंगू के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को जनपद में डेंगू के 8 रोगी मिले हैं। जिन इलाकों से रोगियों की पुष्टि हुई है, उनमें चन्दरनगर-3, सिल्वर जुबली-2, इन्दिरानगर-1, अलीगंज-2) एवं मलेरिया के 00 धनात्मक रोगी शामिल है। माह जनवरी 2024 से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 477 एवं मलेरिया के 408 धनात्मक रोगी पाये गये। आज लगभग 1607 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 15 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलो/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। क्षेत्रीय जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुन: प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

## बेसिक शिक्षकों सहित कर्मियों को अवकाश के निस्तारण को लेकर नहीं देना होगा एफिडेविट

**लखनऊ।** शासन के निर्देश पर स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने सोमवार को आदेश जारी कर अवकाश की प्रक्रिया को सरल कर दिया है। इसके तहत अब किसी भी प्रकार के अवकाश प्रकरण के निस्तारण में स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए अधिकृत चिकित्सकों में समस्त रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर भी अनुमन्य होंगे। वहीं बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में सामान्यतया अधिकतम 30 दिनों के लिये दिया जाएगा। चुनाव, आपदा, जनगणना, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी अथवा विद्यालयी परीक्षाओं की अवधि व उससे 5 दिवस पूर्व की तिथियों के लिए प्राप्त बाल्य देखभाल अवकाश प्रकरणों को खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निस्तारित किया जाएगा।

## भागीदारी भवन में आज मनेगा दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

**लखनऊ।** प्रदेश के समाज कल्याण विभाग, हेल्पेज इंडिया तथा वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दादा-दादी, नाना-नानी दिवस समारोह मनाया जायेगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में संजीव कुमार गोंड राज्यमंत्री, समाज कल्याण एवं डॉ हरिओम, प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग अति विशिष्ट अतिथि होंगे। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित भारत में वरिष्ठ नागरिक आवासीय नीति पर नीति संवाद स्थापित करने के लिए ऑनलाइन चर्चा हेतु सायं 4 बजे से 5:30 बजे तक वेबिनार का आयोजन भी किया जा रहा है। इस वेबिनार का उद्देश्य उत्तर भारत में वरिष्ठ नागरिको हेतु विशिष्ट आवासों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिचर्चा करना है। जिसमें रियल स्टेट कंपनियां, वरिष्ठ नागरिक, समाज कल्याण विभाग और नगर विकास विभाग आदि प्रतिभाग करेंगे।

# बीबीएयू में हुआ हिन्दी पखवाड़ा का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को हिन्दी प्रकोष्ठ एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का बेहतरीन समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ व हज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पद्मश्री एवं बीबीएयू के पूर्व कुलपति प्रो. रणबीर चंद्र सोबती, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. राजश्री एवं विश्वविद्यालय हिन्दी अधिकारी शिवकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम



संस्कृत एवं वैदिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रिपुसूदन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वागत किया। इसके पश्चात हिन्दी अनुवाद अधिकारी संध्या दीक्षित ने सभी को अतिथियों के परिचय से अवगत कराया। मंच संचालन का कार्य डॉ. राजश्री ने किया। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बीते कुछ वर्षो में हिन्दी का पुनरूत्थान हुआ है, जिससे समाज को एक नई दशा एवं दिशा मिली है। साथ ही डिजिटल युग में हिन्दी भाषा के लिए सॉफ्टवेयर, एप्लीकेशन एवं वेबसाईट का निर्माण हो रहा है, जो कि प्रशंसनीय है। हम सभी का कर्तव्य है कि हिन्दी भाषा के विकास एवं पुनर्जागरण हेतु ईमानदारी से कार्य करें।

पद्मश्री एवं बीबीएयू के पूर्व कुलपति प्रो. रणबीर चंद्र सोबती ने हिन्दी की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि हिन्दी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक तथा भारतीय एकता, सरलता, सहजता, सामाजिकता एवं आध्यात्मिकता की प्रतीक है। साथ ही हिन्दी पखवाड़ा का उद्देश्य हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कार्यक्षेत्र में अधिक से अधिक हिन्दी को प्रयोग में लाना एवं युवा पीढ़ी को हिन्दी के प्रति आकर्षित करना है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विदेशों में हिन्दी की उपयोगिता, साहित्यिक ग्रंथों एवं हिन्दी वर्तनी का महत्व, हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने में मीडिया का योगदान, सतत विकास लक्ष्यों एवं मानव सेवा पर भी विस्तृत चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम हिन्दी बेहद ही रोचक एवं रोमांचकारी भाषा है, जो कि दुनिया भर के देशों में प्रसिद्ध है। विभिन्न साहित्यकारों एवं लेखकों ने प्राचीन काल से ही हिन्दी के विकास में कार्य किया है।

इसके अतिरिक्त बॉलीवुड में हिन्दी भाषा के प्रयोग ने हिन्दी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। समापन सत्र के दौरान हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रशिक्षण के समापन पर लोहिया व संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान के बीच एमओयू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय गहन विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से नामांकित 150 से अधिक सरकारी अधिकारियों, विधिक विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और पेशेवरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

सत्रों में विधायी प्रारूपण के मौलिक सिद्धांतों, आपराधिक विधायन, संवैधानिक प्रावधानों और प्रारूपण में भाषा के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों को शामिल किया गया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर था। यह एमओयू अकादमिक और संस्थागत सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो संयुक्त अनुसंधान, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहल को बढ़ावा देगा, विशेष रूप से विधायी प्रारूपण और शासन के क्षेत्र में। कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जहाँ प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रतिक्रिया दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, साथ ही इस आयोजन को दोनों संस्थानों द्वारा एक बड़ी सफलता के रूप में सराहा गया।

# जिलों में ही कालेजों की समस्याएं निस्तारित करेगा लविवि

**● विवि स्तर पर जिलों में एडीशनल सीडीसी के नियुक्ति की तैयारी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जिलों में स्थित डिग्री कालेजों की समस्याओं का निस्तारण उनके जिले में ही करने की तैयारी में विवि प्रशासन कदम उठाने जा रहा है। जिससे कालेजों को लखनऊ की दौड़ न लगानी पड़े। इसके लिए विवि की तरफ से जिलों में एक एडीशनल सीडीसी की नियुक्ति करने की दिशा में प्रयास चल रहा है।

विवि के सीमा विस्तार के बाद रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी को शासन स्तर पर लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। कालेजों में मानक के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियां संचालित हो सकें, इसके लिए विवि की तरफ कालेज डेवलपमेंट काउंसिल (सीडीसी) की नियुक्ति की गयी। लेकिन सीमा विस्तार के बाद विवि से सम्बद्ध कालेजों को एकेडमिक और परीक्षा सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण के लिए विवि आना पड़ता है। ऐसे में कालेजों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विवि स्तर पर हर जिले में एक एडीशनल सीडीसी नियुक्त करने पर विचार चल रहा है। जिससे कालेजों की समस्याएं उनके जिले में ही निस्तारित हो सकें। वर्तमान में विवि से कुल 561 कालेज सम्बद्ध हैं। जिनमें 545 कालेजों में ही अध्ययन-अध्यापन का कार्य चल रहा है।

# सीएम योगी ने किया आश्वस्त, हर समस्या का होगा निस्तारण

● जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**गोरखपुर** प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी लोगों से मुलाकात और उनकी समस्या के समाधान का सिलसिला जारी रखा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति की समस्या के समाधान में देरी नही होनी चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का समाधान करें।

सोमवार को सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का निस्तारण अवश्य कराया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सामंजस्य के आधार पर करने का प्रयास करने को कहा।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को खूब प्यार-दुलार किया। उन्हें चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया। सोमवार प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। सीएम योगी ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों को अपने पास बुलाकर उन्हें प्यार-दुलार दिया। बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ सीएम ने उनसे ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और हमेशा की तरह उन्होंने बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट किया।

# पश्चिमी यूपी में आज से शुरू होगी धान खरीद, 4000 क्रय केंद्र स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● लखनऊ संभाग के तीन जनपदों हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में भी आज से की जाएगी धान खरीद

**पहली** अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद शुरू हो जाएगी। लखनऊ संभाग के जनपदों में अलग-अलग तिथियों में खरीद होगी। हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में पहली अक्टूबर तथा लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ पहली नवंबर को खरीद होगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई की मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। योगी सरकार ने किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की तरफ से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। प्रदेश के जनपदों में 30 दिन में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी, जो 31 जनवरी तक चलेगी। यह खरीद पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में होगी। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद इसी अवधि में होगी।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, 40 करोड़ रूपये की 15 बीघा भूमि खाली

● अवैध कब्जेदारों ने प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर बना लिये थे दुकान व गोदाम, कार्यवाही के दौरान दो दर्जन से अधिक अवैध भवन व अतिक्रमण हटाये गये

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एलडीए** द्वारा सीतापुर रोड पर अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई की गयी। मड़ियांव में सीतापुर रोड पर प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके बनाये गये गोदाम व दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। विहित प्राधिकारी द्वारा नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया, लेकिन जवाब नहीं देने पर ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया। आदेश पर प्रवर्तन जोन.5 की टीम ने जानकीपुरम व खुर्रमनगर क्षेत्र में अभियान चलाकर तीन व्यावसायिक निर्माण सील किये। वहीं, अभियान में लगभग 15 बीघा जमीन खाली करायी गयी, जिसकी वर्तमान कीमत करीब 40 करोड़ रूपये है।

सोमवार को मड़ियांव में सीतापुर रोड पर एलडीए ने प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके बनाये गये गोदाम व दुकानों को जमींदोज कर दिया। प्रभारी अधिकारी.अर्जन शशिभूषण पाठक ने बताया कि प्राधिकरण ने सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अंतर्गत ग्राम.मोहिबुल्लापुर, सेमरा गौढ़ी व भिटौली खुर्द की भूमि अर्जित की थी। मड़ियांव थानाक्षेत्र में सीतापुर रोड से रेलवे लाइन के मध्य अर्जित भूमि पर बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके व्यावसायिक दुकानेंए शोरूमए गोदाम व कॉम्पलेक्स आदि बना लिये थे। उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार उक्त भूमि पर किसानों के लिए चबूतरे आवंटित किये जाने हैंए जिसके लिए अवैध कब्जेध्निर्माण को हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अंतर्गत सोमवार को स्थानीय पुलिस व पीएसी बल की उपस्थिति में 03 जेसीबी के माध्यम से स्थल पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक स्थायी, अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त करते हुए लगभग 15 बीघा जमीन खाली करायी गयी। नायब तहसीलदार ज्ञानेन्द्र शुक्ला ने बताया कि खाली करायी गयी जमीन की कीमत लगभग 40 करोड़ रूपये है।

## तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग को किया सील

**जोनल** अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि मो. सलीम पुत्र मुर्तजा हुसैन व अन्य द्वारा खुर्रमनगर में कमला नगर के सामने लगभग 1400 वर्गफिट क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर अवैध रूप से तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अलावा पुष्पा शुक्ला पत्नी सत्य प्रकाश शुक्ला व अन्य द्वारा जानकीपुरम में नहर रोड पर ग्राम.मड़ियांव में रामेश्वर पैलेस के सामने लगभग 2400 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी तरह सुषमा गुप्ता पत्नी मुरारी लाल गुप्ता व अन्य द्वारा जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर.6 में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर तीन मंजिला व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। जिनके विरूद्ध पुन: सीलिंग के आदेश दिये गये थे। इसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर द्वारा तीनों निर्माणों को सील कर दिया गया।

# फैजुल्लागंज में हुआ एंटी लार्वा का छिड़काव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फैजुल्लागंज** में विधायक की पहल पर नगर निगम द्वारा डेंगू पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कर्मियों द्वारा एंटी लार्वा छिड़काव, फागिंग किया गया। विधायक ने कहा कि डेंगू को हराने के लिए सजग रहने की आवश्यकता है। लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मच्छरों को पनपने न दिया जाय।


विधायक डा नीरज बोरा की पहल पर सोमवार को नगर निगम की ओर से फैजुल्लागंज और जानकीपुरम क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण का विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया। एंटी लार्वा छिड़काव दल, फागिंग दल और सफाईकर्मियों को साथ लेकर स्वयं विधायक डॉ बोरा ने केशव नगर पुलिस चौकी से फैजुल्लागंज के मुहल्लों में भ्रमण कर अभियान का शुभारंभ किया।

डॉ बोरा ने कहा कि डेंगू को हराने के लिए सजग रहने की आवश्यकता है। मच्छरों को पनपने न दिया जाय। जलजमाव और गंदगी वाले स्थानों को चिन्हित कर नियमित सफाई की जानी जरूरी है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इस बात जरुरी निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित, जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री, जेडएसओ जितेन्द्र गांधी, जिला मलेरिया अधिकारी ऋ तु श्रीवास्तव, फैजुल्लागंज के चारों वार्ड के पार्षद रश्मि सिंह, प्रदीप कुमार शुक्ल, रामूदास कन्नौजिया, पार्षद प्रतिनिधि अंकुश बाजपेयी, पुनीत शुक्ला, विश्वम्भर प्रधान, दिनेश पाल, पूर्व पार्षद अमित मौर्य, वार्ड अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं जानकीपुरम के तीनों वार्डों में डेंगू नियंत्रण अभियान की शुरुआत जानकीपुरम थाने से साठ फीटा होते हुए राधेश्यामपुरवा तक विधायक डा. नीरज बोरा के नेतृत्व में दवाओं के छिड़काव और फागिंग से हुई। इस दौरान पार्षद राजकुमारी मौर्या, दीपक लोधी, भाजपा उत्तर मण्डल पांच के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सीके वर्मा, सतीश वर्मा, राकेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय, रामू गुप्ता, संजय तिवारी, माया भट्ट, दिव्यांशी शुक्ला, विभा सिंह सहित स्थानीय जन उपस्थित रहे।

अयोध्या का बहुचर्चित गैंगरेप मामला

# सपा नेता मोईद अहमद के नौकर राजू का डीएनए रिपोर्ट पीड़िता के भ्रूण से मैच

विधि संवाददाता। लखनऊ



**अयोध्या** के बहुचर्चित गैंगरेप मामले में निरुद्ध सपा नेता मोईद अहमद के नौकर राजू की डीएनए रिपोर्ट पीड़िता की भ्रूण से मैच हो गई है। जबकि अभियुक्त मोईद अहमद का डीएनए मैच नहीं हुआ है। सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह डीएनए रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। हालांकि सोमवार को मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तारीख तय की है।

जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर दिया। पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक को एक हफ्ते में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के वकील ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। अभियुक्त की ओर से कहा गया कि वह 71 वर्ष का वृद्ध व्यक्ति है। उसे इस मामले में राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है।

वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है। पीड़िता नाबालिग है। जिसके साथ अभियुक्त व उसके नौकर पर गैंगरेप का आरोप है। इस घटना के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई थी। उसके गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था। डीएनए रिपोर्ट में यह साबित हो गया कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म हुआ है। यह भी कहा गया कि यदि गैंगरेप का मामला है, तो जांच में किसी एक अभियुक्त से ही डीएनए मैच होता है। चूंकि अभियुक्त राजू की उम्र 20 वर्ष है। इसलिए मेडिकल टर्मिनोलॉजी के मुताबिक उसके दुष्कर्म से पीड़िता के गर्भवती होने की संभावना ज्यादा है। डीएनए रिपोर्ट मैच होने से पता चल गया कि पीड़िता के साथ गैंगरेप हुआ है। इसमें अभियुक्त मोईद अहमद भी शामिल है।

# भाजपा सरकार के कुशासन से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली सुधरने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा सरकार के कुशासन से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई के अभाव में मच्छर जनित और संक्रामक बीमारियों का कहर जारी है। डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीजों से राजधानी लखनऊ समेत शहरी इलाकों के मरीज भरे पड़े है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में ही पिछले एक सप्ताह में चार सौ से ज्यादा डेंगू बुखर के मरीज मिल चुके हैं। मलेरिया बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लखनऊ में डेंगू से मरीजों की मौत भी हो चुकी है। मरीज और उनके तीमारदार सरकारी अस्पतालों में चक्कर लगाकर थक जाते है। उन्हें प्राईवेट अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है। जहां मरीजों से इलाज के लिए मनमानी वसूली होती है। यादव ने कहा कि लखनऊ में हर दिन दो-तीन दर्जन डेंगू के मरीज मिल रहे है लेकिन पूरा सरकारी तंत्र अकर्मण्यता का शिकार हैं मच्छरों की रोकथाम के लिए न कहीं फांगिंग होती दिख रही और न साफ-सफाई का कोई इंतजाम है। जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आयी है, हर साल इन महीनों में संक्रामक बीमारियां फैल जाती है।

सरकार के सारे दावे और कार्य कागजी और दिखावटी बनकर रह जाते है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और कुशासन चरम पर है।

# मुख्य सचिव ने किया सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों को सम्मानित


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा के 10 कार्मिकों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों को सुखद एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं दीं और सेवानैवृत्तिक लाभों (सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन, उपादान, राशिकारण, अवकाश नकदीकरण व जीपीएफ) से सम्बन्धित आदेशों का वितरण किया। सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त कार्मिकों में एक विशेष सचिव, तीन अनुभाग अधिकारी, एक निजी सचिव, एक सहायक समीक्षा अधिकारी, एक अग्नि शमन अधिकारी, एक वरिष्ठ सहायक एवं दो अनुसेवक शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त कार्मिकों के परिजन आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग को नही मिली ट्राई साइकिल, डीएम से लगाई गुहार

संवाददाता। मोहनलालगंज



**ट्राई** साइकिल के लिए चलने फिरने में लाचार दिव्यांग को ब्लॉक से लेकर जिला पंचायत तक भटकना पड़ रहा है। लेकिन दोस्तों की भागदौड़ के बाद भी उसकी सुनवाई नही हो सकी है। थकहार कर बेबस दिव्यांग ने डीएम से मदद की गुहार लगाई है। मोहनलालगंज के दहियर गांव निवासी मोहित कनौजिया चलने फिरने में लाचार है। कई वर्ष पूर्व उन्हें मिली ट्राई साइकिल काफी जर्जर हो चुकी है। जिसकी मरम्मत कराने में उनकी पेंशन से हजारों रुपए खर्च हो जाते हैं। लिहाजा नई ट्राई साइकिल के लिए दिव्यांग मोहित कनौजिया ने ब्लॉक पहुंचकर एडीओ समाज कल्याण से मदद मांगी। एडीओ ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय में बात कर मोहित को वहां जाकर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए भेज दिया। दिव्यांग मोहित के लिए वहां तक पहुंचना आसान नहीं था। लिहाजा उसके दोस्त सोमवार को मोहित से जरूरी कागजात लेकर उसे ट्राई साइकिल दिलाने के लिए डीएचडबल्यूओ से मिलने पहुंचे। लेकिन ऑफिस के स्टाफ ने उन्हें फार्म लेकर डॉक्टर से सत्यापित करने बलरामपुर अस्पताल भेज दिया। मेडिकल बोर्ड में भारी भीड़ की वजह से काफी इंतजार के बाद भी फार्म पर डॉक्टर के हस्ताक्षर नहीं हो सके। थकहार कर मोहित के दोस्त मायूस होकर वापस लौट आए। दिव्यांग मोहित ने सीएम हेल्पलाइन पर फोन कर ट्राई साइकिल दिलाने की मांग की है।

# दहशत में रतजगा कर रहे थे लोग एसीपी की मदद से आई चैन की नींद

संवाददाता। मोहनलालगंज



**ड्रोन** और चोरों की दहशत से परेशान लोगों को एसीपी के समझाने के बाद रविवार की रात चैन की नींद आ सकी। एसीपी के निर्देश पर पहुंची पुलिस टीम ने लोगों को पूरी सुरक्षा का भरोसा दिया। वहीं आधी रात तक पुलिस टीम इलाके में गश्त करती रही।

मोहनलालगंज के गंगा खेड़ा में गांव से बाहर बने घरों के लोग कई दिन से ड्रोन और चोरों की दहशत से बेहद परेशान थे। सुरक्षा के लिए इन घरों के कुछ युवा कई दिन से रतजगा कर रहे थे। सारी रात जागने से इन युवाओं के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ने लगा। मामले की जानकारी एसीपी रजनीश वर्मा को हुई तो उन्होंने फौरन इन परिवारों से बात कर उनका डर और दहशत दूर किया। एसीपी ने अपना नंबर देकर किसी भी तरह की परेशानी होने पर फौरन उन्हें सूचना देने के लिए कहा। एसीपी के निर्देश पर खुझौली चौकी से पुलिस टीम भी आधी रात तक गांव में डटी रही। टीम ने लोगों को किसी से भी नही डरने के लिए जागरूक किया और फोन करने पर चांद मिनट में ही मदद के लिए पहुंचने का आश्वासन दिया। एसीपी के समझाने के बाद रविवार की रात इन घरों के लोग सारी रात इत्मीनान से सो सके। पुलिस टीम ने लोगों को रात में गश्त बढ़ाए जाने का भी भरोसा दिया है।

# डिजिटल इंडिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय, सदर की तरफ से सोमवार को आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल इंडिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा विभिन्न प्रदेशों के लोक नृत्य तथा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय में इंटर स्कूल पोस्टर प्रतियोगिता मे लखनऊ के विभिन्न इंटर कालेजों ने भाग लिया, जिसमे प्रथम पुरुस्कार माही - हरी चंद्र इंटर कॉलेज, द्वितीय पुरुस्कार इंशा-संस्कृत पाठशाला इंटर कॉलेज, तृतीय पुरस्कार जयंती कुमारी-जनता इंटर कॉलेज एवं सांत्वना पुरस्कार दिव्यांशी वर्मा-लखनऊ मोंटेसरी इंटर कॉलेज तथा गुल्फिशा-संस्कृत पाठशाला इंटर कॉलेज को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मा गीडवानी विशिष्ट अतिथि लेखिका उमा त्रिगुणायत, प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्राचार्या डॉ. रश्मि श्रीवास्तव द्वारा मेडल पुरस्कार तथा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय की शिक्षिकाएं तथा विभिन्न प्रतिभागी इंटर कॉलेज की शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहे।

# यूके से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गवाही की मांग ठुकराई

● हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर पत्नी ने की थी मांग

विधि संवाददाता। लखनऊ

**वैवाहिक** विवाद के एक मामले में युनाइटेड किंगडम से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गवाही दर्ज करने का आदेश देने की मांग वाली याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता परिवार न्यायालय के समक्ष चल रही कार्यवाही में आज तक उपस्थित नहीं हुई है और ऐसा कोई विशेष कारण नहीं है कि उसे इस तरह की अनुमति दी जाए। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश पत्नी की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में परिवार न्यायालय, लखनऊ के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। परिवार न्यायालय ने याचिकाकर्ता की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गवाही दर्ज करने सम्बन्धी अर्जी को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह एक ब्रिटिश नागरिक है और अपने बच्चों के साथ यूके में रहती है। उसके पति ने भी यूके में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए परीक्षा दी थी लेकिन वह सफल नहीं हो सका। जबकि वह स्कॉटलैंड के एक अस्पताल में साइकेट्रिस्ट है। कहा गया कि बाद में पति ने लखनऊ के परिवार न्यायालय में तलाक का मुकदमा दाखिल कर दिया। चुकि वह यूके में रहती है इसलिए उसने अपनी मां को मुख्तार आम नियुक्त करते हुए मुकदमे की सभी कार्यवाही का अधिकार उन्हें दे दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि उक्त मुकदमा अब साक्ष्य के स्टेज पर है। लिहाजा उसकी गवाही जरिए वीसी दर्ज की जाए। हालांकि परिवार न्यायालय ने यह कहते हुए उसकी अर्जी को खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता ने यह नहीं स्पष्ट किया है कि वह यूके की किस अदालत से वीसी के जरिए बयान दर्ज कराएगी। न ही हमारे पास यूके के अदालतों की कोई सूची है और समय में छह घंटे का अंतर भी एक बाधा है। एकल पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात पारित अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता की मां का बयान दर्ज किया जा चुका है। और ऐसा कोई विशेष कारण भी नहीं उल्लिखित किया गया है जिसके आधार पर याचिका को मंजूर किया जाय।

## जस्टिस संगीता चन्द्रा की कोर्ट के बहिष्कार का प्रस्ताव

● प्रस्ताव का मिलाजुला असर, इलाहाबाद के बार ने भी उठाई स्थानांतरण की मांग

**लखनऊ (विसं)।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ द्वारा वरिष्ठ वकील सतीश चंद्र मिश्रा के विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्यवाही सन्दर्भित करने के पश्चात उठे विवाद मामले में सोमवार को सुबह ही अवध बार एसोसिएशन द्वारा एक अक्टूबर तक के लिए जस्टिस संगीता चंद्रा की कोर्ट के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया गया। हालांकि इस प्रस्ताव का मिलाजुला असर रहा। काफी वकीलों ने उपस्थित होकर बहस इत्यादि की कार्यवाही में भाग लिया। जबकि कुछ वकीलों ने पुकार के बावजूद कोर्ट में उपस्थित होने से परहेज किया। अवध बार ने एक अन्य प्रस्ताव पारित कर बहिष्कार के बावजूद काम करने वाले वकीलों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है। इस बीच इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन भी इस विवाद में उतर आया है। वहां की बार ने प्रस्ताव पारित करते हुए जस्टिस संगीता चन्द्रा के स्थानांतरण की मांग उठाई है। इसके पूर्व यह मांग अवध बार एसोसिएशन व यूपी बार काउंसिल द्वारा भी की जा चुकी है। बीते 27 सितंबर को जस्टिस संगीता चंद्रा एवम जस्टिस बीआर सिंह की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सतीश चंद्र मिश्रा के आचरण को आपत्तिजनक मानते हुए उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस चलाने के लिए प्रकरण को इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को संदर्भित किया है।

# निकायों में चल रहा 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगरों को स्वच्छ, सुन्दर और वैश्विक स्तर का बनाने के लिए सभी नगरीय निकायों में ''155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान'' 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए निकाय स्तर के सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) तथा ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर ऐसे स्थानों को स्वच्छ बनाकर सुन्दर स्थान में परिवर्तित करें। निकायों के ऐसे स्थान जहां कूड़ा पड़ता हैं, उसे साफ कर सुंदर बनाया जाये। ऐसे स्थल दोबारा कूड़ा स्थल में परिवर्तित न हों, इसके लिए उन स्थानों पर बच्चों के खेलने का पार्क, ओपन जिम, वेंडिंग जोन, बुजुर्गों के बैठने के स्थान आदि बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को स्वच्छता का प्रतीक बनाने के लिए निकायों व गंगा टाउन व नदी घाटों, धार्मिक स्थलों, नगर के मुख्य मार्गों, चौराहों व हेरिटेज स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुन्दर बनाया जाये। निकायों में स्थापित वेस्ट-टू-वंडर पार्कों में भी साफ-सफाई कर सुन्दर बनाने का निरंतर प्रयास किया जाये। नगर विकास मंत्री ने निकायों में चल रहे '155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान' के पांचवें दिन सोमवार को निकायों में स्थित ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, चौराहों और नदी घाटों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण कार्यों की सराहना की। मुख्य मार्ग और चौराहे नगर का आईना होते हैं। दूसरे जिलों और राज्यों से आने वाले लोग चौराहे और मुख्य मार्ग से ही शहर की स्थिति का आंकलन कर लेते हैं। ऐसे से हमें मुख्य मार्गों और चौराहों को विशेष रूप से स्वच्छ और सुन्दर बनाना है।

# हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति है

## राजभाषा पखवाड़ा का मुख्य समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित, 96 अधिकारियों और कर्मचारियों को जीएम एनसीआर उपेंद्र चंद्र जोशी ने किया पुरस्कृत



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख?यालय में महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने माँ सरस?वती की प्रतिमा पर माल?यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा के मुख्य समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन आज किया। जीएम एनसीआर उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने क?हा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि एक संस्कृति है। हिंदी उन राष?ट्रीय मूल?यों की प्रतीक है जो हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से प्राप?त हुए हैं। यह हमारे संविधान की मूल भावना को प्रदर्शित करते हैं। इन्हीं कारणों से 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का संवैधानिक दर्जा दिया गया। इस वर्ष 14 सितंबर को उस ऐतिहासिक दिन के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसलिए इस साल मनाई जा रही हिंदी दिवस की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में इस राजभाषा पखवाड़ा का अपना विशिष्ट महत्व है। देश की संपर्क भाषा और जन भाषा के रूप में हिंदी विविधता में एकता की संकल?पना को परिलक्षित करती है। श्री जोशी ने कहा कि उत?तर मध?य रेलवे का संपूर्ण कार्यक्षेत्र साहित?य और संस?कृति की समृद्ध विरासत का गढ़ रहा है। यह क्षेत्र सुविख?यात हिंदी साहित?यकारों की जन?मस?थली अथवा कर्मस?थली रही है और इस क्षेत्र में हिंदी समृद्ध और परिष्कृत हुई है। प्रयागराज को तो साहित?य एवं संस?कृति की राजधानी भी कहा जाता है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि ऐसी महान कर्मभूमि से जुड़ने का सुअवसर हमें प्राप?त हुआ है। सूर तुलसी मैथिलीशरण गुप?त महावीर प्रसाद द्विवेदी सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सुमित्रानंदन पंत महादेवी वर्मा और हरिवंश राय बच?चन जैसे कवियों और साहित?यकारों के महान योगदान एवं यश के साक्षी इस साहित्यिक अंचल में कार्य करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का नैतिक दायित?व है कि हम पूरी कर्त०?य भावना के साथ अपने सभी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। महाप्रबंधक उपेन?द्र चन?द्र जोशी ने कहा कि हमारी रेलवे के स्टेशन धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। जहां बहुत बड़ी संख्या में देश विदेश के यात्रियों का आवागमन होता है। प्रयागराज के आगामी कुंभ मेला में देश विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को पूरी तत?परता के साथ अपनी उत?कृष?ट सेवाएं प्रदान करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हमें यात्रियों को सहज और सरल हिंदी के माध?यम से यात्री सुवि?धाओं की सूचना एवं सेवा उपलब?ध कराकर अपनी सांस?कृतिक विविधता में एकता की भावना प्रदर्शित करनी है। साथ ही इस कुंभ मेला के दौरान प्रयागराज स्थित अपने स्टेशनों पर हम देश की प्रमुख भारतीय भाषाओं में यात्री सुवि?धाओं से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध कराएंगे। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारा देश विविध भाषाओं एवं बोलियों वाला विशाल देश है। हिंदी और सभी भारतीय भाषाओं का संवैधानिक एवं राष्ट्रीय दृष्टि से विशिष्ट महत्व है। सतेन्द्र कुमार ने उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा के प्रयोग.प्रसार के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि कंप?यूटरों पर हिंदी में कामकाज बढ़ाने के लिए निरंतर हिंदी कार्यशालाए हिंदी कुंजीयन कार्यशाला हिंदी के प्रख्यात साहित्यकारों की जयंती के अवसर पर संगोष्ठियाँ साहित्यिक कार्यक्रम महत्वपूर्ण अवसरों के उपलक्ष्य में मुख्यालय मंडलों और कारखानों में कवि सम्मेलन तथा काव्यपाठ एवं विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा राजभाषा के प्रयोग प्रसार के अवलोकन एवं समीक्षा के लिए राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। उन्होंने बताया कि हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रशासन मुदित चंद्रा और मुख्य यातायात योजना प्रबंधक राजेश कुमार को रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपने सरस काव्य पाठ से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभागों में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। राजभाषा प्रदर्शनी में सिगनल एवंदूरसंचार विभाग को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शनी की शील्ड प्रदान की गई तथा यांत्रिक विभाग को द्वितीय और सामान्य प्रशासन विभाग को तृतीय पुरस्कार की ट्राफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिताओं के विजेता और हिंदी में उत?कृष?ट कार्य करने वाले 96 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक उपेन्द्र चंद्र जोशी ने मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक जे एस लाकरा उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रोजेक्ट प्रियंका सिंह ने किया। क ार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम का संचालन चन?द्रभूषण पाण्डेय वरिष?ठ राजभाषा अधिकारी ने किया।

# मातृभाषा और राजभाषा के प्रयोग के प्रति घोर चिंतन करना आवश्यकः जीएम कोर

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में राजभाषा पखवाड़ा समापन और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में 19 सितंबर को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी यतेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया था। सोमवार को महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध?यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस?कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यह अवसर अपनी भाषा के गौरव के प्रति जागरूकता लाने के साथ साथ आत?म निरीक्षण का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभाषा और राजभाषा के प्रयोग के प्रति चिंतन विचार करने और गर्व की अनुभूति का भी मौका है। उन?होंने कहा कि आप सभी लोग इस पखवाड़े में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम में पूरे उत्साह से भाग लिया। वहीं 20 सितम्बर को हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें हरिकृष्ण तिवारी उप निदेशक राजभाषा को आमंत्रित किया गया। 23 सितम?बर को राजभाषा प्रश्नोत?तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 24 सितम?बर को साहित्यक संगोष्ठी कर्मचारियों के बच?चों के लिए हिंदी स?लोगन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत?साहपूर्वक भाग लिया। संगोष?ठी में इलाहाबाद विश?वविद्यालय के प्रो आशुतोष पार्थेश?वर को आमंत्रित किया गया। प्रो आशुतोष ने प्रेमचंद का भारत विषय पर बहुत ही अच?छी तरह से अपना ०?यख?यान दिया। 26 सितम?बर को कर्मचारियों के लिए अंत?याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों नें बढ़ चढ़ कर हिस?सा लिया। 27 सितम?बर को कर्मचारियों के लिए तात?कालिक भाषण एवं स?व रचित का०?यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें देशभक्ति? एवं साहित्य से ओत प्रोत कविताओं का पाठन किया गया। केन?द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर प्रयागराज को हिंदी में उत?कृष?ट कार्य करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान?वयन समिति कार्यालय वन इलाहाबाद द्वारा चल वैजयंती के विशेष पुरस?कार से सम?मानित किया गया। कोर कार्यालय की



ओर से कल?याण सिंह उप मुख?य राजभाषा अधिकारी ने 11 सितंबर को आयकर कार्यालय प्रयागराज में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान?वयन समिति की बैठक में यह पुरस?कार ग्रहण किया इस अवसर पर महाप्रबंधक ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन?न प्रतियोगिओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस?कार वितरित किया। इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एस एस नेगी ने अध?यक्ष महाप्रबंधक सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स?वागत करते हुए राजभाषा पखवाड़े के दौरान कोर मुख?यालय सहित सभी परियोजनाओं में आयोजित विभिन?न हिंदी प्रतियोगिताओं का संक्षिप?त विवरण प्रस?तुत किया। बैठक में मुख?यालय के विभागाध?यक्ष आर एन सिंह प्रमुख मुख?य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर नरेन?द्र सिंह प्रमुख मुख?य इंजीनियर उपेन?द्र कुमारए मुख?य बिजली इंजीनियर कार्य सहित कोर मुख?यालय के भारी संख?या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश खरे मुख?य कार्यालय अधीक्षक एवं धन?यवाद ज्ञापन उप मुख?य राजभाषा अधिकारी कल?याण सिंह ने किया। यह जानकारी कल्याण सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कोर प्रयागराज ने दी।

# चेयरमैन दिग्विजय सिंह फिर हुए हाकी टीम के चयनकर्ता



**सोनभद्र।** दुनिया के अति पुराने खेलों में से एक हाकी के खिलाड़ी रह चुके नगर पंचायत पिपरी के चेयरमैन दिग्विजय सिंह को प्रादेशिक विद्यालयी हाकी अन्डर-14 बालक व बालिका, प्रतियोगिता के लिए चयनकर्ता, निर्णायक एवं अभिलेख समिति का सदस्य चुना गया है। यह प्रतियोगिता 7 अक्टुबर से 11 अक्टूबर 2024 तक गोरखपुर मण्डल में होगी। दिग्विजय सिंह एसजीएफआई स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, द्वारा उत्तर प्रदेश हॉकी टीम के चयनकर्ता व कोच लगातार पिछले 15 वर्षो से रहे हैं, एक बार फिर वें 2024 में चयनकर्ता की भूमिका में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे, श्री सिंह द्वारा चयनित खिलाड़ी ओलम्पिक खेलों तक में प्रतिभाग कर चुके है। इस दौरान उन्हें उत्तर प्रदेश के हजारों खिलाड़ी बच्चो में से 18 बालक व 18 बालिका को चुनना होगा जो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश हॉकी टीम के चयनकर्ता के साथ ही नगर पंचायत पिपरी के अध्यक्ष के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहे श्री सिंह ने औद्योगिक नगरी पिपरी के विकास को लेकर नए मानक स्थापित किए हैं वही पिपरी के आम जनमानस की समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन के साथ ही कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक से मिलकर समस्याओं का समाधान करानें मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। एक बार फिर श्री सिंह हांकी टीम अन्डर-14 के चयनकर्ता की भूमिका का निर्वहन करते हुए भविष्य के निर्माण में अपना योगदान देंगे। वार्ता के दौरान चयनकर्ता चुनें जाने पर सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव व सम्मान का विषय है। सरकार द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पालन करते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करुंगा।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व व स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन विंध्याचल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणजनों हेतु किया गया। चिकित्सा शिविर में ग्रामिणवासियों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 256 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग की तरफसे वरिष्ठ विशेषज्ञ डा. हेमा उराव, डॉ. राखी आर बी, डॉ. भागवत सिंह लोधी एवं मानव संसाधन की ओर से निखिल जायसवाल एवं उनकी सीएसआर टीम के साथ साथ चिकित्सा विभाग एवं एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनीं

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा सोमवार को जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं व शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों को सचेत



किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय व थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# एनजीईएल व राजस्थान सरकार के बीच समझौता




सोनभद्र। एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एनजीईएल ने 30 सितंबर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट के अवसर पर राजस्थान सरकार के साथ, राजस्थान राज्य में 25 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए एक समझौता किया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में एनजीईएल के निदेशक परियोजनाएं के एस सुंदरम और एसीएस ऊर्जा श्री आलोक आईएएस नें समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार और एनजीईएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## साहित्यिक प्रेमियों को एक साथ लाने और पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने का मिशन

लखनऊ। भारत का सबसे बड़ा बुकफेयर अब लखनऊ में यह अद्वितीय पुस्तक मेला 27 सितंबर से 6 अक्टूबर 2024 तक अवध शिल्पग्राम अवध विहार योजना में आयोजित किया जा रहा हैए और यह पुस्तकोंए रचनात्मकता और पढ़ने के शौक का एक अविस्मरणीय उत्सव होने वाला है।इस साल के बुकफेयर मेंए एक रोमांचक ट्विस्ट के साथ बॉक्स के लिए भुगतान करेंए किताबों के लिए नहीं कॉन्सेप्ट पेश किया जा रहा है। इस अनोखे फॉर्मेट में पुस्तक प्रेमी दो बॉक्स साइज में से एक चुन सकते हैं दृ मिनी बॉक्स ;1500 रुपये या बिग्गी बॉक्स ;2500 रुपये और अपने बॉक्स में जितनी किताबें समा सकती हैंए उन्हें भर सकते हैं। विभिन्न प्रकार की किताबों से भरे इस मेले में हर तरह के पाठकों के लिए कुछ न कुछ है। यह नई किताबें खोजने और अपनी लाइब्रेरी को बढ़ाने का एक शानदार मौका है।

# दुष्कर्म के प्रयास में हुई युवक की हत्या

**मुग़लसरायध्चन्दौली** । यूरोपियन कॉलोनी स्थित खाली पड़े रेल आवास में युवक की सड़ी लाश मिली थी जिसे पुलिस ने शव की शिनाख्त टेंपो चालक नवाब उर्फ रिंकू के रूप में करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया है । हत्या की वजह बेहद चौंकाने वाली है पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी ने बताया की टेंपो चालक उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाना चाहता थाए इसलिए उसने हत्याकांड को अंजाम दिया। विदित हो कि 29 सितंबर को मोण् खाजू ने एक प्रार्थना पत्र दिया थाए उन्होंने बताया कि उनका बड़ा भाई नवाब उर्फ रिंकूए जो एक टेम्पो चालक था 20 सितंबर की रात घर से निकला था जो कई दिनों तक घर नहीं लौटा वह पहले भी कई दिनों तक घर से गायब रहता था इसलिए परिवार ने चिंता नहीं की । 23 सितंबर को यूरोपियन कालोनी रेलवे आवास संख्या 55 बी में उसकी सड़ी. गली लाश मिली थी । भाई ने मृतक की शिनाख्त नवाब उर्फ रिंकू के रूप में की पुलिस जांच में यह सामने आया कि नवाब उर्फ रिंकू की हत्या राज जायसवाल ने की थी पुलिस ने आरोपी को शनि मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया । आरोपी की उम्र 19 वर्ष हैए और वह मुगलसराय का निवासी है । आरोपी ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि वह और टेंपो चालक नवाब साथ में नशा करते थे घटना वाले दिन भी दोनों रेल कॉलोनी के खाली पड़े आवास में पहुंचे एक साथ गांजे का कश लगाया नशा करने के बाद नवाब अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा और जबरदस्ती राज का नाड़ा खोलने लगा । इसी बीच राजू ने पास में पड़ी ईंट से नवाब के सिर पर वार कर दिया और ताबड़तोड़ प्रहार कर उसकी हत्या कर दी । घटना के बाद से वह फरार हो गया । इस बबात सीओ पीडीडीडीय नगर आशुतोष कुमार ने बताया कि रेलवे कॉलोनी में मिले शव की पहचान नवाब के रूप में हुई जिसकी हत्या अप्राकृतिक दुष्कर्म के प्रयास में उसके दोस्त ने ही किया । पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूह की दीदियों का किया उत्साहवर्धन



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनए उत्तर प्रदेश व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड भीटी के समस्त समूह की दीदियोंए समूह सखियों व बैंक सखियों के जीविकोपार्जन में उत्तरोत्तर वृद्धि के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी सर्वप्रथम विभिन्न समूह की दीदियोंए बैंक सखियोंए समूह सखियों के साथ संवाद स्थापित कर मुख्यमंत्री के प्रेरणा स्रोत से संचालित स्वयं सहायता समूह योजना से जुड़कर किए गए स्वरोजगार से उनके जीविकोपार्जन में आए बदलाव से रूबरू हुए तथा उनकी स्वरोजगार में आ रही समस्याओं को सुनकर प्राथमिकता पर निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेशए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली विकासखंड भीटी की एक बैंक सखी आशा देवीए ग्राम महमूदपुर छपरा; बारहाद्ध को जिला प्रशासन की तरफसे ई.स्कूटी प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि इससे इनके आवागमन में और सुगमता होगी और समय की भी बचत होगी। इसी के साथ सिलाई कार्य से जुड़ी विभिन्न समूह की 05 दीदियों को हस्त चालित सिलाई मशीन प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# अमृत काल के तहत सहभागिता कायक्रम



**अंबेडकरनगर।** प्रदेश सरकार के समाज कल्याण स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण की उपस्थिति मे अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामर्षि पंडित रामकुमार पांडे ग्रामोदय आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय वीरसिंहपुर सरैयाएसया में प्रबुद्ध वर्ग जनए अभ्युदय छात्रों ए उद्यमियोंए तथा अन्य विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ जिसमे समाज कल्याण विभागए अभ्युदय योजनाए राजकीय इंजिनीरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा किये गए स्टार्ट अपए एक जिला एक उत्पाद तथा कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गयाए जिनका मंत्री एवं अन्य अतिथि गण द्वारा निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में हरिओम पांडे ए जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा आदि गणमान्य की उपस्थिति रही। मंत्री एवं अन्य अथितियों का स्वागत तदोपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि गण द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्कॉलर शिपए अभ्युदय योजना के छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरण एवं एक जिला एक उत्पाद के लाभार्थियों को डेमो चेक आदि अतिथि गण द्वारा वितरित किया गया तथा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय तेंडुआईकालाए जहांगीरगंज के छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लोगों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ


**सोनभद्र।** कैबिनेट मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौंड़, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की उपस्थिति में कैबिनेट मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद ने जनपद में मत्स्य पालन हेतु किये गये पट्टा आवंटन की बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि जनपद में मत्स्य पालन हेतु किये गये पट्टों की टीम गठित कर जॉच करा ली जाये, यदि किसी अपात्र व्यक्ति को पट्टे का चयन हो गया है तो पट्टा निरस्त करके पात्र व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु पट्टे का आवंटन किया जाये, मत्स्य पालन हेतु होने वाले पट्टों की पंचायत भवन पर सूचना अंकित की जाये, उन्होंने कहा




कि तालाबों में अवैध तरीके से किये गये कब्जो को हटाने की कार्यवाही की जाये, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत किसानों की आय में वृद्धि तथा स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसके अन्तर्गत वित्तीय सहायता के रूप में महिला एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को 60 प्रतिशत तथा अन्य वर्गों को 40 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य किया गया है, मत्स्य गतिविधियों में सक्रिय व्यक्तियों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना से आच्छादित किया गया है, मत्स्य गतिविधियों में सक्रिय किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसे 5 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता राशि अनुमन्य है, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत ग्रामसभा व अन्य पट्टे के तालाबों में निवेश एवं मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा दो परियोजना संचालित हैं, योजना में सभी वर्गों को 40 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है, निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालक मछुआरों हेतु संचालित है, मत्स्य गतिविधियों हेतु बैंक के माध्यम से 4 प्रतिशत ब्याज दर पर 1.60 लाख तक जमानत रहित क्रेडिट ऋृण की सुविधा उपलब्ध है, उन्होंने कहा कि मछुआ समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है और मछुआ समुदाय का विकास हो रहा है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रोहित यादव उप निदेशक मत्स्य आर0के0 श्रीवास्तव प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह एल0डी0एम0 अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए चिन्हित गांवों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**मीरजापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन व जिला मलेरिया अधिकारी के मार्गदर्शन में गोदरेज सी एस आर के सहयोग से फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा संचालित एम्बेड परियोजना के अंतर्गत मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु जनपद के चिन्हित ब्लॉक हलियाए राजगढ़ए छानवे व कोन मे चिन्हित गाँवों के स्कूलों मे बच्चों व ग्रामीणों को मलेरिया उन्मूलन हेतु फैमिली हेल्थ इण्डिया की टीम के सदस्यों द्वारा मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए जहां भली.भांति समझाते हुए जागरूक किया जा रहा हैंए वहीं मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट भी कराया जा रहा हैं। मलेरिया व डेंगू





से बचाव हेतु माड्यूल बुकलेट मे छपें चित्रों के माध्यम से समझाया भी जा रहा हैं। जांच में मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर जल्द से जल्द रोगी का निरूशुल्क पूर्ण उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल पर भेजा भी रहा हैं। फैमिली हेल्थ इण्डिया के जिला समन्वयक सत्यप्रकाश सिंह द्वारा भी क्षेत्रों में भ्रमण कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट कराया जा रहा हैंए श्री सिंह द्वारा अवगत कराया जा रहा हैं कि मलेरिया से बचाव के सावधानी बरतने की अति आवश्यकता हैंए बरसात व बाढ से भी बीमारियां बढती हैं लोग लापरवाही कतापी न बरतें। किसी को बुखार आये तो तुरंत नजदीकी अस्पताल पर जाएं और प्रथम दृष्टया मलेरिया जांच कराएं।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 1 अक्टूबर, 2024



## सुनीता विलियम्स

### दृढ़ इच्छाशक्ति

**सुनीता विलियम्स** अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण से न केवल भयानक संकट में जीवित रहीं, बल्कि उन्होंने अपने बचाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जान कर खुशी होती है कि सुनीता विलियम्स जल्द ही घर वापस आ जाएंगी। एलोन मस्क की 'स्पेसएक्स' ने केप कैनावरेल से फाल्कन 9 राकेट छोड़ा है जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आईएसएस में फंसे दो एस्ट्रोनाट को बचा कर वापस लाएगा। इस मिशन का उद्देश्य दो अमेरिकन एस्ट्रोनाट बुच विल्मोर एवं सुनीता विलियम्स को वापस लाना है जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में महीनों से बोइंग के स्टारलाइनर में आई समस्या के कारण फंसे थे। पहले उनकी योजना आठ दिन ठहरने की थी, पर स्टारलाइनर की तकनीकी समस्याओं के कारण एस्ट्रोनाट का मिशन बहुत लंबा खिंच गया। हर भारतीय उनके बचाव की प्रतीक्षा कर रहा था क्योंकि कल्पना चावला की छवि उसके दिमाग में थी जिनकी अंतरिक्ष मिशन में जान चली गई थी। वे स्पेसशटल कोलम्बिया दुर्घटना में मरने वाले सात चालक दल सदस्यों में शामिल थीं। स्पेसक्राफ्ट 1 फरवरी, 2003 को धरती के वातावरण में वापस प्रवेश के समय नष्ट हो गया था। अंतरिक्ष का विशाल अनजाना भाग अब भी अनेक आश्चर्य समेटे है, लेकिन यह अनोखी चुनौतियां भी पेश करता है। वर्तमान



गड़बड़ी एस्ट्रोनाट के कारण न होकर 'नासा' तथा बोइंग कंपनी के कारण पैदा हुई जिन्होंने अनेक चेतावनियों और कमियों के बावजूद मिशन की अनुमति दे दी।

सुनीता विलियम्स दो अंतरिक्ष यात्रायें करने तथा अंतरिक्ष में 300 घंटे से अधिक समय बिताने वाली महिला हैं। उन्होंने अपने नवीनतम मिशन की शुरुआत पूरे विश्वास और विशेषज्ञता के साथ की थी जो उनको सालों के प्रशिक्षण व प्रतिबद्धता से प्राप्त हुआ है। उनके इस मिशन के दौरान एक बड़ी गलती हुई जिसने स्पेसक्राफ्ट के महत्वपूर्ण हिस्सों को बेकार कर दिया और उनको आईएसएस पर फंसे रहना पड़ा। यह कोई मामूली गड़बड़ी न होकर अनेक विफलताओं का नतीजा थी। लेकिन इसके कारण सुनीता विलियम्स को कष्ट उठाना पड़ा। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण के कारण वे सर्वाधिक विपरीत परिस्थितियों में शांत बनी रह सकीं और यह उनके जीवित रहने का आधार बना। विलियम्स के लिए विपरीत परिस्थितियां नई नहीं हैं। भारतीय और स्लोवानियन आप्रवासी की बेटी ने पुरुष-प्रभुत्व वाले क्षेत्र में अपने कॅरियर की शुरुआत में अनेक बाधायें तोड़ीं। अपनी अदम्य इच्छाशक्ति व कार्यशैली से वे हमेशा आगे रहीं। उन्होंने अंतरिक्ष में भ्रमण किया। उन्होंने 2017 तक अंतरिक्ष में 195 दिन बिताए थे जो किसी महिला द्वारा एक अंतरिक्ष यात्रा में बिताया गया सर्वाधिक समय है। अपने कॅरियर में विलियम्स ने अंतरिक्ष में 322 दिन से अधिक समय बिताया जिससे वे महिला इतिहास की सर्वाधिक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बन गईं। सुनीता विलियम्स ने जान जोखिम वाली वर्तमान स्थितियों का पूरी दृढ़ता और साहस से मुकाबला किया। उन्होंने लगातार मानसिक क्रियाओं तथा ध्यान से अपना साहस उच्च स्तर पर बनाए रखते हुए फौरन समस्या समाधान का प्रयास किया। हमें उम्मीद और प्रार्थना करनी चाहिए कि उनके बचाव का मिशन सफल होगा और सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ सुरक्षित घर लौट कर परिवार से मिलेंगी। यह मिशन हमारे तथा नासा और उसके ठेकेदारों के लिए एक सबक है कि वे अंतरिक्ष मिशनों में किसी प्रकार की कमियां न छोड़ें तथा गलतियों की संभावना शून्य करें।

# प्रधानमंत्री की परिवर्तनकारी पहल

भारत में 'मेक इन इंडिया' पहल ने 10 साल में व्यापक परिवर्तनकारी प्रभाव छोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ने विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की प्रेरणा प्रदान कर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



पीयूष गोयल
(लेखक, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं)

**भारत में** 'मेक इन इंडिया' पहल ने 10 साल में व्यापक परिवर्तनकारी प्रभाव छोड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की प्रेरणा प्रदान कर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 25 सितंबर को देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गेम-चेंजिंग' पहल 'मेक इन इंडिया' के दस साल पूरे किए। इसने रोजगार सृजन तथा निवेश बढ़ाने के माध्यम से भारत का औद्योगिक परिवेश महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। इसने सामान्य नागरिकों में विश्वास पैदा किया है। इस पहल ने उनमें यह विश्वास भी पैदा किया है कि वे संपत्ति सृजन करने वाले बन सकते हैं। 'मेक इन इंडिया' की दस साल की यात्रा बहुत उल्लेखनीय रही है जिसने औद्योगिक क्षेत्रों में नया उत्साह पैदा किया है और वे देश की अर्थव्यवस्था के विकास इंजन बन गए हैं। इस पहल ने घरेलू मांग पूरी करने के साथ ही निर्यात में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस उत्साहवर्धक यात्रा की शुरुआत ऐसे कठिन समय में हुई थी जब घरेलू निवेशक निराश थे।

उनकी इस निराशा का कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में अक्षम कांग्रेस सरकार का खराब प्रशासन तथा 'नीतिगत विकलांगता' थी। उस समय अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही थी और लोगों का उसके प्रति विश्वास ध्वस्त हो गया था। उस समय मीडिया की सुर्खियां लगातार भ्रष्टाचार घोटालों से भरी रहती थीं, मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही थी, ब्याज दरें ऊंची थीं तथा भारतीय मुद्रा रुपये का भविष्य अनिश्चित लग रहा था। इस निराशाजनक व अंधकारमय भावना को समाप्त करने के लिए भारत के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में निर्णायक मत दिया था। हमारे प्रधानमंत्री ने भारत के विकास और प्रगति का एक निर्णायक दृष्टिकोण पेश किया था। वे सुनिश्चित करना चाहते थे कि भारत एक विश्व महाशक्ति बन कर उभरे। वे चाहते थे कि भारत में रोजगारों का सृजन हो और हमारे नौजवानों को अपना और देश का



भविष्य बनाने का अवसर मिले। उन्होंने पहचान लिया था कि भारत को सफल बनाने के लिए विनिर्माण का क्षेत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

ऐसे समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की। यह पहल शुरू करने के बाद बीते पिछले दस साल एक उल्लेखनीय यात्रा रही है। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए अन्य बहुआयामी व परिवर्तनकारी परिवर्तनों के बिना सफल न हुई होती। उनके द्वारा उठाए गए प्रमुख सुधारात्मक कदमों में वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी, 'बैंकरप्टसी कोड' तथा अनेक अन्य सुधार शामिल हैं। देश में 'बिजनेस सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए 42,000 से अधिक नियमों का पालन समाप्त किया गया। इसके साथ ही ऐसे 3,700 प्राविधान भी समाप्त किए गए जो मामूली अपराधों के लिए दंड का प्राविधान करते थे। इनको विभिन्न कानूनों और संहिताओं से हटाया गया ताकि छोटे बिजनेसों का नौकरशाही द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न समाप्त हो। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत की स्थिति विश्व बैंक की 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' में तेजी से सुधरी। इसके परिणामस्वरूप भारत को इस रिपोर्ट में 2019 में 63वां स्थान प्राप्त हुआ, जबकि 2014 में यह 142वें स्थान पर था।

भारत सरकार ने नौजवान उद्यमियों द्वारा की जाने वाली खोजों और आविष्कारों को बढ़ावा देने के लिए 'स्टार्टअप इंडिया' पहल शुरू की। इस पहल से अनेक रोजगार तलाशने वाले युवा स्वयं रोजगार देने वाले बन कर उभरे। इस प्रकार 'स्टार्टअप इंडिया' ने देश की आर्थिक प्रगति तथा उसका आर्थिक परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस पहल ने स्वीकृत 'स्टार्टअप' की संख्या में भारी वृद्धि की। इनकी संख्या इस साल जून में बढ़ कर 1,40,803 हो गई। इनसे भारत में काफी मात्रा में निवेश आया तथा 15 लाख से अधिक रोजगारों का सृजन हुआ।

ये स्टार्टअप देश में खोजी इकोसिस्टम को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये सफाई, अंतरिक्ष की खोज, खाद्य पदार्थों की बरबादी रोकने, स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र तक पहुंच बढ़ाने तथा महिलाओं के सशक्तीकरण जैसे क्षेत्र में सामने आने वाली गंभीर समस्याओं के उपयुक्त समाधानों पर काम कर रहे हैं। सरकार ने देश में 11 औद्योगिक कॉरीडोरों के विकास पर ध्यान दिया है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के अंतर्गत 20 औद्योगिक स्मार्ट शहरों का विकास किया जा रहा है जो भारत में विनिर्माण क्षेत्र की प्रगति में रीढ़ की हड्डी जैसी भूमिका निभाएंगे। इनमें से चार स्मार्ट शहर भारी मात्रा में निवेश आकर्षित कर रहे हैं। इनमें विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए ढांचागत संरचना में भारी निवेश किया जा रहा है तथा तेजी से विभिन्न कामों के लिए अनुमतियां मिल रही हैं। इन 'स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी' में 1.7 लाख करोड़ निवेश पहले ही आ चुका है जिससे 80,000 लोगों को प्रत्यक्ष तथा भारी संख्या में अन्य लोगों को परोक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सरकार की 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव'-पीएलआई योजनाओं ने अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया है जिनमें एलेक्ट्रानिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, आटोमोबाइल, टेक्सटाइल एवं चिकित्सा उपकरण क्षेत्र शामिल हैं। इन पीएलआई योजनाओं का उद्देश्य इन क्षेत्रों में तेजी से टिकाऊ विकास सुनिश्चित कर यह सुनिश्चित करना है कि ये वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिता में सक्षम हों। पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप 1.32 लाख करोड़ निवेश प्राप्त हुआ है जिससे लगभग 11 लाख करोड़ के विनिर्माण उत्पाद सामने आए हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से 8.5 लाख करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है, जबकि परोक्ष रोजगार प्राप्त करने वालों की संख्या इस पहल के कारण बहुत अधिक है।

ढांचागत क्षेत्र में प्रधानमंत्री की पहलों ने भारतीय विनिर्माण को बढ़ावा दिया है। वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ ही ढांचागत विकास देश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने का प्रमुख साधन बन गया है। आज भारत में एक्सप्रेसवे व हाईवे का विशाल और बढ़ता नेटवर्क मौजूद है। नए विश्व-स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं तथा नए 'फ्रेट कॉरीडोर' सामने आ रहे हैं। भारत को लगातार निवेश के बहुत आकर्षक लक्ष्य के रूप में देखा जा रहा है। देश वर्तमान समय में '4 डी लाभ' दे रहा है जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्णायक नेतृत्व, हमारे नौजवानों, कौशल व कुशल भारतीयों का जनसंख्या लाभांश, अर्थव्यवस्था में 140 करोड़ भारतीयों द्वारा पैदा की जाने वाली मांग, निवेशों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने वाला लोकतंत्र तथा कानून का शासन शामिल हैं जो किसी एक या दूसरे के खिलाफ भेदभाव की अनुमति नहीं देते हैं। यह '4-डी' भारत में विनिर्माण आकर्षित करने का प्रमुख मामला है। आज घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को यहां अपने बिजनेस बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। निवेशक समुदाय में इसके प्रति भारी उत्साह है। अनेक प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहे हैं जो भारत की प्रगति में निवेश कर उसमें साझीदार बनना चाहते हैं। दूसरे देशों की सरकारें और दुनिया भर के सीईओ भारत में अवसरों को तलाश रहे हैं। अनेक देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते भी किए हैं।

दुनिया अब भारत को एक विनिर्माण लक्ष्य के रूप में देख रही है। इसका एक प्रमुख कारण भारत का प्रतियोगी लाभ तथा अर्थव्यवस्था के जीवन्त मूलाधार हैं। आज मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, आर्थिक वृद्धि तेज है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार कठोर राजकोषीय अनुशासन का पालन कर रही है। वर्तमान वैश्विक स्थितियों में यह अत्यधिक प्रशंसनीय है जहां टकराव व अनिश्चितता व्याप्त है। प्रधानमंत्री मोदी की पहलों ने स्थिति में अकल्पनीय परिवर्तन किया है। जहां 2014 के पहले भारत को दुनिया के 'अस्थिर पांच' देशों में माना जाता था, वहीं अब यह दुनिया के 'सर्वोच्च पांच' में शामिल है। इस प्रकार पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी की 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने इसे एक परिवर्तकारी दशक बना दिया है। भारत कांग्रेस शासनकाल के 'बरबाद दशक' से निकल कर समग्र प्रगति की दिशा में लंबी छलांग लगा रहा है।

# आंतरिक शक्ति का उपयोग

"मानव मस्तिष्क जटिल पहेली है। इसमें असाधारण क्षमताएं तथा ऊर्जा का असीम भंडार है।"



रवि वल्लूरी
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)

**मदिरापान उसकी** भयानक आदत बन गई थी। धर्मेन्द्र ने अंतिम प्रयास के रूप में जयपुर से बैंगलुरू में इससे मुक्ति पाने के लिए 'आर्ट आफ लिविंग' आश्रम जाने की उड़ान पकड़ी। सौभाग्य से गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने उसे उसकी दिन शाम 4 बजे का समय दे दिया। सिगरेटों और शराब की गंध से भरा वह बैंगलुरू हवाईअड्डे पर लड़खड़ाता हुआ उतरा। उसे भौतिक, मानसिक, आध्यात्मिक व भावनात्मक सहारे की जरूरत थी।

केवल कोई 'माहिर' व्यक्ति या गुरु ही उसे यह सहारा दे सकता था। कुछ समय पहले मेरे मित्र भी मदिरापान की भयानक लत से मुक्ति पाने का प्रयास कर रहे थे। मैंने उनसे एक रिहैबिलिटेशन सेंटर जाने, शराब छोड़ने की इच्छा रखने वाले शराबियों की आनलाइन बैठकों में शामिल होने तथा आर्ट आफ लिविंग के हैपीनेस प्रोग्राम में शामिल होने को कहा। गुरुदेव ने उनको 11 बजे सवेरे का समय दिया और एक झलक देखने के बाद उनको आश्रम के आयुर्वेद अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी जहां उनके शरीर, मन और आत्मा का पूर्ण डिटाक्स किया जाता। 15 दिन के बाद उनको हैपीनेस प्रोग्राम में शामिल होने को कहा गया। गुरु ने धमेन्द्र के जीवन में परिवर्तन कर उनके मन में अवसर का लाभ उठाने की भावना पैदा कर दी। लेकिन अस्थिर मन ने एक बहाना खोजा और धर्मेन्द्र ने आयुर्वेद अस्पताल छोड़ दिया और फिर पुरानी आदत का शिकार हो गए।

वे खतरे को नहीं समझ सके, मन में व्याप्त भावनायें नहीं जान सके और लालच का शिकार हो गए। मस्तिष्क हमारे शरीर का एक अंग तथा तंत्रिका तंत्र का केन्द्र है, वहीं मन चेतना और विचारों का केन्द्र है। यह किसी व्यक्ति की बुद्धि, स्मृति और ध्यान का केन्द्र है जिसकी



संभावनायें अतीत के जीवन या संभावित आवश्यकताओं से निर्धारित होती हैं। ऐसे व्यक्ति पैटर्न तोड़ने में अक्षम होते हैं और अपने 'कंफर्ट जोन' में रहते हैं। उनके 'प्राण' का स्तर बहुत कम होता है और उनके दिमाग का पैंडुलम अतीत में अटका रहता है। मुख्य सवाल यह है कि हम इस असाधारण ऊर्जा का उपयोग कैसे करें। यदि हम जीवन के चमकदार पक्षों को देखें तो ऐसी मानसिक कल्पना आश्चर्यजनक काम करती है। कुछ समय बाद दिमाग स्वयं को पुरस्कृत, अनुग्रहीत व प्रसन्न अनुभव करता है। माहिर गुरुओं ने इसे 'आकर्षण का नियम' कहा है। यदि इसे अनुग्रह के नियम से न जोड़ा जाए तो आकर्षण का नियम एक भ्रम बना रहता है।

ये दोनों नियम एकसाथ काम करते हैं तथा जीवन्त दिमागों में भावी प्रगति की संभावनायें पैदा करते हैं। कुछ लोगों में दिमाग का पैंडुलम अतीत में चिपक जाता है। वे अतीत का बोझ ढोते रहते हैं और बिना किसी गुरु की पेशेवर सहायता के रास्ता ठीक करने का प्रयास करते हैं। इससे वे काल्पनिक दुनिया में फर्जी वीरता प्रदर्शित करते हैं। वे अपने निकटस्थ लोगों का भी व्यवहार बदलने का प्रयास करते हैं ताकि वे अपने मन की बात उनको समझा सकें। इस प्रकार की सोच वाले लोग जीवन में शार्टकट तलाशते हैं और बिना किसी सफलता के सबको खुश रखने का प्रयास करते हैं। वे व्यापक तस्वीर नहीं देखते। उनका दिमाग चालाक और स्वार्थी होता है और वे किसी पर विश्वास नहीं करते हैं। उनमें विश्वास की कमी भय को जन्म देती है।

मानव मस्तिष्क बहुत जटिल है, इसमें असाधारण संभावनायें और ऊर्जा का भंडार है। सवाल है कि इसकी असाधारण ऊर्जा का प्रयोग कैसे किया जाए। यदि हम जीवन के चमकदार पक्षों को देखें तो ऐसी मानसिक कल्पना आश्चर्यजनक रूप से काम करती है। कुछ समय में मस्तिष्क स्वयं को पुरस्कृत और अनुग्रहीत अनुभव करता है। सकारात्मक विचार एक सकारात्मकता और उत्साहजनक प्रभाव पैदा करते हैं। इससे जीवन की जटिल पहेली हल हो जाती है। इसे माहिर लोग आकर्षण का नियम कहते हैं। यदि यह अनुग्रह के नियम से न जुड़े तो आकर्षण का नियम भ्रम बना रहता है। ये दोनों एकसाथ काम करते हैं। इन नियमों पर ध्यान देकर कोई भी व्यक्ति अपने दिमाग को अतीत के बंधनों से मुक्त कर सकारात्मक दिशा में ला सकता है।

## आप की बात

### आतंकियों पर हमले

**इसराइल** के आतंकियों पर हमले लगातार तेजी से जारी हैं। ऐसे ही एक हमले में जिबुल्ला प्रमुख हसन नसरुल्ला का मारा जाना उसके आतंकी संगठन के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। एक के बाद एक हिजबुल्ला के सभी बड़े कमांडरों का सफाया कर दिया गया है। लेबेनान में हमले के बाद इसराइल ने हूतियों पर भी जबरदस्त हमला किया है। इससे अब पश्चिमी एशिया में युद्ध समाप्त होने के लगभग सभी रास्ते बंद हो गए हैं। ईरान ने सभी मुस्लिम देशों को मिलकर इजरायल के खिलाफ करने का आह्वान किया है। मगर खुद खामेनेई को ही सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है जो ईरान के सबसे बड़े नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नसरुल्ला के मारे जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि वह हजारों अमेरिकनों की मौतों का जिम्मेदार था। इसराइल के इस आतंकवाद-विरोधी अभियान में दुनिया के सभी देशों और राजनेताओं को सहयोग देना चाहिए। लेकिन विडंबना है कि अपने निहित स्वार्थों के चलते कुछ लोग उल्टे इसराइल को आतंकवादी और नसरुल्ला को शहीद बताने में लगे हैं। दु:ख की बात है कि आतंकवाद से पीड़ित भारत में भी ऐसी गलत सोच वाले लोगों की काफी संख्या है। इन पर लगाम लगनी चाहिए।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### उदयनिधि का दृष्टिकोण

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन वहां के उप-मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने पिछले साल सनातन धर्म पर धर्मावलम्बियों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली टिप्पणी करते हुए सनातन एक बीमारी है कहा था। इसकी सर्वत्र निंदा भी हुई थी। ऐसे में उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बनाने पर सवाल उठ रहे हैं। इसके लिए विपक्षी पार्टियों ने सरकार से स्पष्टीकरण माँगा है। सरकार तथा मुख्यमंत्री स्टालिन को इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए। हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है। यहाँ सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धर्म के अनुसार चलने का संवैधानिक अधिकार मिला हुआ है। हालांकि उदयनिधि इसके बाद भी सनातन-विरोधी टिप्पणियां करते रहे और जनता का भारी दबाव पड़ने पर द्रमुक और स्टालिन को इनको उदयनिधि की व्यक्तिगत राय कहना पड़ा। अब उदयनिधि के उप-मुख्यमंत्री बनाने के बाद यह पूछना उचित है कि उनका सनातन धर्म के प्रति क्या दृष्टिकोण है, उसमें कोई बदलाव आया है या नहीं? यह सवाल कांग्रेस के नेताओं व खासकर राहुल गांधी से भी पूछा जाना चाहिए कि क्या वह तमिलनाडु में अपने गठबंधन सहयोगी की सनातन-विरोधी टिप्पणियों से सहमत हैं या नहीं?

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मिलावट की मार

**तिरुपति** मंदिर में प्रसाद में पशु-चर्बी व मछली के तेल के खुलासे के बाद हड़कंप मचा हुआ है। इसी तरह इंदौर में 5500 किलो नकली घी पकड़ा गया है। कुछ दिनों बाद दशहरा, दीपावली के त्यौहार आने वाले हैं। हमारे देश में इन पर्वों पर दूध, घी, मावे तथा मिठाइयों की अधिक खपत होती है। लेकिन हर वर्ष नकली दूध, घी, मावा, आदि बड़ी मात्रा में पकड़ा जाता है। इसके बावजूद नकली व मिलावटी वस्तुओं पर वह अंकुश नहीं लग पा रहा है जो जन-स्वास्थ्य की दृष्टि से अपेक्षित है । आज चाहे खाने-पीने की वस्तुएं हों या जीवनरक्षक दवाइयां, गोलियां, आदि बड़े पैमाने पर नकली व मिलावटी हैं। दवा नियामक सीडीएससीओ ने मासिक ड्रग अलर्ट में जानकारी दी है कि बुखार में खाई जाने वाली पेरासिटामोल टैबलेट समेत 53 दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गई है। अपनी जेब भरने के लिए देश की जनता की सेहत के साथ यह खिलवाड़ वास्तव में किसी देशद्रोह से कम नहीं है। सरकार को युद्ध स्तर पर मिलावटी व नकली वस्तुओं के विरुद्ध अभियान चलाना चाहिए। लोकतंत्र अगर जनता लाचार व बीमार है तो देश कभी भी हृष्ट-पुष्ट नहीं हो सकता। सरकार को अब इस दिशा में कठोरतम कदम उठाना चाहिए। यही वक्त का तकाजा है।

**-हेमा हरि उपाध्याय,** खाचरोद

### पाकिस्तान को उत्तर

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह पहले ही कह चुके हैं कि पीओके हमारा है। हमारे दो मुख्यमंत्री सहित कई केंद्रीय मंत्री भी इसी बात को कई बार दोहरा चुके हैं। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने भी इस बात को कठोरता से दोहरा दिया है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर को खाली करे । संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79में सत्र में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर को खाली करें क्योंकि वह पीओके में आतंकी शिविर चलाता है जिसका विरोध स्वयं पीओके निवासी भी करते रहते हैं। इसी तरह से संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रथम सचिव नवयुवती भाविका मंगल नंदन ने भी भारत की पक्ष रखते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफके दांत खट्टे कर दिए हैं जिन्होंने फिर कश्मीर राग अलापा था। जब भाविका जवाब दे रही थीं तब शाहबाज शरीफ बगलें झांकते नजर आ रहे थे। भारत मजबूती से पीओके की जनता के साथ खड़ा है जो पाकिस्तान सरकार के उत्पीड़न, अनदेखी व भेदभाव से बहुत त्रस्त है।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# कांच फैक्ट्री में काम कर रहे 4 युवकों की मौत

**संवाददाता।** ऊंचाहार,रायबरेली

**घर परिवार** से दूर परिवार के भरण पोषण के उद्देश्य से काम करने गए युवकों की मौत ने पूरे जिले को घनघोर करके रख दिया है। महाराष्ट्र के पुणे शहर में रायबरेली जनपद के चार युवकों के दर्दनाक मौत हो गई है और एक युवक के गंभीर घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। बताया जा रहा है कि पूरे स्थित इंडिया गिलास कांच फैक्ट्री में दिहाडी मजदूरी पर कर युवा तैनात थे जो फैक्ट्री में काम कर रहे थे काम करने के दौरान अचानक कांच की पेटी का बेल्ट टूट गया और कांच की पेटी गिरने से चार युवकों की दुखद मौत हो गई। मृत युवकों की शिनाख्त रायबरेली जनपद के निवासी के रूप में हुई है। मृत युवकों में ऊंचाहार के बिछियनवादी मजरे कंदरावा निवासी अमित कुमार, छतौना मरियानी के विकास कुमार, सलोन





के पक्सरांवा के पूरेचमारन निवासी पवन व धर्मेंद्र महाराष्ट्र के पुणे स्थित इंडिया ग्लास कांच फैक्ट्री में दिहाडी मजदूर थे। अमित के पिता राम शंकर ने बताया कि फैक्ट्री से फोन में बताया गया है कि रविवार की दोपहर बाद कंपनी में कांच की शीट से भरी ट्रक आई थी। अंकित कुमार व विकास कुमार व पक्सरांवा के दो अन्य साथियों के साथ ट्रक से कांच उतार रहे थे। इसी बीच एक कांच की पेटी का बेल्ट टूट गया, जिसकी चपेट में आने से चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। साथियों व कंपनी प्रबंधन ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। कंदरावा प्रधान अरविंद सिंह व छतौना मरियानी के प्रधान अंकित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन से बात हुई है। सोमवार देर शाम तक गांव शव पहुंचने की उम्मीद है। परंतु खबर लिखे जाने तक शव नहीं आए थे।

# पेयजल समस्या को लेकर डीएम से मिले सभासद

**लालगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत लालगंज के जल संकट को कम करने के लिये सभासदों का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से मिलकर सोलर आरओ प्लान्ट की जगह टीटीएसपी लगवाने की मांग की। कस्बे की वर्तमान जल संकट को दूर करने के लिये आज जिला योजना समिति के सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी के साथ सभासद अतुल शर्मा, खुर्शीद अहमद व मोण् नसीम जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से मिले। सभासदों ने डीएम को वर्तमान जल संकट से अवगत कराते हुये वार्ड में स्थापित करवाये जाने वाले सोलर आरओ प्लान्ट की जगह टीटीएसपी स्थापित करवाये जाने का अनुरोध किया। जिलायोजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि दिनांक 19 सितम्बर को नगर पंचायत लालगंज के लिये शासन ने पेयजलापूर्ति से सम्बन्धित कार्यों के लिये 98ण्52 लाख रूपये की स्वीकृति देते हुये द्वितीय किश्त जारी की है। नगर पंचायत प्रशासन उक्त धनराशि से शेष वार्डों में सोलर आरओ प्लान्ट स्थापित करवाना चाहता है। जिसकी एक की लागत लगभग 13 लाख रूपये है। सभासदों का कहना है कि वर्तमान जलसंकट को देखते हुये वार्डों में सोलर आरओ प्लान्ट की जगह उसी धनराशि से सबमिर्सिबल बोरिंग करवाकर टंकी रखवा दी जाये और कुछ घरों को कनेक्शन दे दिया जाये तथा अतिरिक्त पानी को बालू साफ करने वाला फिल्टर लगाकर पाइप लाईन से जोड़ दिया जाये तो वार्ड की पेयजल समस्या से निदान मिल सकता है। यह बात सभासदों के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाअधिकारी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से कही। जिलाधिकारी महोदया ने समस्या की गम्भीरता को समझते हुये टीटीएसपी स्थापित करवाये जाने का सुझाव उचित समझा और सम्बन्धित अधिकारी को दिशा निर्देश दिये।

# गोआश्रय स्थलों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर जनपद में संचालित गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, शेड, बीमार पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने नवीन गौशालाओं के निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा किया तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको हैंड ओवर लेकर गोवंशों को संरक्षित कराएं। जनपद में वृहद गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन करने को कहा तथा जिन गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित हो गई है वहां पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करें। सभी ब्लाकों व नगर निकायों में छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए शासन के आदेश के क्रम में कैटल कैचर खरीदने के निर्देश भी दिए। डीएम ने सभी अधिकारियों से जनपद में संचालित सभी गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में पशु आहारए भूसा व हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए साथ ही वहां पर गोवंशों हेतु पीने का स्वच्छ पानी एवं छांव की उचित व्यवस्था रहे जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड बनने की व्यवस्था है वहां पर अतिरिक्त शेड बनाया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करें कि वह अपने गोवंशों को ना छोड़ेए यदि कोई गोवंश छोड़ने पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंशों के शतप्रतिशत ईयरटैगिंग करने के निर्देश दिए। चारागाह की भूमि पर हरे चारे की बुआई करने को कहा। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपनी.अपनी तहसील के अंतर्गत गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही साप्ताहिक बैठक भी करने को कहा। पशु चिकित्सकों को नियमित गौशालाओं में जाकर बीमार गोवंशों की देखभाल व चिकित्सीय उपचार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में रजिस्टरों का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि जो भी अधिकारी गौशालाओं का निरीक्षण करने जाएं वह उसमें निरीक्षण टिप्पणी अवश्य अंकित करें एवं जो भी कमियां हैं उसका सुधार कराएं। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीएम ने आईडीटीआर में सीसी टीवी कैमरे, सड़क सुरक्षा संबंधित होर्डिग, साईनेज चिन्ह आदि लगाये जाने के दिये निर्देश



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च (आईडीटीआर) हरचन्दपुर, रायबरेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईडीटीआर में बने ऑटोमेटिव ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैको को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्राइविंग लाइसेंस आवेदको को स्लाट बुक कराकर एप्लीकेशन की स्कूटनी बायोमैट्रिक कर, ड्राइविंग टेस्ट करा कर नियमानुसार ही लाइसेंस जारी किए जाए। उन्होंने परिसर के अन्दर बाहर की साफ-सफाई, सिमुलेटर कक्ष का निरीक्षण किया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) को आईडीटीआर में बनी पुलिस चौकी को रिर्पोटिंग चौकी बनाये जाने एवं चिकित्सक सम्बद्ध कराने का निर्देश दिया। परिसर के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरा , परिसर के विभिन्न स्थलों पर साईनेज चिन्ह लगाये जाने के साथ साथ सड़क सुरक्षा संबंधित होर्डिंग लगाने एवं संस्थान के विभिन्न मदों में आय-व्यय का सम्पूर्ण विवरण रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एआरटीओ (प्रशाशन) अरविन्द कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह (प्रवर्तन) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# दहेज के लिए उत्पीड़न हत्या के अभियोग में पति सास ससुर गिरफ्तार

**रामपुरा ( जालौन )।** नव विवाहिता द्वारा आत्महत्या के मामले में मृतका के पिता से प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का मुकदमा पंजीकृत कर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर जागीर में गत शनिवार को नव विवाहित काजल उम्र 19 वर्ष पत्नी मोहित ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के समय मृतका का पति मोहित गुजरात में मजदूरी पर होना बताया जाता है।

उक्त घटना के बाद मृतका काजल के मायके पक्ष के लोगों ने मिर्जापुर जागीर जाकर हंगामा किया एवं दहेज के लिए मारपीट उत्पीड़न व हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना रामपुरा में काजल के पति मोहित पुत्र अनंतराम, अनंतराम पुत्र काशीराम (स्वसुर) एवं रजनी देवी पत्नी अनंतराम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

मृतका के पिता मगनलाल पुत्र मुरलीधर निवासी भदेख थाना कुठौंद से प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर रामपुरा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 85, 80एवं 3ध्4 डीपी के तहत अभियुक्त पंजीकृत कर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह, उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी ने दविस देकर मुकदमे में बांछित तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

# शराब के नशे में चाचा ने भतीजे को मारी संग हुई मौत

**उरई ( जालौन )।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर मे रविवार रात देवी जी के मंदिर के समीप पास शराब पार्टी चल रही थी। पार्टी में अरुण कुमार (26) पुत्र शिव प्रसाद और उसका चाचा बाबू रैदास में अचानक विवाद होने लगा। गुस्साए चाचा ने मंदिर से सांग (सरिया) उठाकर भतीजे पर हमला कर दिया। जिससे अरुण बुरी तरह घायल होकर चिल्लाने लगा। चीख पुकार की आवाज सुन कर दौड़े पड़ोसियों को आता देख आरोपी भाग गया। आनन फानन में परिजनो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। और घायल को लेकर सीएचसी कदौरा लाए,जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। शव देख कर मृतक की पत्नी सपना बेसुध हो गई। मृतक के तीन बच्चें पुत्र कार्थी 4 वर्ष,पुत्रियां शिवांशी 2 वर्ष और दिव्यांशी 1 वर्ष है। मृतक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र घर पर था, आरोपी जबरन घर से लिवा ले गया था और सरिया मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्विक न्यूज

### अंडर पास में पानी भरने से आवागमन

**ऊंचाहार।** एनएचएआई द्वारा बनाये गये अंडर पास में पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है, ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है। मामला क्षेत्र के जसौली गाँव के पास का है, जहां किये जा रहे बाईपास निर्माण के दौरान एनएचएआई द्वारा अंडरपास बनाया गया है। बीते दिनों हुई बरसात के चलते अंडरपास में पानी भर गया है। जिससे स्कूली बच्चों व ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। सोमवार को ग्राम प्रधान शमशाद अहमद, विमलेश कुमार, अनवर खान, दिनेश कुमार, अनीस आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है। एसडीएम सिदार्थ चौधरी ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, एनएचएआई के अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराया जायेगा।



### चोरों ने उड़ाए लाखों की कीमत के जेवरात व नगदी

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने पाने में पुलिस पूरी तरह से विफल प्रतीत हो रही है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जनेवा कटरा में अज्ञात चोरों ने लाखों की कीमत के जेवरात एवं नगदी उड़ा दी। बीती रात चोरों ने सुनील कुमार बाजपेई पुत्र शिवकुमार बाजपेई के घर को अपना निशाना बनाया जहां पर चोरों ने लाखों के जेवर सहित नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। वही सुबह जैसे ही घर वालों को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। सोने की अंगूठी सोने की चेन चांदी के पायल सोने का हार सहित अन्य सोने के आभूषण व नगदी लेकर चोर फरार हो गए । एक ओर पुलिस तरह.तरह के गैंग का पर्दाफाश का दावा कर माल बरामद दिखा रही है वहीं दूसरी ओर न केवल चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं वहीं रात्रि में चोरों की दस्तक के ग्रामीण गांवों में रतजगा कर पहरा भी दे रहे हैं। खीरों थाना के विभिन्न गांवों के अलावा लालगंज के मेरूई आदि गांवों में ग्रामीणों की नींद हराम हो गयी है और पुलिस किंकर्तव्यविमूढ़ बनी हुई है।

### दो वर्षीय बालक पास स्थित माईनर मे गिरने से मौत

**कालपी ( जालौन )।** घर के बाहर खेल रहा दो वर्षीय बालक पास स्थित माईनर मे गिर गया। परिजन जब तक मौके पर पहुँचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। विदित हो कि गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा भूपका निवासी रामनरेश सिंह सपरिवार जोल्हूपुर हाईवे स्थित राजा ढावा के पास किराए पर रहते हैं और चौराहे पर छोला भटूरा का ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करता है। सोमवार सुबह वह तथा पत्नी घर के कामकाज में व्यस्त थे इसी दौरान उनका दो वर्षीय पुत्र गोपाल घर से बाहर निकलकर पास स्थित माईनर की पटरी पर खेलने लगा था इसी दौरान वह रपट कर माईनर मे भरे पानी में गिर कर डूब गया था। हालाकि परिजन उसे गायब देखकर उसे इधर उधर ढूढँते रहे पर वह कही दिखाई नहीं दिया था और लगभग 1 घण्टे बाद उसका शव माईनर मे भरे पानी में तैरता मिला था लेकिन पुत्र की यह हालत देखकर वह वदहवाश हो गए थे और आनन फानन उसे लेकर वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी लाए थे लेकिन डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

### डम्फर की टक्कर से बालक की मौत

**कालपी ( जालौन )।** सोमवार दोपहर जोल्हूपुर हाईवे पर अनियन्त्रित डम्फर ने बाइक मे टक्कर मार दी जिससे पिता के साथ बैठे बालक की मौत हो गई। महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सरैनी निवासी देवीदयाल अपने 13 वर्षीय पुत्र राजाबाबू के साथ अपनी बाईक पर सवार होकर कालपी के लिए आ रहे थे लेकिन वह यँहा पहुँचते कि इससे पहले हाईवे स्थित भारत गैस गोदाम के सामने उनकी बाईक मे डम्फर मे टक्कर मार दी थी जिससे वह बाईक समेत गिर गया था इसी दौरान पुत्र को गम्भीर चोटे आ गई थी आनन फानन वहां मौजूद लोग उसे लेकर सी एच सी गए थे लेकिन डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

# रालोद का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 को सफल बनाने की तय हुई रणनीति

**लालगंज.रायबरेली।** गायत्री महाविद्यालय में रालोद की आयोजित बैठक में 5 अक्टूबर को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की चर्चा की गयी। प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से मजबूती से जिम्मेदारियां का निर्वहन करने की अपील की। प्रदेश महासचिव सिंह ने कहा रालोद सुप्रीमो केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी सिंह ने रालोद को फर्श से अर्श तक पहुंचने में आम योगदान दिया आज राष्ट्रीय लोक दल हर सदन में उपस्थित है। संयोजक प्रदेश कार्य समिति की विशेष आमंत्रित सदस्य रामचंद्र मिश्रा ने कहा सम्मेलन को सफल करने के लिए कृत संकल्प हैं। जिला अध्यक्ष समरजीत सिंह ने सम्मेलन को सफल करने की अपील की। जिलासचिव उपेंद्र सिंह विस अध्यक्ष अली कदीर नगर अध्यक्ष शिव महेश बाजपेई लालगंज नगर कमेटी से गुरु प्रसाद चैरसिया इंद्र कुमार त्रिवेदी विपिन बाजपेई मोहम्मद अफ्सर ओपी यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल के अंदर हुई जॉच, भोजन की गुणवत्ता व स्वास्थ्य टीम की उपस्थिति को देखा गया

- जिला जज ने डीएम-एसपी के साथ कारागार का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से जिला कारागार संत कबीर नगर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। अधिकारीगण द्वारा निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि का सघन निरीक्षण किया गया। जिला जज, डीएम व एसपी द्वारा कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण ने उपस्थित सभी कारागार कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक राजेश कुमार राय, जेलर आर0के0 सिंह, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राजकुमार, हरिकेश, चिकित्सक डॉ0 वरुणेश दुबे, वरिष्ठ सहायक के0के0 पांडेय, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह आदि उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते जिला जज एवं अधिकारीगण।

# गांधी जयंती समारोह मनाए जाने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

- जिले में गॉधी जयंती के अवसर पर आयोजित किये जाए विभिन्न कार्यक्रम



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती समारोह को सम्मानपूर्वक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेए कार्यालयोंए विद्यालयों में महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये। गांधी जी के जीवन.संघर्ष उनकी देश.सेवाए उनके जीवन.मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी श्अन्त्योदय की उनकी अवधारणाए भावनात्मक एकताए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों को प्रसारित किया जाये। स्कूलों और कॉलेजों में गांधीवादी जीवन.दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों की वाद.विवाद प्रतियोगिता एवं गोष्ठी आयोजित की जाये। महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गये मार्ग का अनूकरण करनेए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देनेए दहेज प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक.सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने और सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से जन.सामान्यए विशेषकर महिलाओं को जागरूक करने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती से पूर्व सभी सार्वजनिक स्थलोंए कार्यालयों आदि में अभियान चलाकर साफसफाई करायी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेलए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ताए सीएमओ डॉ अंशुमान सिंहए डीडीओ वीरभानु सिंहए समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# टीम भावना भावना से शत-प्रतिशत पूर्ण करायें कार्यः जिलाधिकारी नेहा शर्मा

- चिकित्सा विभाग की समन्वय समिति की डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश

**गोंडा।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में चिकित्सा विभाग से संबंधित अंतर्विभागीय समन्वय समिति/संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में की गई बैठक। पंचायतीराज विभाग, कृषि विभाग, नगर निकाय/नगर पालिका, पशुपालन विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ विभागवार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में कराई जा रहे कार्यों की की गई गहन समीक्षा।

डीएम नेहा शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग आपस में एक टीम भावना का संबंध बनाते हुए कार्य करायें। संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि कि ग्रामीण/नगरीय क्षेत्रों में कराई जा रहे कार्यों की प्रतिदिन रिपोर्ट करें। बैठक में डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह स्पष्ट किया है कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय। यदि किसी विभाग के द्वारा कार्यों में लापरवाही पाई गई तो संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्यवाही की जायेगी। सीडीओ अंकिता जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आप सभी लोग आपस में एक समन्वय बनाते हुए बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शत-प्रतिशत कार्य कराते हुए उच्चाधिकारियों को अनिवार्य रूप से अवगत करायें। एसीएमओ डॉक्टर आदित्य वर्मा, एसीएमओ डॉक्टर सीके वर्मा, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार, एडीपीआरओ, ईओ नगर पालिका गोंडा संजय कुमार मिश्र, सीडीपीओ अभिषेक कुमार द्विवेदी, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला समन्वयक डॉक्टर शेषनाथ यूनिसेफ सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# रेफर किए जाने वाले मरीजों/केसों में रेफर का कारण भी स्पष्ट किया जाएः डीएम

- स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही क्षम्य नही, हुई समीक्षा

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति (शासी निकाय) के कार्यक्रमों/संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। सीडीओ जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। डीएम द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई, जिसमें जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के भुगतान की स्थिति, गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव का आंकड़ा, ओपीडी/आईपीडी में माहवार मरीजों की संख्या के सापेक्ष दवाओं का वितरण आदि की आंकड़ेवार समीक्षा की गई। चिकित्सालयों में बायोमेडिकल उपकरणों, एक्स-रे मशीन की क्रियाशीलता आदि के संबंध में भी डीएम ने एक-एक कर जनपद के सभी चिकित्सालयों के चिकित्साधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में चिकित्सालय में उपलब्ध उपकरण खराब नहीं होने चाहिए, खराब होने की दशा में इसकी सूचना से संबंधित चिकित्साधिकारी/ऑपरेटर तत्काल अवगत करायें। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान आभा आईडी का जनरेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि अक्टूबर माह तक 80 प्रतिशत 'आभा' आईडी का जनरेशन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग, रेवीज़ टीकाकरण, स्नेक बाइट वैक्सीन की उपलब्धता, चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता सहित मरीजों के हित में स्वास्थ्य संबंधित उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डब्ल्यू0एच0ओ0 एवं यूनिसेफ के प्रतिनिधि द्वारा जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में कार्यों का लक्ष्य एवं गुणवत्ता के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान समस्त चिकित्सालयाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद स्तर के औषधि स्टोर से दवाइयों का चिकित्सालयों पर वितरित करने की प्रक्रिया तथा ओपीडी के सापेक्ष मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं का वितरण की आंकड़ेवार जानकारी से संबंधित स्पष्ट रिपोर्ट मीटिंग में रखी जाए। समीक्षा के दौरान 'आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड' बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में 303556 आयुष्मान कार्ड बनाए जाने बाकी हैं जिनसे संबंधित सभी आंकड़े प्राप्त हो चुके हैं, इस पर जिलाधिकारी ने आवश्यकतानुसार जिला पूर्ति अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ संपर्क में रहकर राशन वितरण की दुकानों/कोटेदारों के केंद्र पर राशन वितरण होने के दिन गोल्डन कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और इस संबंध में ऑथेंटिक डाटा पहले से ही संबंधित को उपलब्ध करा दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी अपने चिकित्सालयों में मरीजों के उचित देखभाल से संबंधित बेसिक सुविधाओं जैसे-बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय, व्हीलचेयर सहित अन्य चिकित्सीय उपकरणों आदि के सुचारू संचालन सुनिश्चित रखें। उन्होंने कहा कि चिकित्साधिकारीगण अपने कार्यों एवं जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें, कार्यों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में डीपीएम विनीत कुमार श्रीवास्तव ने एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अगवत कराया।



समीक्षा करते जिलाधिकारी।

# सीसीटीवी कैमरे में कैद दबंग की दहशत

**● रंगदारी न मिलने पर दबंगों ने क्लीनिक में घुसकर डॉक्टर पर किया फायर ●दी अस्पताल बंद न करने पर जान से मारने की धमकी**



**बांदा।** यूपी के बांदा में दबंग के हौसले के इतने बुलंद हैं कि अब धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा मामले में कस्बे के दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्राइवेट क्लीनिक पर ही धावा बोल दिया। रंगदारी की मांग की और क्लीनिक स्टाफ और डॉक्टर के साथ जमकर गाली गलौज की और डॉक्टर के ऊपर देसी तमंचे से फायर भी कर दिया। इस हमले से डॉक्टर तो बाल बाल बच गया लेकिन हमलावर अस्पताल बंद न करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। इस हमले का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वारदात से दहशत में डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने पुलिस से जान बचाने की फरियाद की है। पीड़ित डॉक्टर की तहरीर पर पुलिस ने दो दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन दबंग अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

दबंगई और फायरिंग करने का यह मामला बांदा के बिसंडा थाना क्षेत्र में बिसंडा कस्बे में अतर्रा रोड से सामने आया है जहां फतेहपुर जनपद के अशोक नगर के निवासी डॉक्टर कृष्ण मोहन तिवारी एक क्लीनिक संचालित करते हैं। डॉक्टर कृष्ण मोहन तिवारी के क्लीनिक में तकरीबन आधा दर्जन महिला पुरुष स्टाफ हैं। रात करीब 12 बजे बिसंडा का ही एक दबंग रणविजय सिंह उर्फ मोनू गौर और उसका साथी आशुतोष पटेल आधा दर्जन साथियों के साथ अचानक अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टर कृष्ण मोहन तिवारी से रंगदारी की मांग करने लगे। पैसा देने से इंकार करने पर दबंग रणविजय ने डाक्टर और उनके स्टाफ के साथ गाली गलौज की और उसके बाद दबंग रणविजय सिंह ने डॉक्टर के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया और अस्पताल इस कस्बे से बंद करने का अल्टीमेटम देते हुए पीड़ित के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया।

# सीपीएस की प्रतिभाओं ने मंडलस्तर पर विद्यालय का बढ़ाया गौरव

**फतेहपुर।** संस्कृत प्रतिभा खोज के अंतर्गत आयोजित होने वाली मंडल स्तर की प्रतियोगिता के लिए श्री सर्वार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय बहादुरगंज प्रयागराज में 29 सितंबर को आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के सभी जिलों के जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की संस्कृत गीत, संस्कृत वाचन, संस्कृत सामान्य ज्ञान और संस्कृत श्लोक अन्त्याक्षरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिलास्तर पर प्रथम आए प्रतिभागियों की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में जिले स्तर पर चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में प्रथम आए कक्षा 8 के अक्श दीक्षित, संस्कृत गीत प्रतियोगिता में कक्षा 8 की प्रथम स्थान प्राप्त अग्रिमा सोनी और द्वितीय स्थान प्राप्त कक्षा 8 की ही खुशी तिवारी ने मंडल स्तर पर प्रतिभाग किया। वहां पर संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में कक्षा 8 के अक्श दीक्षित और संस्कृत गीत प्रतियोगिता में कक्षा 8 की अग्रिमा सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का गौरव बढ़ाया। वहां उन्हें और अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर इंजी. प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या डॉ. पद्मालया दास चौधरी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के लिए केवल शिक्षण कार्यों और गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि समय समय पर विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं क्रियाकलापों के लिए भी प्रोत्साहित और दिशा निर्देशन करता रहता है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

# आज से शुरू होगी ज्वार-बाजरा की सरकारी खरीद

**● न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ज्वार-बाजारा खरीदेगी सरकार ●जिले भर में खोले गए कुल 06 सरकारी खरीद केन्द्र**

संवाददाता। फतेहपुर

**सरकार** ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ज्वार-बाजरा खरीद का निर्णय लिया है। इसके लिए जिले में तीन बाजरा एवं तीन केन्द्र ज्वार के लिए विभाग द्वारा बनाए गए हैं। यह खरीद केंद्र एक अक्टूबर यानि आज से खुल जाएंगे, जहां पर किसान अपना ज्वार-बाजरा बेच सकेंगे। जिले में इसके लिए कुल 06 खरीद केंद्र खोले गए हैं। खरीफ की फसल में बाजरा एवं ज्वार एक प्रमुख उत्पाद है और बड़ी संख्या में किसान इसकी खेती करते हैं। आमतौर पर अक्टूबर में इसकी कटाई शुरू हो जाती है। अभी फसल खेतों में पक रही है। सरकार ने खरीद करने का निर्णय लिया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाए, इसके लिए खरीद केंद्र खोले गए हैं।

खास बात यह है कि यह खरीद केंद्र 01 अक्टूबर से काम करना शुरू कर देंगे। इसके लिए स्थान का चयन कर लिया गया है तथा कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है। हालांकि पिछले दिनों हुई बरसात के चलते इस साल बाजरा की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे पैदावार कम होने की आशंका भी बनी हुई है लेकिन सरकार की ओर से खरीद की पूरी तैयारी कर ली गई। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले में अन्य स्थानों पर भी खरीद केंद्र खोले गए हैं, जहां सरकार की ओर से निर्धारित किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा की खरीद की जाएगी। खाद्य विपणन विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खरीद की सभी तैयारियां पूरी है और निश्चित तारीख पर खरीद केंद्र खुल जाएंगे।

2625 रुपये है बाजरा का खरीद मूल्यः सरकार की ओर से बाजरा की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया है। इसके हिसाब से 2625 रुपए प्रति कुंतल की दर से बाजरा की खरीद की जाएगी। वहीं ज्वार में दो समर्थन मूल्य रखा गया है। पहला हाईब्रिड किस्म के ज्वार का समर्थन मूल्य 3371 रुपये प्रति कुंतल एवं मालदंडी का 3421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

**एक नवंबर से होगी धान की खरीदः** धान की भी सरकारी खरीद की जाती है। इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा भी सरकार करती है। सरकार की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में सरकारी खरीद केन्द्रों पर धान की खरीद एक नवंबर से शुरू होने की सम्भावना है। इसके लिए खरीद केंद्र खोले जाएंगे उनके स्थान का चयन भी कर लिया गया है।

# तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर साले-जीजा की मौके पर मौत

**बकेवर ( फतेहपुर )।** बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई मुख्यालय मार्ग के जगदीशपुर गांव के मोड़ के पुलिया के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने (दोपहिया वाहन) में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे साले-जीजा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों देवमई में आधार कार्ड बनवाने जा रहे थे। यह घटना क्षेत्र के लोगों को हिला देने वाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आलमपुर गांव निवासी दशरथ सिंह (40 वर्ष) पुत्र शिवमोहन, और प्रमोद कुमार (50 वर्ष) पुत्र महेश सिंह, ग्राम नवादा, जिला फर्रुखाबाद निवासी, बकेवर होते हुए देवमई की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे जगदीशपुर मोड़ के पास पहुंचे, कानपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उनकी विक्की को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

प्रमोद कुमार अपने ससुराल आलमपुर में ही रहते थे और अपने साले दशरथ सिंह के साथ आधार कार्ड बनवाने के लिए निकले थे। प्रमोद कुमार के चार पुत्र और एक बेटी हैं। उनके बड़े पुत्र का नाम सुजीत सिंह (32 वर्ष), दूसरा नितिन (30 वर्ष), तीसरा शुभम (27 वर्ष), और सबसे छोटा प्रदुमन (25 वर्ष) है। उनकी बेटी रंजन (23 वर्ष) की शादी हो चुकी है। वहीं, दशरथ सिंह अविवाहित थे। बिना सुरक्षा मानकों के चल रहीं बसें, कई हादसे पहले भी हो चुके हैं: प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय बस बहुत तेज रफ्तार में थी। बकेवर थाना क्षेत्र में ऐसी दुर्घटनाएं आम होती जा रही हैं, क्योंकि कानपुर महानगर की ओर जाने वाली प्राइवेट बसें नियमित रूप से चलती हैं। इन बसों में अक्सर यात्री बिना टिकट यात्रा करने के लिए मजबूर होते हैं, और इनकी हालत भी खस्ताहाल होती है।

# एसडीएम की टीम पर ग्रामीणों ने हमलाकर दो लेखपालों को दौड़ा दौड़ा पीटा

**● अभिलेख छीने सरकारी पत्रावलियों को फाड़ कर फेंका**

**फर्रुखाबाद।** जनपद की तहसील कायमगंज के थाना व ब्लाक नबाबगंज के ग्राम उखरा में ग्राम पंचायत की जमीन पर बने मकानों को बुलडोजर चला कर ध्वस्त दिया गया था । एसडीएम कायमगंज की टीम पर ग्रामीणों ने हमलाकर दो लेखपालों को दौड़ा. दौड़ा पीटा और ग्रामीणों ने लेखपालों के अभिलेख छीने सरकारी पत्रावलियों को फाड़कर गायब कर दिया। बताते है कि दो दिन पूर्व थाना नबाबगंज के गांव उखरा में ग्राम पंचायत की जमीन पर बने मकानों को बुलडोजर चला कर प्रशासन ने कार्यवाही करतदे हुए ध्वस्त दिया गया था।

जानकारी होने पर भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व पूर्व मंत्री नेंन्द्र सिंह यादव के साथ एसडीएम कायमगंज रविन्द्र कुमार सीओ मोहम्मदाबाद अरूण कुमार ग्रामीणों से बात चीत कर रहे थे। उसी समय दर्जनों ग्रामीणों ने राजस्व टीम पर हमलावर कर दिया और ग्रामीणों ने लेखपाल रुद्र, सौरभ पाण्डे की जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने दोनो लेखपालों को दौड़ा. दौड़ा पीटा । घटना की सूचना पर थाना नबाबगंज पुलिस मोके पर पहुंची। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया दोनो लेखपालों के साथ ग्रामीणों ने जमकर मारपीट की है। सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए है, पत्रावलियों को ग्रामीण छीन कर ले गए हैं। सरकारी पत्रावली गायब हो गई हैं।

लेखपाल साथी की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नबाबगंज पहुच गए। लेखपालो ने दोषी ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की मांग की है। मौके पर सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, एसडीएम कायमगंज मौजूद थे। लेखपाल के संघ के अध्यक्ष अजीत दुवे ने बताया कि सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमारए एसडीएम कायमगंज के सामने ग्रामीणों ने दोनो लेखपालों की जमकर पिटाई की है। दोषी ग्रामीणों पर कार्यवाही हो उनकी शीघ्र गिफ्तारी होनी चाहिए। लेकिन वही थाना व ब्लाक नबाबगंज के ग्राम उखरा में ग्राम पंचायत की जमीन पर बने मकानों को बुलडोजर चला कर तहसील प्रशासन द्वारी ध्वस्त दिया गया था। जिसको लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त रोष व्याप्त है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने वैज्ञानिक कौशल का किया प्रदर्शन

**संडीला ( हरदोई )।** बेसिक स्कूलों के छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक अभिरुचि का विकास करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सफ़ल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र संडीला में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन खण्ड शिक्षाधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इसमें 57 संविलियन तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 171 बच्चों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार संविलियन विद्यालय रसूलपुर की विनीता देवी तथा छनुइया की सबा अलवी कोए उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरना टिमरुख से पप्पी तथा मुन्नूखेड़ा से राधा को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा टीएम श्री विद्यालय गोस्वा डोंगा से किरणए उच्च प्राथमिक विद्यालय से सचिन तथा भरिगहना से अंशिका जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय जामू की नेहाए गोस्वा डोंगा से अंजली तथा जामू से शानू को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एआरपी अमर बहादुरए नित्यानंद द्विवेदीए सचीन्द्र शुक्लाए उपेन्द्र वर्माए शिवपालए संकुल शिक्षक विक्रांत कुमारए विमलेश कुमारए मनोज कुमारए एहसन तकवीम एवं विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### तैराक की गंगा में कूदने से डूबने पर मौत

**फर्रुखाबाद।** गंगा में तैरनें के लिए कूदे तैराक की डूबने से मौत हो गयीद्य परिजनों में कोहराम मच गयाद्य पुलिस ने शव निकाल कर पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कादरी गेट के ग्राम धीमरपुरा नीवासी 16 वर्षीय रौनक उर्फनन्हू पुत्र बंटी बाथम तैराक थाद्य वह गंगा में ठेकेदारों के साथ मछली पकड़ने का भी कार्य करता थाद्य दोपहर वह अपने गाँव के निकट ही गंगा में कूदा लेकिन फिर ऊपर उसकी लाश ही आयीद्य रौनक के डूबने की खबर सुनते ही परिजन मौके पर भाग खड़े हुएद्य मृतक की माँ किरन देवी की हालत खराब हो गयीद्य मृतक की माँ किरन देवी घरों में बर्तन धोनें का कार्य करती हैं। मृतक दो भाई व चार बहनें थाद्य उपनिरीक्षक सुबोध यादव नें शव को विधिक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बजरिया चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर व कई के तबादले

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बजरिया चौकी इंचार्ज उदय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर चिलसरा चौकी प्रभारी लछिमन सिंह की तैनाती की गई। पुलिस लाइन के उप निरीक्षक अवधेश कुमार को चिलसरा चौकी का प्रभारी बनाया गया। भोजपुरी चौकी इंचार्ज किरन पाल नागर को कोतवाली फतेहगढ़ भेजा गया। उनके स्थान पर थाना राजेपुर के उपनिरीक्षक सुनील सिसोदिया की नियुक्ति की गई। एसपी ने पुलिस लाइन से अनेकों सिपाहियों की थानों में तैनाती की है। माना जाता है की थाने के सामने ही सट्टा करवाने की अनुशासन हीनता के मामले में उदय सिंह को हटाया गया।

### वृद्ध को कार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**संडीला (हरदोई)।** घर से शौच हेतु जा रहे एक वृद्ध व्यक्ति को तेज़ रफ़्तार कार ने कुचल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। ग्राम सुल्तानपुरवा निवासी रामदयाल उर्फ़मुन्नू सुबह लगभग 5.30 बजे खेतों में शौच के लिए जा रहे थे। जब वे प्रतापनगर रोड पार करने लगे तभी एक तेज़ रफ़्तार कार ने उनको टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों उन्हें उठाकर सीएचसी से लगए जहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। कार चालक कार लेकर फ़रार हो गया।

### अधिकारी दो दिन जनपद का करेंगे भ्रमण

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने बताया कि जीएस प्रियदर्शी, आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग/नोडल अधिकारी.जनपद कानपुर देहात का 01.10.2024 एवं 02.10.2024 को जनपदीय भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। 1 अक्टूबर को अपराह्न 01.40 से ग्राम पंचायत.रमऊ, विकास खण्ड.राजपुर का निरीक्षण (खुली बैठक, ग्राम में संचालित भौतिक कार्यों एवं लाभार्थियों का सत्यापन, 01 वर्ष की अवधि में आयोजित तहसील एवं थाना समाधान दिवसों एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की रैण्डम आधार पर पुष्टि करेंगे तथा अपराह्न 04.00 से कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर फ्लैगशिप स्कीम्स, निर्माण कार्यों एवं विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। दिनांक 2 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से निरीक्षण ;बड़ी लागत की 02 परियोजनाओं के निर्माण कार्य, पीएमजी एसवाई द्वारा निर्मित करायी जा रहीं 02 सड़कें, एनआरएलएम मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यक्रम का जायजा लेंगे।

### दो अक्टूबर को मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतः रहेगी बंद

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी नीरेश पालिया ने बताया कि अनुज्ञापन की शर्तों के अन्तर्गत दिनांक 02 अक्टूबर 2024 ;गांधी जयन्तीद्ध पर मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबन्धित रहने का प्राविधान है। इस अवसर पर जनपद कानपुर देहात की समस्त देशी शराबए विदेशी मदिराए बीयर व भांग की फुटकर एवं थोक बिक्री किये जाने वाले समस्त अनुज्ञापन पूर्णतः बन्द रहेंगें। इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। यदि किसी अनुज्ञापी की दुकान खुली एवं बिक्री होते हुये पायी जाती है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगीए जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उस अनुज्ञापी का होगा।

### सीएमओ ने जाना डेंगू व एनआरसी वार्ड का हाल

**लखीमपुर.खीरी।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला पुरुष चिकित्सालय मोतीपुर ओयल पहुँचे सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सीएमएस डॉ आरके कोली के साथ डेंगू वार्ड व एनआरसी का निरीक्षण किया। डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही दवाओं के बारें में पूछा, एनआरसी में पहुँच कर भर्ती बच्चों की माताओं से मिल रहे इलाज के बारें में पूछा। बच्चों के लिए लगाए गए झूले और खिलौनों के कक्ष में पहुँचे, वहां खेल रहे बच्चों के साथ मस्ती की। परिजनों से पूछा कि बच्चों को दिया जाने वाला भोजन व दूध गुणवत्ता पूर्ण मिलता है या नहीं जिस पर सभी ने सहमति जताई। कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बच्चों की देखभाल में किसी भी तरह की अनदेखी न की जाए।

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना शुरू

**फतेहपुर।** मांगों को लेकर उ.प्र. आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका संघ का दो दिवसीय धरना नहर कालोनी प्रांगण में शुरू हो गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपने हक की आवाज बुलंद की। रैली निकालकर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष बसंती सोनकर ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका संगठन केंद्र व प्रदेश सरकार से बराबर मिलता रहा है और अपनी मांगों को देता रहा है लेकिन केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने आज तक निर्णायक सकारात्मक कदम नहीं उठाया। आक्रोशित कार्यकत्रियों ने दो दिवसीय धरना देने का मन बनाया था। आज से धरना शुरू किया गया है। बताया कि एक अक्टूर को रैली निकालकर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। शहनाज, सावित्री देवी साहू, सुनीता देवी, साधना देवी, नीलम वर्मा, मीना त्रिवेदी, संगीता सिंह, सुमन सेन, आशा सिंह, रेखा देवी, गीता, रेशमा सिंह, रेनू देवी, अमिता सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, किरन सैनी, आरती भी मौजूद रहीं।

# बाल मेला में नन्हे-मुन्हों ने लगाएं स्टाल, जमकर हुई खरीदारी

**पुखरायां, कानपुर देहात।** अग्रवाल सभा के तत्वाधान में सोमवार बाल मेला आयोजित किया। इसमें बच्चों ने बढ़-.चढ़कर प्रतिभाग किया। बड़े लोगों ने उनका उत्साह वर्धन किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं ने बच्चों का सहयोग करते हुए कई तरह के पकवान भी बनाएं। पकवानों के स्टाल सजाकर बिक्री भी की। अग्रवाल महासभा की सदस्य अनीता गोयल, भारती गोयल ने दीप प्रज्वलित कर बाल मेला का शुभारंभ किया। मुरारी लाल गोयल, राजेन्द्र गोयल, अनुभव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल भी मौजूद रहे। अपेक्षा अग्रवाल ने आमची मुंबई, ममता कंछल व आस्था कंछल ने रोल ओं बर्गर, आशी अग्रवाल ने थ्री स्टार फूड स्टॉल, मनोज्ञा गोयल व सान्वी गोयल ने हंगरी हट, राधा गर्ग ने डोसा धमाका और इडली मैजिक, साक्षी अग्रवाल ने द फ्लुफ्फी डेलेटेबल्स, वैभवी गर्ग ले द ड्रीम पिज्जा एंड पास्ता, प्रियम गर्ग ने प्रियम फास्ट फूड सेंटर, ईवान गोयल ने चलती का नाम गाड़ी हेल्दी स्टोर, पर्व गोयल व पारवी गोयल ने द स्प्रिंकलर स्वीट्स, कोमल



स्टाल में खरीदारी करते लोग

गोयल व डॉली गोयल ने रेनबो, महक मित्तल ने मित्तल फैशन, रूबी अग्रवाल ने फूड स्टाल लगाए। लोगों ने जमकर खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। म्यूजिकल चेयर, हेयर स्टाइल, तम्बोला व लकी ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सिर्फ बालिकाओं व महिलाओं ने प्रतिभाग लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि दो अक्टूबर को कस्बे के यूनाइटेड पुब्लिक स्कूल के ग्राउंड में महाराजा अग्रसेन क्रिकेट लीग का आयोजन होगा। तीन सितंबर को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। चित्र पूजन, गोष्ठी, मेधावी सम्मान, डांडिया नाइट, फैंसी ड्रेस शो, नृत्यकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न होगा। महिलाओं में सुनीता अग्रवाल, प्रीति बंसल, कविता गोयल, संगीता गोयल, संगीत गोयल, राधा गर्ग, शगुन गोयल, रुचि गोयल, अपेक्षा अग्रवाल, शैफाली अग्रवाल, जहान्वी गर्ग, मनोज्ञा गोयल, कृष्णा गोयल, डॉक्टर त्रिविशा गर्ग, सिद्दि अग्रवाल, योगिता गोयल, गीतिका गर्ग, ईशु अग्रवाल, दिव्यांशी अग्रवाल, शिवानी गर्ग, आंशका कंछल, तूलिका अग्रवाल, गुंजन गोयल, दिव्या मित्तल, कोमल गोयल, अनुराधा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल मौजूद रहीं।

# एसडीएम ने राम मंदिर ट्रस्ट की दो दुकानों को कराया खाली

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जिला प्रशासन द्वारा श्रीराम मंदिर पनगवां ट्रस्ट की दो दुकानों का सामान निकलवा कर अपने ताले डलवा कर सील करने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि किराया न जमा करनें व ट्रस्ट विरोधी कार्य करनें पर यह कार्रवाई की गई है। सोमवार को राम मंदिर पनगवां ट्रस्ट के अध्यक्ष/ जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला एवं अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह के आदेश पर छिबरामऊ उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने पुलिस बल व पालिका कर्मियों के साथ नगर के चौराहा स्थित राम मार्केट की दुकान नंबर 74 शमी बारसी एवं दुकान नंबर 57 मुन्ना मिस्त्री के नाम से आबंटित थी। दुकानों का सामान निकलवा कर ताला डलवा कर दुकानों को सील करने के बाद मो. चॉद व शमसुल को सामान सुपुर्द किया गया। राम मंदिर ट्रस्ट सचिव गौरव कष्यप ने बताया कि उपरोक्त दुकानदारों ने 2021 का किराया नहीं जमा किया था तथा ट्रस्ट के विपरीत कार्य कर रहे थे। इस दौरान राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा, पालिका प्रधान लिपिक आरपी सिंह, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, लेखपाल कौशल पांडेय, अतुल प्रताप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



दुकानें खाली कराते एसडीएम छिबरामऊ व अन्य।

**● अठारह दिन पूर्व दिया था दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम**

# उ.प्रा.वि. चचियापुर के तीन छात्रों ने मारी बाजी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत विकासखण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय प्रयाग में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नामित निरीक्षण कर्ता खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा प्रारंभिक चरण की बहुविकल्पीय परीक्षा का निरीक्षण किया गया।

प्रारंभिक चरण की परीक्षा के उपरांत सर्वोच्च अंक प्राप्त 25 बच्चों का चयन अंतिम चरण की परीक्षा के लिए किया गया। जिनमें एआरपी अरविंद चौहान, मलिखान सिंह, रेवती रमन सिंह द्वारा साक्षात्कार के आधार उत्कृष्ट 05 बच्चों का चयन किया गया। जो जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में माडल/प्रोजेक्ट तैयार कर प्रतिभाग करेंगे जिसके लिए 3000 रु की धनराशि विद्यालय के एस एम सी खातों में जनपद स्तर से प्रेषित की जायेगी। रैण्डम आधार पर 25 बच्चों से 5-5 सदस्यीय 05 टीमें बनाकर ब्लाक नोडल शिक्षक गोपाल दत्त



विजेताओं को पुरूस्कृत करते बीडीओ व बीईओ।

शर्मा द्वारा क्विज प्रतियोगिता के प्रश्न पूछे गए। तीन राउंड बाद विजेता टीम घोषित हो सकी।

जो जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। क्विज प्रतियोगिता विजेता टीम में कामिनी, शालू, आनंद, अर्पित, यश कुमार को मोमेंटो, प्रमाण पत्र, विज्ञान किट, स्टेशनरी किट, बैग खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी एवं बीएसए द्वारा नामित निरीक्षण कर्ता जिला समन्वयक आदिल नियाज द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को भी एआरपी विज्ञान सुदीप पटेल द्वारा विज्ञान किट, स्टेशनरी किट, प्रमाण पत्र, मोमेंटो, बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले बच्चों में आनंद ने प्रथम, कुसुम द्वितीय, पुष्पेंद्र तृतीय, दिव्यांशी चतुर्थ, अंकुश नें पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को भी स्टेशनरी किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया साथ ही समस्त विद्यालय नोडल शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संचालन आशुतोष दुबे द्वारा किया गया। नवीन मिश्रा, संजीव कुमार, शशि कटियार, प्रिया मिश्रा, पियूष गुप्ता, सुभाष चन्द्र पाल, इश्तियाक खां, अंकुश चौहान, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**बाँदा।** डीएम नगेन्द्र प्रताप ने आज पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय मिरगहनी विकास खण्ड तिन्दवारी के विद्यालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाडी केन्द्र के निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश विद्यालय के प्रधानाचार्य को दिये। उन्होंने विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान सभी बच्चों को संचारी रोग के प्रति जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कक्षा.3 व 4 के बच्चों से शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन करने हेतु हिन्दी भाषा व गणित विषय के सम्बन्ध प्रश्न पूंछे, जिनका कुछ छात्रों द्वारा संतोषजनक उत्तर देने पर उन्होंने सम्बन्धित अध्यापकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अध्यापक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहें तथा निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत निर्धारित किये गये कोर्स के अनुसार बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यालय को निपुण बनायें। विद्यालय में कई कक्षाओं में बच्चों को डेऊस में उपस्थित न होने पर खण्ड शिक्षाधिकारी को कडे निर्देश दिये कि सभी बच्चों को डेऊस के साथ विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन अवशेष बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के द्वारा धनराशि उपलब्ध नही हो पाई हैंए उनकी केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराकर धनराशि उनके खाते में उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर की समुचित साफसफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्रध्छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर बच्चों की उपस्थिति बढाये जाने के लिए अभिभावकों की प्रतिमाह बैठक आयोजित कर उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिये। उन्होंने बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार मिड डे मील का गुणवत्तायुक्त वितरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास में कक्षा.7 व 8 के बच्चों को साइंस व महत्वपूर्ण विषयों की तकनीकी रूप से जानकारी देते हुए पढाये जाने के सम्बन्ध में साइंस टीचर को निर्देश किया।

# कलेक्ट्रेट पहुंचा 18 बालिकाओं का सरस्वती यात्रा दल, जिलाधिकारी से की भेट

**● डीएम से पूछे कलेक्टर बनने के सवाल**

**●डीएम का मंत्र, खुद बनो अपना अलार्म क्लॉक, हर दिन अपने को इंप्रूव करो**



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ शिप्रा बाजपेई के नेतृत्व में इंटरमीडिएट की 18 छात्राओं का सरस्वती यात्रा दल डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से उनके कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय मिलने पहुंचा। यह दल व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से डीएम से मिलने आया था। डीएम ने तनावमुक्त रहकर लक्ष्य प्राप्त करने, चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देकर छात्राओ का मार्गदर्शन किया और छात्राओं के एक.एक सवालो का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। डीएम ने सभी बालिकाओं से उनका परिचय जानते हुए भविष्य में उन्हें क्या बना है, इसकी जानकारी लेकर उनमें ऊर्जा का संचार किया। छात्राओं ने एक.एक कर डीएम से कई सवाल पूछे। डीएम ने बड़ी नम्रतापूर्वक जवाब दिया। छात्राओं ने पूछा कि आप डीएम कैसे बनी और डीएम बनने में किन.किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और किस तरह से डीएम बनने के लिए तैयारी करनी चाहिए। तनाव से कैसे निपटते हैं सहित उनकी प्रशासनिक व्यवस्था संबंधी अनेक प्रश्न किए। डीएम ने एक.एक कर समस्त प्रश्नों का उत्तर दिया।

डीएम ने कहा कि आप सभी बालिकाओं ने कॉन्फिडेंस के साथ अपना परिचय दिया। सभी बालिकाएं कठिन लक्ष्य और फील्ड को तय कर आगे बढ़ रही है। सफलता की कुंजी को रेखांकित करते हुए उन्होंने लक्ष्य (गोल), गाइडेंस, विषय चयन किया। हर क्षण में सक्सेस है। आप खुद अपना अलार्म क्लॉक बनो। हर दिन अपने को इंप्रूव करो। मैं बेस्ट हूं और मुझे और बेटर बनना है। इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ो। लक्षित एवं नियोजित दृष्टिकोण रखते हुए स्मार्ट तरीके से मेहनत करने का मंत्र दिया। एडीएम ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे संस्कारों, समयबद्धता, अनुशासन को जीवन में आत्मसात करें।

# चकबंदी अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार



**गाजीपुर।** गजाधर सिंह चकबन्दी अधिकारी को पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत लेते हुए सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी की टीम द्वारा सोमवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत कर्ता विनीत कुमार राय द्वारा एक प्रार्थना पत्र आ0नं0.207द्ध ग्राम सभा मौधियां में चकबन्दी के दौरान सीमांकन हेतु दिया गया था जिसपर चकबन्दी अधिकारी गजाधर सिंह द्वारा उक्त आराजी का सिमांकन करने हेतु शिकायत कर्ता विनीत कुमार राय से 15 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गयी थी जिसकी शिकायतए शिकायत कर्ता द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी सेक्टर वाराणसी पर की गयी। विनीत कुमार रायए शिकायत कर्ता द्वारा इस सम्बन्ध में लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी सेक्टर वाराणसी से किये जाने पर जांच से आरोप की पुष्टि होने के फलस्वरूप उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी की टीम द्वारा गजाधर सिंह चकबन्दी अधिकारी को शिकायत कर्ता से उसकी भूमि आ0नं0.207द्ध ग्राम सभा मौधियां में चकबन्दी के दौरान सीमांकन हेतु 15 हजार रूपयेद्ध नगद उत्कोच लेते हुए सोमवार को लवजी सिंहए शास्त्रीनगर के किराये के मकान से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जाधर सिंह चकबन्दी अधिकारी के विरूद्ध थाना उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी सेक्टर वाराणसी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# इफ्को अधिकारी कृपा शंकर और दिनेश शंकर सेवानिवृत्त, दी विदाई




**प्रयागराज।** इफ्को फूलपुर इकाई से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कृपा शंकर मुख्य प्रबंधक यांत्रिक तथा दिनेश शंकर प्रबंधक यांत्रिक पीएसजी के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने अपने संदेश में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के स्वस्थ सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन संजय अवस्थी ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य ए पी राजेन्द्रन पी के सिंह इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयम प्रकाश तथा इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह जानकारीस्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफ्को फूलपुर ने दी।

# जीएम कोर अशोक वर्मा को मिला उत्तर रेलवे के जीएम का अतिरिक्त प्रभार



**प्रयागराज।** रेल मंत्रालय की ओर से केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा को अपने स्वयं के पद के अतिरिक्त महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भारतीय रेलवे स्टोर्स सेवा के अधिकारी अशोक कुमार वर्मा 1987 बैच के अधिकारी हैं और रेलवे में कई अहम पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। कोर में महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले अशोक कुमार वर्मा उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें स्टोर्स से जुड़े मुद्दों में अपने विशाल अनुभव के अलावा सामान्य प्रशासन का भी एक वृहद अनुभव रहा है। श्री वर्मा ने दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तथा झांसी मंडल में बतौर अपर मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्य किया है। वह पूर्व में रेलवे बोर्ड में रेलवे स्टोर के कार्यकारी निदेशक के पद पर भी कार्यरत थे। उन्होंने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज से सिविल इंजीनियरिंग और आईआईएम कोलकाता से एमबीए की डिग्री ली है। यह जानकारी कल्याण सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कोर प्रयागराज की ओर से दी गई है।

# अफजाल अंसारी ने हिंदू समाज को गहरी ठेस पहुंचाईः उमेश सिंह



**गाजीपुर।** लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे डा. उमेश सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी के एक विवादित बयान पर तीखा हमला बोला। उमेश सिंह ने कहा कि अफजाल अंसारी ने बहुसंख्यक हिंदू धर्म के मठ.मंदिरों और संत.महंतों के प्रति जो अपमानजनक टिप्पणी की हैए उससे हिंदू समाज को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया गया है।उमेश सिंह ने कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को अपने धर्म को मानने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता देता हैए लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि किसी दूसरे धर्म का अपमान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सांप्रदायिकता का सबसे बड़ा कारण यही है कि लोग दूसरों के धर्म की निंदा करते हैं। उमेश सिंह ने अफजाल अंसारी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब सांसद ने देवालयों और शिवालयों का दौरा करना शुरू किया थाए तो ऐसा लगा कि उन्होंने हिंदू धर्म की बुतपरस्ती (मूर्ति पूजा) को स्वीकार कर लिया हैए लेकिन उनके असली इरादे कुछ और थे। उमेश सिंह ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को मठों और मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

# आर्थिक प्रगति, सामाजिक विकास तभी संभव है जब कानून का शासन कायम रहे : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास तभी संभव है, जब कानून का शासन कायम रहे। मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात करने आए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना, प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाती है।

मुर्मू ने कहा, अपराध की एक श्रेणी जिस पर मैं यहां प्रकाश डालना चाहूंगी, वह है महिलाओं के विरुद्ध अपराध। हालांकि, यह एक जटिल समस्या है जिसकी जड़ें बीमार मानसिकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों में गहरी हैं, लेकिन सबसे पहले यह एक अपराध है। इसलिए, इससे लड़ने के लिए कई स्तरों पर कार्वाई की आवश्यकता है, लेकिन सबसे पहले पुलिस बल को इससे निपटना होता है। उन्होंने कहा कि इन मामलों से निपटने वाले पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे पीड़िताओं के प्रति असाधारण संवेदनशीलता और सहानुभूति रखें तथा न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। मुर्मू ने कहा कि पुलिस अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में नई उंचाई को छूने का लक्ष्य रखता है। राष्ट्रपति ने कहा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास केवल तभी संभव है जब कानून का शासन कायम रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना, प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाती है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से तकनीक के प्रति जागरूक होने और अपराधियों से एक कदम आगे रहने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने आईपीएस में महिला अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि इस बैच में कुल 188 में से 54 महिला अधिकारी हैं। 28.72 प्रतिशत की दर से यह पिछले वर्ष की संख्या के साथ-साथ हाल के वर्षों के औसत से भी तेज वृद्धि है। मुर्मू ने कहा कि महिला अधिकारियों की भूमिका लिंग आधारित अपराधों से निपटने से कहीं आगे तक जाती है। राष्ट्रपति ने 76 नियमित भर्ती (2023) बैच के आईपीएस परिवीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, उनकी बढ़ती संख्या पुलिसिंग के समग्र चरित्र को बेहतर बना सकती है, पुलिस-समुदाय के संबंधों को बेहतर बना सकती है और यह राष्ट्र के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने अधिकारियों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और अपने मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ न करने की सलाह भी दी।उन्होंने कहा मैंने आपके कंधों पर रखी गई बड़ी ज़िम्मेदारियों के बारे में बात की है। ए कभी-कभी बहुत तनावपूर्ण हो सकती हैं। मैं इस संबंध में आपको एक सलाह देना चाहूँगी।

राष्ट्रपति ने कहा अपने मानसिक स्वास्थ्य को कभी नज़रअंदाज़ न करें। योग, प्राणायाम और विश्राम तकनीकों को अभी से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, और ए आपको अपना काम बेहतर ढंग से करने में मदद करेंगे।



## स्वास्थ्यकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि मरीजों के परिजनों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करना निंदनीय है। आरएमएल अस्पताल से संबद्ध अटल बिहारी वाजपेई आयुर्विज्ञान संस्थान के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि चिकित्सक मरीजों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं और कोविड के समय में यह स्पष्ट तौर पर देखा गया था। उन्होंने कहा, कई बार जब कोई अप्रिय घटना घट जाती है, तो मरीज के परिजन गुस्से में आकर स्वास्थ्यकर्मियों से बदसलूकी कर देते हैं। यह गलत और निंदनीय है। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी प्रयासों के बावजूद यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो डॉक्टरों या अस्पताल के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी डॉक्टर अपने मरीज को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, लेकिन कई बार विज्ञान में सभी समाधान उपलब्ध नहीं होते। मुर्मू ने कहा, डॉक्टर दबाव और तनाव के माहौल में काम करते हैं और कभी-कभी वे अधीर भी हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपने मरीज के प्रति गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान यह देखा गया कि कैसे डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की और उनका इलाज किया।

# भदोही में हनुमान मंदिर के पुजारी की गला रेतकर हत्या

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सुरयावा थाना क्षेत्र मे स्थित एक प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सुरयावा थाना क्षेत्र के बावन बीघा तालाब पर बने प्राचीन हनुमान मंदिर मे यह घटना हुई, जहां मंदिर परिसर मे बने एक कमरे में मंदिर के पुजारी रहते थे। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) तेज वीर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह जब कुछ लोग मंदिर में पूजा पाठ करने गए तो मंदिर परिसर मे पुजारी सीताराम (75) को न पाकर उनके कमरे में जाकर देखा तो उनकी लाश पड़ी थी। पुजारी की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। एएसपी ने बताया किसीताराम बिहार के किसी स्थान से करीब तीस साल पहले यहां आए थे और स्थानीय लोगों ने उनको मंदिर की देख-रेख के साथ पूजा-पाठ की जिम्मेदारी सौंपी थी। तब से वह इसी मंदिर मे रह रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर के पास कुछ अराजक तत्वों का जमावड़ा होने और कई बार मंदिर मे घंटा, दानपात्र से चोरी की शिकायत पुजारी ने की थी। आज भी कई घंटा और दानपात्र गायब होने की बात सामने आई है। एएसपी सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर शीर्ष अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुजारी का गला रेते जाने पर खून सूख गए है, ऐसे में यह अंदेशा है कि उनकी हत्या कई घंटे पहले की गई है। एएसपी ने कहा कि एक टीम को मामले की जांच का काम सौपा गया है।

# हापुड़ में टांके लगाने के बाद युवती के सिर में डॉक्टर ने छोड़ी सुई, जांच कमेटी गठित

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के थाना गढ़ क्षेत्र में एक युवती के सिर में चोट लगने पर एक सरकारी अस्पताल में डॉक्टर द्वारा लगाए टांके के बाद सिर में सूई छोड़ने का मामला सामने आया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने दो सदस्ईय कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए और कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्वाई की जाएगी। जिले के बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव नानई में तीन दिन पहले दो पक्षों में हुए विवाद मे सियाक्त खां की बेटी सितारा (22) सिर में डंडा लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। परिजन उसे गढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे इलाज के लिए ले गए थे। परिजनों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर ने उसके सिर में टांके लगाकर पट्टी कर घर भेज दिया, परन्तु युवती के सिर का दर्द बंद नही हुआ, जिस कारण अगले दिन परिजनों ने क्षेत्र के ही एक निजी डॉक्टर को दिखाया, तो पट्टी खोलने पर पता चला कि युवती के सिर के अंदर सरकारी डॉक्टर ने टांके लगाते समय सूई छोड़ दी थी। निजी डॉक्टर ने उसको निकालकर पट्टी कर घर भेज दिया था। सितारा की मां ने संवाददाताओ से कहा,"डॉक्टर नशे मे था... हम चाहते है कि कार्वाई की जाए ताकि भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न दोहराई जाए" इसके बाद परिवार ने इस घटना के सिलसिले में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई। इस मामले मे सीएमओ डॉ सुनील त्यागी ने बताया कि दो सदस्ईय टीम गठित कर जांच रिपोर्ट मांगी है। डॉक्टर त्यागी ने कहा कि रिपोर्ट आने पर कार्वाई की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर के नशे में होने के आरोपो पर त्यागी ने कहा कि संबंधित डॉक्टर शराब नही पीता है, लेकिन उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच चल रही है और रिपोर्ट आने के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

# बेंगलुरू में अवैध रूप से रहने का आरोपी पाकिस्तानी परिवार के साथ गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** पाकिस्तान के एक नागरिक को उसकी पत्नी और दो अन्य लोगों के साथ कथित तौर पर पिछले छह वर्षों से फर्जी पहचान पत्र के साथ अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक जांच के अनुसार उसकी पत्नी बांग्लादेश से है और पहले वे ढाका मे थे, जहां उनकी शादी हुई थी। कथित तौर पर यह जोड़ा 2014 मे दिल्ली आया था और बाद मे 2018 मे बेंगलुरु चला गया। गिरफ्तार किए गए दो अन्य लोग उसके ससुराल वाले है। रविवार को बेंगलुरु के बाहरी इलाके जिगानी मे छापेमारी के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा,"हमारे जिगानी के निरीक्षक ने इसकी जांच की और मामला दर्ज किया।

# सपा विधायक बोले- मुस्लिम आबादी बढ़ रही है, 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी

बिजनौर।(भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महबूब अली ने कहा है कि मुस्लिम आबादी बढ़ने से 2027 में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता से बाहर हो जाएगी।

इस मामले में विधायक महबूब अली और बिजनौर से सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अमरोहा से छठी बार विधायक बने 72 वर्षीय महबूब अली ने रविवार को बिजनौर में संविधान मान स्तंभ स्थापना कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उनका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में अली कहते दिख रहे हैं, अब प्रतिशत बढ़ रहा है। समझ लो अब तुम्हारा राज खत्म हो जाएगा। आबादी बढ़ रही है मुसलमानों की। और आगे (सपा) सत्ता में आ जाएंगे। वीडियो के मुताबिक उन्होंने कहा, आज देश को चलाने वाले यह एहसास कर लें कि हिंदुस्तान की अवाम जाग चुकी है। संसद (पिछले लोकसभा चुनाव) में भी जवाब दिया है। आने वाले वक्त में 2027 में आप (भाजपा) जाएंगे जरूर। इस बीच, मामले को लेकर विधायक महबूब अली और बिजनौर से सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि सोमवार को वायरल हुए सपा नेता महबूब अली के वीडियो में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इस मामले में दारोगा संजीव कुमार की तहरीर पर बिजनौर कोतवाली में सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि महबूब अली ने हिंदू और मुस्लिम धर्मों के लोगों के बीच वैमनस्य फैलाने और नफरत पैदा करने वाले भाषण दिए हैं। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने भी इस मामले में अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। लिहाजा दोनों के विरुद्ध आवश्यक कार्वाई की जाए। भाजपा ने साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव की अगुवाई वाली सपा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उसके बाद साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही थी।

# उप्र में अवैध खनन करने वालों का प्रशिक्षु आईएएस पर हमला मामले में एनजीटी ने नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।**(भाषा) राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में अवैध खनन करने वालों द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक प्रशिक्षु अधिकारी पर कथित हमले के मामले में पर्यावरण मंत्रालय सहित अन्य प्राधिकारों से जवाब मांगा है। अधिकरण एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जहां उसने मुरादाबाद की सदर तहसील में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात एक प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पर अवैध खनन करने वालों द्वारा ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश के संबंध में अखबार की एक खबर का स्वत: संज्ञान लिया था। खबर में कहा गया कि अधिकारी अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों की निगरानी कर रहे थे। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने 27 सितंबर को पारित एक आदेश में कहा, खबर में दावा किया गया है कि अवैध रेत खनन कई वर्षों से ठाकुरद्वारा क्षेत्र में एक लगातार मुद्दा रहा है, जिससे अक्सर झड़पें होती हैं। पीठ ने कहा, कानूनी कार्रवाई पर खनन करने वाले अक्सर सीमा पार करके उत्तराखंड भाग जाते हैं। ए घटनाएं अवैध खनन गतिविधियों को रोकने में अधिकारियों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करती हैं। एनजीटी ने कहा कि खबर में रेत खनन संबंधी दिशानिर्देशों और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन का संकेत दिया गया है। अधिकरण ने कहा, यह समाचार पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल उठाता है।

इसमें उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी), उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सदस्य सचिवों के साथ-साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय और मुरादाबाद के जिलाधिकारी सहित कई प्राधिकारों को पक्ष या प्रतिवादी के रूप में शामिल किया गया।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में उप्र सरकार के मंत्री जमानत पर रिहा

**मुजफ्फरनगर।(भाषा)** उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने सोमवार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में यहां एक विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया, जहां हिरासत में लेने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। अदालत ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में मंत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। अनिल कुमार के अधिवक्ता किरणपाल के अनुसार, सांसदाविधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश देवेंद्र सिंह फौजदार की अदालत में मंत्री अनिल कुमार सोमवार को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पेश हुए, जहां अदालत ने उन्हें दोपहर तक हिरासत में ले लिया और उनके वारंट को वापस लेने तथा जमानत अर्जी पर तब तक आदेश सुरक्षित रखा, जब तक कि उन्हें अदालत में तीन घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रखा गया। बाद में अदालत ने आदेश दिया कि अनिल कुमार को 25,000 रुपए की दो जमानत देने के बाद रिहा किया जा सकता है। इसके बाद उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट वापस ले लिया गया। जमानत स्वीकार होने के बाद अनिल कुमार अदालत से लौट आए। अधिवक्ता किरणपाल ने बताया कि पुलिस ने छह फरवरी, 2022 को जिले के छपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत खामपुर गांव में बिना अनुमति के बैठक करने के आरोप में अनिल कुमार सहित कई लोगों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

# पेज 1 का शेष

## ईडी ने..

आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने की मंजूरी दिए जाने के फैसले को बरकरार रखा था, जिसके एक दिन बाद विशेष अदालत के न्यायाधीश का प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी आदेश आया। ईडी अपनी ईसीआईआर में सिद्धरमैया के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराएं लगाई हैं। ईसीआईआर पुलिस की प्राथमिकी के समान होती है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी लोकायुक्त पुलिस की प्राथमिकी का अध्ययन कर रही है। प्रक्रिया के अनुसार, ईडी को पूछताछ के लिए आरोपियों को बुलाने और यहां तक कि जांच के दौरान उनकी संपत्ति कुर्क करने का अधिकार है। सिद्धरमैया (76) ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें एमयूडीए मामले में निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष उनसे डरा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि यह उनके खिलाफ पहला ऐसा राजनीतिक मामला है। उन्होंने यह भी दोहराया कि मामले में उनके खिलाफ अदालत द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद भी वह इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि उन्होंने कुछ गलत काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वह कानूनी रूप से मुकदमा लड़ेंगे। एमयूडीए ने मुख्यमंत्री की पत्नी की संपत्ति का अधिग्रहण किया था और इसके कथित मुआवज़े के तौर पर मैसूरु के पॉश इलाके में भूखंड आवंटित किए थे। आरोप है कि सिद्धरमैया की पत्नी बी एम पार्वती को मैसूरु के एक पॉश इलाके में मुआवजे के तौर पर जो भूखंड आवंटित किए गए थे, उनकी कीमत एमयूडीए द्वारा अधिग्रहीत की गई जमीन की तुलना में काफी अधिक थी। एमयूडीए ने पार्वती की 3.16 एकड़ जमीन के बदले में उन्हें 50:50 के अनुपात से भूखंड आवंटित किए थे ,जहां उसने आवासीय लेआउट विकसित किए थे। इस विवादास्पद योजना के तहत एमयूडीए ने उन लोगों को 50 प्रतिशत विकसित जमीन आवंटित की थी, जिनकी अविकसित जमीन आवासीय लेआउट विकसित करने के लिए ली गई थी।आरोप है कि मैसूरु तालुक के कसाबा होबली के कसारे गांव के सर्वे नंबर 464 में स्थित 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी हक नहीं था। लोकायुक्त ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। यह प्राथमिकी धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 166 (किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाने के इरादे से लोक सेवक द्वारा कानून की अवहेलना), 403 (संपत्ति का बेईमानी से गबन), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी), 426 (शरारत), 465 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 340 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 351 (हमला) के तहत दर्ज की गई है। वहीं सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती ने 14 विवादास्पद भूखंडों को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) को वापस करने का फैसला किया है। सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती ने मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) आयुक्त को 14 भूखंडों को वापस लेने के लिए पत्र लिखा है।

## बिहार...

लेकिन अब कई नदियों का जलस्तर घटने लगा है। बाढ़ के कारण बिहार में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार में बाढ़ की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश के वाराणसी और झारखंड के रांची से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरएफ) की छह और टीमों को तैनात किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सोमवार को जारी बुलेटिन में कहा गया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव अभियान में तैनात एनडीआरएफ की मौजूदा 12 टीमों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीआरएफ) की 22 टीमों के अलावा इन्हें भी लगाया जा रहा है। कई छोटी नदियों में जलस्तर घटने के बावजूद कुल मिलाकर स्थिति गंभीर बनी हुई है और 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बिहार सरकार ने शनिवार और रविवार को बीरपुर और वाल्मीकिनगर बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद राज्य के उत्तरी, दक्षिणी और मध्य भागों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। हालांकि, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गंडक और कोसी नदियों पर वाल्मीकिनगर और बीरपुर बैराज से पानी का बहाव आज सुबह कम हो गया। उन्होंने बताया कि रविवार को वाल्मीकिनगर बैराज से पानी का बहाव 5.62 लाख क्यूसेक था, जबकि सोमवार सुबह 8 बजे तक यह 1.89 लाख क्यूसेक था। इसी तरह, बीरपुर बैराज से 29 सितंबर को पानी का बहाव 6.61 लाख क्यूसेक था और सोमवार सुबह 8 बजे तक यह घटकर 2.88 लाख क्यूसेक रह गया। राज्य के प्रभावित जिलों में पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, पटना, जहानाबाद, मधुबनी, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और भोजपुर शामिल हैं।

## आईएमडी..

सामान्य से 7 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। आंकड़ों से पता चला कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से 14 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। देश में जून में 11 प्रतिशत की कमी देखी गई, इसके बाद जुलाई में 9 प्रतिशत, अगस्त में 15.7 प्रतिशत और सितंबर में 10.6 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। 2023 के मानसून सीजन में, भारत ने 820 मिमी वर्षा दर्ज की थी, जो कि 868.6 मिमी की दीर्घ अवधि के औसत का 94.4 प्रतिशत थी। देश में 2022 में 925 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो दीर्घावधि औसत का 106 प्रतिशत है; 2021 में 870 मिमी; और 2020 में 958 मिमी। आईएमडी ने इस वर्ष मानसून सीजन के लिए सामान्य से अधिक वर्षा (दीर्घावधि औसत का 106 प्रतिशत) की भविष्यवाणी की थी। इसने पूर्वोत्तर भारत के लिए सामान्य से कम मानसून वर्षा, उत्तर पश्चिम के लिए सामान्य वर्षा और मध्य और दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिए सामान्य से अधिक वर्षा का भी सटीक अनुमान लगाया। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून महत्वपूर्ण है, जिसमें 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह प्राथमिक वर्षा-असर प्रणाली जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी आवश्यक है जो देश भर में पीने का पानी प्रदान करते हैं और बिजली उत्पादन का समर्थन करते हैं।

## नकली...

तब से दो अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, और पुलिस ने इस असामान्य धोखाधड़ी के पीछे अपराधियों का पता लगाने के लिए एक जांच शुरू की है।

## सीबीआई...

उन्होंने बताया कि धोखेबाजों ने पीड़ितों से कहा कि वे अपने-अपने देशों की जांच एजेंसियों की निगरानी में हैं। अधिकारियों ने कहा, इसके बाद साइबर अपराधियों ने वित्तीय मामलों की सुरक्षा के नाम पर पीड़ितों को कुछ नए बैंक खातों में धनराशि स्थानांतरित करने के लिए तैयार किया। सीबीआई ने अब तक पुणे से 10, हैदराबाद से पांच और विशाखापत्तनम से 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अवैध कॉल सेंटरों में काम करने वाले अन्य लोगों की भूमिका के बारे में जांच और पूछताछ की जा रही है।

## अंततः...

दादा साहब पुरस्कार से सम्मानित पूर्व अभिनेत्री आशा पारेख, अभिनेत्री-राजनेता खुशबू सुंदर और फिल्म निर्माता विपुल अमृतलाल शाह सहित तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चक्रवर्ती का चयन किया। फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री, जिन्होंने अभिनेता के साथ 'द ताशकंद फाइल्स' और 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्मों में काम किया है, ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें शुभकामनाएं दीं। चक्रवर्ती, जिनका असली नाम गौरांग चक्रवर्ती है, पुणे के भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान के पूर्व छात्र हैं, जिन्होंने मुख्य रूप से हिंदी और बंगाली सिनेमा में काम किया है। पूर्व राज्यसभा सांसद चक्रवर्ती 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए। अभिनेता ने 2009 से 2018 तक लोकप्रिय डांस रियलिटी सीरीज़ 'डांस इंडिया डांस' में मुख्य जज या 'ग्रैंडमास्टर' के रूप में भी काम किया। 2023 में, वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय से सीतारमण को राहत

● चुनावी बॉन्ड योजना मामले में वित्तमंत्री व अन्य के खिलाफ जांच पर रोक लगाई



भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक उच्च न्यायालय** ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित कथित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद्द हो चुकी है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कुमार कटील द्वारा दायर उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी गई है। मामले की अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर शनिवार को सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी.वाई. विजएंद्र, पार्टी नेता नलिन कुमार कटील के नाम भी प्राथमिकी में हैं। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपए की जबरन वसूली की। इसमें कहा गया है, चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।

## हिमाचल के पेंशनभोगियों ने पेंशन भुगतान में देरी के खिलाफ प्रदर्शन की धमकी दी

**धर्मशाला (हिप्र)**। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य सरकार द्वारा पेंशन भुगतान में नौ अक्टूबर तक देरी करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है तथा चेतावनी दी है कि यदि एक अक्टूबर तक सितम्बर माह की पेंशन जारी नहीं की गई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कांगड़ा जिला अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने सोमवार को चेतावनी दी कि यदि एक अक्टूबर को उनकी पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो पेंशनभोगी अक्टूबर के पहले सप्ताह में सड़कों पर उतर आएंगे। सितंबर माह में सरकारी कर्मचारियों के वेतन में पांच दिन और पेंशनभोगियों की पेंशन में 10 दिन की देरी के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने शनिवार को सितंबर माह का वेतन एक अक्टूबर को और पेंशन नौ अक्टूबर को जारी करने की घोषणा की थी। वेतन पर मासिक व्यय 1200 करोड़ रुपए और पेंशन पर मासिक व्यय 800 करोड़ रुपए है।

## बीमा पॉलिसी से बाहर निकलने से जुड़े नए प्रावधान आज से होंगे लागू

**नई दिल्ली**। बीमा पॉलिसी को लौटाने (सरेंडर) से संबंधित नया दिशानिर्देश मंगलवार से लागू होने जा रहा है। ऐसा अनुमान है कि इससे बीमा का प्रीमियम बढ़ सकता है या फिर बीमा एजेंटों के कमीशन में कटौती हो सकती है। इस साल की शुरुआत में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी जीवन बीमा पॉलिसियों से जल्दी बाहर निकलने वाले पॉलिसीधारकों को बेहतर रिटर्न देने के लिए सरेंडर वैल्यू संबंधी संशोधित दिशानिर्देश पेश किए थे। बीमा में सरेंडर वैल्यू का मतलब उस राशि से हजो पॉलिसी की परिपक्वता तिथि से पहले पॉलिसी लौटाने पर बीमा कंपनी की तरफ से पॉलिसीधारक को भुगतान की जाती है। यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी चलते समय उसे लौटाने का फैसला करता है तो उसे आय और बचत का हिस्सा दिया जाएगा। नियामक ने बीमा कंपनियों को सरेंडर के दौरान लौटाई जाने वाली राशि तय करते समय पॉलिसी से बाहर निकलने वाले और जारी रखने वाले पॉलिसीधारकों दोनों के लिए औचित्य और मूल्यपरकता सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया है। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संशोधित सरेंडर शुल्क की भरपाई के लिए जीवन बीमा कंपनियां या तो प्रीमियम की राशि बढ़ाएंगी या फिर अपने एजेंटों के कमीशन में कटौती करेंगी। केयरएज रेटिंग्स के निदेशक गौरव दीक्षित ने कहा, बीमा उत्पाद और कमीशन संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में प्रीमियम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। अधिकांश बीमा कंपनियों ने इन प्रावधानों को पूरा करने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव की तैयारी कर ली है। इनमें से अधिकांश कंपनियों के पास जीवन बीमा दिग्गज एलआईसी की तुलना में सीमित संख्या में पॉलिसी हैं। वहीं एलआईसी को नियामक के निर्देशों को पूरा करने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव का एक बड़ा काम करना है।

## नक्सलवाद अंतिम चरण में, डेढ़ साल में जड़ से उखाड़ दिया जाएगा : सीआरपीएफ

**भोपाल**। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के दो या तीन जिलों तक सीमित है और यह वामपंथी उग्रवाद अगले डेढ़ साल में इतिहास बन जाएगा। माओवादी विरोधी अभियानों में शामिल सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) अमित कुमार ने कहा कि नक्सल आंदोलन अपने अंतिम चरण में है।एडीजी कुमार ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, नक्सली आंदोलन अपने अंतिम चरण से गुजर रहा है। राष्ट्रीय परिदृश्य में छत्तीसगढ़ के दो या तीन जिलों को छोड़कर, अन्य सभी क्षेत्रों में यह पूरी तरह नियंत्रण में है।

## मेजन की सबसे विशाल शुरुआत

**बेंगलुरु**। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, अर्ली एक्सेस के साथ शुरू हुआ, ने अमजनइन पर अपने विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स के लिए सबसे बड़ी शुरुआत देखी है। देशभर के लाखों ग्राहकों को खुशी प्रदान करते हुए, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले 48 घंटे अब तक के सबसे बेहतरीन रहे, जिसमें लगभग 11 करोड़ ग्राहक विजिट्स और 8,000 से अधिक विक्रेताओं ने 1 लाख रुपये से अधिक की बिक्री की। ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होम डेकोर, उपकरण, फर्नीचर, स्मार्टफोन और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में 25,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च का एक्सेस मिला। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष कैटेगरीज सौरभ श्रीवास्तव ने कहा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले 48 घंटे ऐतिहासिक रहे है।

## कुमार आर्क ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई**। भारत में पीवीसी2 मिश्रण-आधारित निर्माण सामग्री उत्पादों के सबसे बड़े निर्माता और निर्यातक कुमार टेक लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक ?2 अंकित मूल्य) की पेशकश के माध्यम से कुल ?7400 मिलियन (740 करोड़) तक का धन जुटाने की योजना बनाई है।इस ऑफर में कुल 2400 मिलियन (?240 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (%ताजा इश्यू%) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल 5000 मिलियन (?500 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर (%बिक्री के लिए ऑफर) शामिल है।रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (स्टंग विवरण) मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेडऔर इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## जावा ने फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी की

**पुणे**। जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग की घोषणा की है। जो भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी जावा येजडी को फ्लिपकार्ट के ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों की पेशकश करने वाली पहली प्रीमियम मोटरसाइकिल निर्माता बनाती हैए यह सहयोग जावा येजडी मोटरसाइकिल्स की डिजिटल रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैए जिसे ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और इसकी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज की पहुंच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू से बात की

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर बात की और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम के बारे में प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात की। आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं किया, लेकिन पिछले सप्ताह लेबनान में किए गए इजराइली हमलों में आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला के सात उच्च पदस्थ कमांडर और अधिकारी मारे गए, जिनमें समूह का प्रमुख हसन नसरल्ला भी शामिल था।

### कहा- आतंकवाद का हमारी दुनिया में कोई स्थान नही



## विहिप ने सरकार से वक्फ अधिनियम निरस्त करने का आग्रह किया

भाषा। शिमला

**विश्व हिन्दू परिषद** (विहिप) की हिमाचल प्रदेश इकाई ने सोमवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से वक्फ अधिनियम को निरस्त करने का आग्रह किया और दावा किया कि यह अधिनियम सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं का तुष्टीकरण करने के लिए बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश में विहिप के राज्य सचिव तुषार डोगरा ने आरोप लगाया कि मुस्लिम मतदाताओं की तुष्टीकरण तथा हिंदुओं और सरकार की संपत्ति मुसलमानों को सौंपने के लिए वक्फ अधिनियम बनाया गया और फिर उसमें संशोधन किया गया। वह यहां एनजीओ उमंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। यह मांग ऐसे समय में आई है जब इस मुद्दे पर सरकारी स्तर पर चर्चा की जा रही है। सरकार ने पिछले महीने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया था और इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था। यहां जारी एक बयान में डोगरा ने कहा, 1995 में देश में वक्फ बोर्ड के पास केवल चार लाख एकड़ जमीन थी। लेकिन इस कठोर कानून के कारण उनके पास अब नौ लाख एकड़ से अधिक जमीन है।

# महाराष्ट्र सरकार ने देसी गायों को राज्यमाता-गोमाता घोषित किया

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** सरकार ने वैदिक काल से देशी गायों के महत्व को देखते हुए सोमवार को उन्हें राज्यमाता-गोमाता घोषित किया। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब राज्य विधानसभा चुनाव जल्द ही होने की संभावना है। मुंबई में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संवाददाताओं को बताया कि देसी गायों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को इन गायों के लिए चारा भी उपलब्ध कराएगी। राज्य मंत्रिमंडल ने वैदिक काल से देसी गायों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौशाला संचालकों को प्रति गाय 50 रुपए प्रतिदिन अनुदान देने के पशुपालन विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि महाराष्ट्र गौशाला आयुक्तालय ऐसी गौशालाओं के कामकाज की देखरेख करेगा। वर्ष 2019 की गणना के अनुसार, राज्य में 46,13,632 देसी गाएं हैं, जो पिछली गणना के आंकड़ों की तुलना में 20.69 प्रतिशत कम है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया, वैदिक काल से ही मानव जीवन में गाय का महत्व धार्मिक,



वैज्ञानिक और आर्थिक है, इसीलिए इसे कामधेनु कहा जाता है। राज्य के कृषि, डेरी विकास, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस कदम के पीछे अन्य कारकों में मानव पोषण में देशी गाय के दूध का महत्व, आयुर्वेदिक एवं पंचगव्य उपचार के लिए उपयोग और जैविक खेती में गाय के गोबर से बने खाद का इस्तेमाल शामिल है। राज्य सरकार का यह फैसला भारतीय समाज में गाय के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करता है।

## इंदौर में गोमूत्र से आचमन कराने के बाद लोगों को गरबा पंडालों में प्रवेश दिया जाए : भाजपा नेता

**इंदौर (मध्यप्रदेश)**। इंदौर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाई के एक शीर्ष पदाधिकारी ने सोमवार को आयोजकों से कहा कि वे आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान लोगों को गोमूत्र से आचमन कराने के बाद ही गरबा पंडालों में प्रवेश दें। कांग्रेस ने भाजपा नेता के इस आह्वान पर सवाल उठाते हुए इसे सत्तारूढ़ दल की ध्रुवीकरण की राजनीति का नया पैंतरा करार दिया है।हिंदू रीति-रिवाजों के मुताबिक आचमन का मतलब पूजा और यज्ञ सरीखे धार्मिक कर्मकांड शुरू करने से पहले शुद्धि के लिए मंत्र पढ़ते हुए जल पीना होता है।भाजपा के जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने संवाददाताओं से कहा, सनातन संस्कृति में आचमन का बड़ा महत्व है। इसलिए हमने आयोजकों से अनुरोध किया है कि श्रद्धालुओं को गरबा पंडालों में प्रवेश देने से पहले गोमूत्र से उनका आचमन कराया जाए।

## मणिपुर में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाई गई

**इंफाल**। सरकार ने मणिपुर में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के क्रियान्वयन को अगले छह महीने के लिए सोमवार को बढ़ा दिया। हालांकि इंफाल घाटी के अंतर्गत आने वाले 19 थाना क्षेत्रों एवं असम की सीमा से लगे एक क्षेत्र को इससे बाहर रखा गया है।राज्य सरकार के गृह विभाग ने एक अधिसूचना में बताया कि यह विस्तार एक अक्टूबर से लागू होगा। अधिसूचना में कहा गया है, राज्य में मौजूदा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति का विश्लेषण करने के बाद राज्य सरकार की राय है कि जमीनी स्तर पर विस्तृत आकलन करना उचित नहीं है, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त हैं। अधिसूचना में बताया गया है कि अशांत क्षेत्र घोषित करने का मुद्दा बेहद संवेदनशील है और अगर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो यह आलोचना और प्रतिरोध का कारण बन सकता है। आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर के राज्यपाल 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर पूरे मणिपुर को एक अक्टूबर से अगले छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित करने की मंजूरी देते हैं। जिन थाना क्षेत्रों में अफस्पा नहीं लगाया गया है, उनमें इंफाल, लाम्फेल, सिटी, सिंगजामेई, सेकमाई, लामसांग, पटसोई, वांगोई, पोरोमपत, हेइंगंग, लामलाई, इरिबंग, लीमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नाम्बोल, मोइरंग, काकचिंग और जिरीबाम शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को अफस्पा के दायरे से बाहर रखा गया है, वे बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के हैं। शांत क्षेत्र का दर्जा सबसे पहले 2004 में इंफाल नगर पालिका क्षेत्र और अप्रैल 2022 में छह जिलों के 15 थानों से हटा दिया गया था।

## देश को पहले झोलाछाप लोग चला रहे थे, मोदी को बदलाव लाने में कुछ समय लगेगा: बघेल

**नई दिल्ली**। केंद्रीय पंचायत राज राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने सोमवार को कहा कि अगर आजादी के बाद नरेन्द्र मोदी या उनके जैसा कोई प्रधानमंत्री बना होता तो भारत आज विकसित देश होता। सबकी योजना सबका विकास अभियान के नाम से मशहूर जन योजना अभियान से संबंधित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि पहले सरकारी सहायता गांवों तक पहुंचने में वर्षों लग जाते थे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि उनके अपने गांव में पहली सरकारी सहायता 1974 में सीमेंट पाइप के रूप में पहुंची थी और 1980 में सरकार ने एक हैंडपंप मुहैया कराया था। उन्होंने कहा, आज स्थिति अलग है लेकिन इसमें (गांवों तक विकास पहुंचने में) कितना समय लगता है... यदि आप किसी झोलाछाप चिकित्सक से ऑपरेशन कराने के बाद किसी मरीज को एम्स ले जाते हैं तो असली चिकित्सक को उसका इलाज करने में कितना समय लगेगा? उन्होंने कहा, यह देश भी झोलाछाप लोग चला रहे थे, इसलिए (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी जी को चीजें बदलने मेंकुछ समय लगेगा।

## लॉकडाउन के दौरान चंद्रमा के तापमान में गिरावट देखी गई

### अध्ययन

भाषा। नई दिल्ली

पृथ्वी पर 2020 में हुआ कोविड-19 लॉकडाउन का असर चंद्रमा तक भी पहुंचने की संभावना है क्योंकि अप्रैल-मई 2020 के दौरान चंद्रमा के तापमान में असामान्य रूप से गिरावट पाई गई है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। इस अवधि में पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह पर अधिकतम तापमान में गिरावट आई, जबकि रातें लगभग 8-10 डिग्री सेल्सियस तक ठंडी होने का पता चला। अहमदाबाद में स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के शोधकर्ता के. दुर्गा प्रसाद और जी. एम्बिली ने मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी: लेटर्स नामक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा है कि पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन का अध्ययन करने के लिए चंद्रमा संभवत: एक आधार के रूप में काम कर सकता है। कोविड-19 रोग के प्रसार को रोकने के लिए, सबसे पहले मार्च 2020 में चीन और इटली में लॉकडाउन लागू किया गया था। अन्य देशों ने भी इन उपायों को तुरंत अपना लिया गया और इसके अगले महीने तक, दुनिया की लगभग आधी आबादी को किसी न किसी रूप में लॉकडाउन के तहत रहना पड़ा। लॉकडाउन के कारण औद्योगिक प्रदूषण, परिवहन और जीवाश्म ईंधन के उपयोग जैसी मानवीय गतिविधियों पर गहरा असर पड़ा है। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि मानवीय गतिविधियों में कमी के कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन एवं प्रदूषक स्तर कम हुआ है, और इसलिए रात के समय पृथ्वी की सतह से कम ताप उत्सर्जित हुआ।

# एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने नए वायुसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

भाषा। नई दिल्ली

**एयर चीफ मार्शल** अमर प्रीत सिंह ने सोमवार को भारतीय वायु सेना के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने वीआर चौधरी की जगह ली है। सिंह को 5,000 घंटे से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है और वह लड़ाकू विमान के कुशल पायलट हैं।एयर चीफ मार्शल सिंह अपने पिछले कार्यभार में वायु सेना के उपप्रमुख के रूप में कार्यरत थे। एयर चीफ मार्शल चौधरी तीन साल तक वायु सेना की कमान संभालने के बाद सेवानिवृत्त हुए।एयर चीफ मार्शल सिंह का जन्म 27 अक्टूबर 1964 को हुआ था। उन्होंने दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना में लड़ाकू विमान पायलट के तौर पर कमीशन प्राप्त किया।सिंह ने लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी सेवा में



विभिन्न कमान, स्टाफ, निर्देशात्मक और विदेशी नियुक्तियों में काम किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र सिंह एक योग्य विमान प्रशिक्षक और एक पायलट हैं। सिंह के पास विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी विंग विमानों को 5,000 घंटे से अधिक समय तक उड़ाने का अनुभव है।एयर चीफ मार्शल सिंह ने लड़ाकू विमान बेड़े और सीमावर्ती वायुसेना ठिकाने की कमान संभाली है। एक टेस्ट पायलट के रूप में सिंह ने मॉस्को में मिग-29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। सिंह नेशनल फ्लाइट टेस्ट सेंटर में परियोजना निदेशक (फ्लाइट टेस्ट) भी रहे हैं और उन्हें हल्के लड़ाकू विमान, तेजस के परीक्षण का काम सौंपा गया था।

### विवक न्यूज

## वर्धमान समूह के चेयरमैन से सात करोड़ रुपए की ठगी

**लुधियाना**। साइबर जालसाजों के एक अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों ने खुद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी बताकर प्रसिद्ध वर्धमान समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस.पी. ओसवाल से सात करोड़ रुपए ठग लिए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरोह ने उच्चतम न्यायालय की फर्जी सुनवाई, फर्जी गिरफ्तारी वारंट और डिजिटल गिरफ्तारी समेत एक विस्तृत योजना के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि ठगी की शुरुआत एक फोन कॉल से हुई जिसमें आरोपी ने ओसवाल को बताया कि उन्हें एक आपराधिक मामले में फंसाया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए ओसवाल से कहा कि उन्होंने मलेशिया जाने वाला एक पार्सल जब्त किया है, जिसमें 58 फर्जी पासपोर्ट, 16 डेबिट कार्ड और अन्य संदिग्ध सामग्री है, जो कथित तौर पर ओसवाल के आधार कार्ड से जुड़ी हुई है, लिहाजा वह मामले में प्रमुख संदिग्ध है। पुलिस ने कहा कि यह जानते हुए कि ओसवाल एक प्रसिद्ध उद्योगपति है, गिरोह ने उनसे कहा कि यदि मामला सार्वजनिक हो गया तो उन्हें शर्मिंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ओसवाल का विश्वास हासिल करने के लिए वीडियो कॉल की, इस वीडियो कॉल के दौरान वे जिस जगह बैठे हुए थे, वह एक कार्यालय जैसा लग रहा था और उनके पीछे सीबीआई का लोगो लगा था। पुलिस ने कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय का गिरफ्तारी वारंट भी जालसाजी करके तैयार किया और व्हाट्सएप पर ओसवाल को भेज दिया, जिससे ओसवाल और परेशान हो गए।

## हिमाचल मस्जिद विवाद: हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प, मुस्लिम संगठन ने कहा कोई मस्जिद अवैध नहीं

**शिमला**। हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच एक मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई भी अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी के कारण यह समस्या हो रही है। मस्जिद को गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर कुल्लू में मस्जिद को गिराने का आह्वान करते हुए यात्रा निकाली। स्थानीय वाद्ययंत्र बजाने वाले संगीतकार और पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाणा इलाके में एक मुस्लिम नाई और एक हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। ए हाथापाई बाद में सांप्रदायिक मुद्दे में तब्दील हो गई। हिंदू समूह कथित अवैध मस्जिदों को गिराने की मांग कर रहे है जबकि स्थानीय लोग राज्य में आने वाले बाहरी लोगों की पहचान करने की मांग कर रहे है। शिमला स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नदीम अहमद ने इस बीच सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, हिमाचल प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे की मंजूरी मिलने और अन्य संबंधित प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद ही संरचनाओं को हटा देंगे।

## अमेरिकी मिशन ने 2.5 लाख अतिरिक्त वीजा अपॉइंटमेंट जारी किए

**नई दिल्ली**। भारत में अमेरिकी मिशन ने पर्यटकों, कुशल श्रमिकों और छात्रों सहित भारतीय यात्रियों के लिए अतिरिक्त 250,000 वीजा अपॉइंटमेंट जारी किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि हाल में जारी नए वीजा अपॉइंटमेंट भारतीय आवेदकों को समय पर साक्षात्कार देने में मदद करेंगे, जिससे यात्रा में सुविधा होगी, जो लोगों के बीच आपसी संबंधों को दृढ़ है और अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूती प्रदान करता है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन ने वीजा प्रक्रिया में सुधार और तेजी लाने के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया था और मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि हमने उस वादे को पूरा किया है। दूतावास और चार वाणिज्य दूतावासों में हमारी कांसुलर टीम यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करती है कि हम बढ़ती मांग को पूरा करें। वर्ष 2024 में 12 लाख से अधिक भारतीय अमेरिका की यात्रा कर चुके है, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत की वृद्धि है। अमेरिकी दूतावास ने यहां एक बयान में कहा, भारत में अमेरिकी मिशन ने लगातार दूसरे वर्ष 10 लाख गैर-प्रवासी वीजा आवेदनों को पार कर लिया है। इस गर्मी में हमारे छात्र वीजा सत्र के दौरान, हमने रिकॉर्ड संख्या में प्रक्रिया जारी रखी और पहली बार के सभी छात्र आवेदक भारत में हमारे पांच वाणिज्य दूतावास अनुभागों में से एक में अपॉइंटमेंट प्राप्त करने में सफल रहे।

## मीणा ने आरएएस परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप दोहराए

जयपुर। राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के अपने आरोप दोहराते हुए सोमवार को कहा कि उन्होंने सारे प्रमाण विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) को दिए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि फर्जी तरीके से आरएएस अधिकारी बनने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।मीणा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, आरएएस में मैंने खुलासा किया कि जो टॉपर है, टॉपर उस व्यक्ति का नाम मेरे पास है...जो एजेंसी को बता दूंगा.. जिसके थ्रू (जरिए) एक करोड़ रुपए पहुंचे और उसको टॉपर बना दिया। उन्होंने आरोप लगाते हूए कहा, ... और आपने उस टॉपर का मॉक इंटरव्यू सुना होगा वो यह नही बता सके कि तेजाजी का जन्म कहां हुआ। ऐसे आरएएस की टॉपर है ऐसे 11 लोग हैं जिनकी कॉपियो पर नॉट अटेंडेड लिखा हुआ था यानी उन्होंने सवाल को अटेंड ही नही किया और बाद में उनको कॉपी दे दी और 11 लोगों के वो सारे सवाल अटेड करके उनको आरएएस बना दिया।

## टैफे ने मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड का दी ऊंचाई

**मुंबई**। 1960 में अपनी स्थापना के बाद से टैफे ने मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड का उत्पादन, निर्माण और पोषण किया है और अपनी मजबूत स्वदेशी आर एंड डी तथा गुणवत्ता नियंत्रण के बल पर भारत में 500 से अधिक मॉडलों का एक विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो प्रस्तुत करता है। टैफे भारत में प्रति वर्ष 180,000 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ 100,000 से अधिक मैसी फ़र्ग्यूसन का उत्पादन करता है एवं इस सेवा के माध्यम से लगभग 3 मिलियन संतुष्ट ग्राहकों का आधार बनाया है। टैफे और मैसी फ़र्ग्यूसन भारत में पर्यायनामी हैं। टैफे भारत में ट्रैक्टरों का दूसरा और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक ह, जिसने भारत और 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में किसानों का विश्वास जीतते हुए विश्वसनीय गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। 2,000 से अधिक डीलरों का एक मजबूत वितरण नेटवर्क के चार प्रतिष्ठित ट्रैक्टर ब्रांडों मैसी फ़र्ग्यूसन, टैफे, आयशर ट्रैक्टर्स और आईएमटी का प्रभावी ढंग से समर्थन करता है। टैफे 80 से अधिक देशों में ट्रैक्टरों का निर्यात करता है। मद्रास उच्च न्यायालय में दायर एक मामले में टैफे ने मैसी फ़र्ग्यूसन ब्रांड के स्वामित्व पर अपना दावा पेश किया। चेन्नई की वाणिज्यिक न्यायालय ने मैसी फ़र्ग्यूसन ब्रांड के संबंध में अंतरिम यथास्थिति का आदेश पारित करते हुए टैफे के पक्ष में फैसला सुनाया है अतैव किसी भी पक्ष के लिए 29 अप्रैल 2024 तक की स्थिति को बदलना अस्वीकार्य है, और ऐसा करने का कोई भी प्रयास न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन होगा।

## सोलेक्स एनर्जी 8,000 करोड़ का निवेश करेगा

**नई दिल्ली**। भारत के अग्रणी सोलर ब्रांड सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड ने अपनी विज़न 2030 रणनीति के तहत 8,000 करोड़ रुपये से अधिक के अभूतपूर्व निवेश की घोषणा की है। यह पहल सोलर टेक्नालॉजी को आगे बढ़ाने और ऑपरेशंस को बढ़ाने के लिए सोलेक्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे कंपनी पूरी तरह से इंटीग्रेटेड सोलर प्लेयर के रूप में स्थापित होगी। सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री चेतन शाह ने कहा, विज़न 2030 एक पूर्णतः एकीकृत सोलर कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल-स्टोन है। रेक्टेंगुलर सेल वाली एन-टाइप टॉपकॉन तकनीक की शुरुआत के साथ, सोलेक्स एनर्जी दक्षता और विश्वसनीयता के लिए मानक बढ़ा रही है।इस महत्वाकांक्षी योजना के हिस्से के रूप में, सोलेक्स 2 गीगावाट की शुरुआती क्षमता वाली एक नई सेल निर्माण सुविधा के विकास को एक्सप्लोर कर रहा है, जिसे 5 गीगावाट तक बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता भी 1.5 गीगावाट से बढ़ाकर 15 गीगावाट की जाएगी। सोलेक्स का लक्ष्य इस ग्रोथ को पूरा करने के लिये अपनीवर्कफोर्स को 25,000 से अधिक तक बढ़ाना है।

## फोनपे व जार के साथ साझेदारी

मुंबई। फोनपे ने अपने प्लेटफॉर्म पर डेली सेविंग्स नए प्रोडक्ट को लॉन्च करने के लिए जार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जिससे हर दिन थोड़ी-थोड़ी बचत के जरिए 24च डिजिटल गोल्ड में पैसा बचा सकेंगे। डेली सेविंग्स के साथ, यूजर हर दिन 10 से लेकर अधिकतम 5000 तक डिजिटल गोल्ड में निवेश कर सकते हैं, जिससे नियमित रूप बचत करने की आदत बनती है। यह प्रोडक्ट जार के गोल्ड टेक सोलूक्शन द्वारा संचालित है जो केवल 45 सेकंड से भी कम समय में डिजिटल गोल्ड निवेश प्रोसेस को आसान बनाता है। पहले यह सिर्फ जार के यूजर्स के लिए ही उपलब्ध था, लेकिन जार का यह गोल्ड टेक स्टैक उसके पार्टनर बिजनेस के लिए भी उपलब्ध है। जिससे वे अपने यूजर्स को डिजिटल गोल्ड में बचत करने की सुविधा दे सकते हैं। फोनपे के पेमेंट इकोसिस्टम से जार का यह एकीकरण, फंड ट्रांसफर और पेमेंट को आसान बनाता है। इसका ऑटोमेटेड सिस्टम, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के रोजाना की बचत को आसान बनाता है। यह यूजर्स को, उनकी डेली सेविंग को कभी भी पॉज करने, कैंसिल करने या कैश के लिए गोल्ड को रिडीम करने का विकल्प भी देता है।नए प्रोडक्ट के लॉन्च पर, कंज्यूमर पेमेंट, इनऐप की हेड, निहारिका सहगल, जी का कहना हैं कि, हमने हाल ही के वर्षों में डिजिटल गोल्ड की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है।

# हिज्बुल्ला उपप्रमुख ने नसरल्ला की मौत के बाद लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया

**भाषा।** बेरूत

**हिज्बुल्ला के** उपनेता ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद सोमवार को इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है।हिज्बुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।पिछले 10 दिनों में इजराइली हमलों में नसरल्ला और हिजबुल्ला के छह शीर्ष कमांडर और अधिकारी मारे गए हैं। वहीं सेना का कहना है कि लेबनान के बड़े हिस्से में हजारों आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो सप्ताह में लेबनान में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई महिलाएं और बच्चे हैं।सोमवार तड़के मध्य बेरूत में एक हवाई हमला हुआ, जिसमें एक आवासीय इमारत नष्ट हो गई और आस-पास के अन्य मकान क्षतिग्रस्त हो गए। हमले में तीन फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए।इजराइल के इस हमले से ऐसा प्रतीत होता है कि लेबनान का कोई भी हिस्सा इजराइली निशाने से बाहर नहीं है।



## इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला: प्रत्यक्षदर्शी

**यरुशलम।** लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था।

## हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित एक और ड्रोन को मार गिराने का दावा किया

**दुबई।** यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे है और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।उन्होंने इजराइल को निशाना बनाकर मिसाइलें दागना जारी रखा है, जिसके जवाब में इस सप्ताह के अंत में बंदरगाह शहर होदेइदा पर इजराइल ने हवाई हमले किए। हुती संचालित प्रसारक अल-मसीरा ने एमक्यू-9 को मार गिराने का दावा किया।

# जयशंकर वाशिंगगटन पहुंचे ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

**भाषा।** वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है। कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस जयशंकर और इस थिंक टैंक के अध्यक्ष मारियानो-फ्लोरेंटिनो (टिनो) क्यूएलर के बीच अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य पर चर्चा की मेजबानी करेगा। थिंक टैंक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2023 की राजकीय यात्रा और बाइडन के साथ उनकी हालिया द्विपक्षीय बैठक का हवाला देते हुए कहा कि भारत का रणनीतिक महत्व वैश्विक स्तर पर और अमेरिकी विदेश नीति के निर्माण में बढ़ रहा है। उसने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक घटनाक्रम के बीच अमेरिका के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध और अधिक व्यापक हुए हैं। मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद जयशंकर पहली बार वाशिंगटन डीसी आए हैं।

## रवांडा में प्रकोप की घोषणा के कुछ दिनों बाद ही मारबर्ग वायरस से आठ मौतें

**किगाली (रवांडा)।** रवांडा का कहना है कि इबोला जैसे और अत्यधिक संक्रामक मारबर्ग वायरस से अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। रवांडा का यह बयान देश में घातक रक्तस्रावी ज्वर के प्रकोप की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आया है। इस ज्वर का कोई अधिकृत अधिकृत टीका या उपचार नहीं है। इबोला की तरह मारबर्ग वायरस भी फल खाने वाले चमगादड़ों से उत्पन्न होता है और संक्रमित व्यक्तियों के शारीरिक तरल पदार्थ या दूषित बिस्तर की चादरों जैसी सतहों के साथ संपर्क के जरिए लोगों के बीच फैलता है। अगर मारबर्ग बीमारी से पीड़ित लोगों का उपचार नहीं कराया गया तो इससे संक्रमित 88 प्रतिशत लोगों के लिए यह घातक हो सकता है। मध्य अफ्रीका के देश रवांडा ने शुक्रवार को प्रकोप की घोषणा की तथा एक दिन बाद पहली छह मौतें दर्ज की गईं।

## रूस में एक व्यक्ति को बम विस्फोट करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा

**मॉस्को।** रूस की एक अदालत ने सोमवार को एक व्यक्ति को कार में बम विस्फोट करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस बम विस्फोट में राष्ट्रवादी लेखक जाखर प्रिलेपिन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अभियोजकों ने कहा कि मई 2023 में निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में यह बम विस्फोट यूक्रेन की सुरक्षा सेवाओं के निर्देश पर किया गया था। इस बम विस्फोट में प्रिलेपिन गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनके चालक की मौत हो गई थी। खबरों के अनुसार इस मामले में आरोपी अलेक्जेंडर पर्म्याकोव को दोषी करार दिया गया है, जो यूक्रेन के पूर्वी डोनबास क्षेत्र का रहने वाला है और एक समय वहां रूस समर्थित अलगाववादियों के साथ लड़ चुका है।

## भारतीय सिख रुपए के बजाए अमेरिकी डालर लेकर आएं : पंजाब सरकार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा,"हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया। मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय सिखों को यहां सुविधाओं के लिए समूह के नेताओं को कोई अतिरिक्त राशि नही देनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी की 555वीं प्रकाश पर्व पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय सिख 14 नवंबर को यहां आएंगे।

# अमेरिका में हेलेन से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर करीब 100 हुई

**भाषा।** पेरी (अमेरिका)

**अमेरिका** के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण हुई भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर रविवार को 100 हो गई और प्राधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। नॉर्थ कैरोलाइना की बनकॉम्बे काउंटी में तूफान के कारण 30 लोगों की मौत होने की सूचना मिली। इस काउंटी में पर्वतीय शहर एशविले भी आता है। नॉर्थ कैरोलाइना में रविवार को कई अन्य लोगों की मौत होने से विभिन्न राज्यों में मारे गए लोगों की कुल संख्या कम से कम 91 हो गई। अलग-थलग पड़े शहर के आस-पास के इलाकों में हवाई मार्ग से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है। बनकॉम्बे काउंटी प्रबंधक एवरिल पिंडर ने वादा किया है कि सोमवार तक एशविले में भोजन और पानी पहुंचा दिया जाएगा। नॉर्थ कैरोलाइना के गवर्नर ने कहा कि बचाव दल के अलग-अलग इलाकों में पहुंचने पर मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में बृहस्पतिवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।



## नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत, बचाव अभियान जारी

**काठमांडू।** नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता है। इसके साथ ही राहत और बचाव अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह-जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालई राष्ट्र में तबाही मच गई। मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने सशस्त्र पुलिस बल के हवाले से बताया कि लगातार बारिश, बाढ़, भूस्खलन और बाढ़ में कम से कम 204 लोग मारे गए हैं। इसने कहा कि इस आपदा में देश भर में 89 लोग घायल भी हुए है, जबकि 33 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है।

# आइफा रॉक्स 2024: पोन्नियिन सेल्वन पार्ट-2 , जवान और एनिमल को मिले तीन-तीन पुरस्कार

**भाषा।** यास **आइलैंड (अबूधाबी)**

**फिल्मकार** मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन पार्ट-2 , अभिनेता शाहरुख खान की जवान और रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने यहां आइफा रॉक्स 2024 की तकनीकी श्रेणियों में तीन-तीन पुरस्कार अपने नाम किए। रविवार को आइफा फिल्म महोत्सव 2024 के तीसरे और अंतिम दिन पुरस्कार समारोह में सभी भाषाओं के सर्वश्रेष्ठ तकनीशियनों को सम्मानित किया गया। संगीतकार ए.आर. रहमान को पोन्नियिन सेल्वन पार्ट-2 के लिए सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड स्कोर पुरस्कार दिया गया जबकि रवि वर्मन को इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी (तमिल) और टी. थरानी को सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन (तमिल) के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, जवान के लिए जी. के. विष्णु को सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी, संपत अलवर, क्रिस जैकबसन, रॉब मार्शल व मार्टी हम्फ्री को सर्वश्रेष्ठ साउंड मिक्सिंग और शाहरुख खान की कंपनी रेड चिलीज वीएफएक्स को सर्वश्रेष्ठ स्पेशल इफैक्ट्स का पुरस्कार मिला। एनिमल के लिए निर्देशक संदीप वंगा रेड्डी को सर्वश्रेष्ठ संपादन, सचिन सुधाकरन तथा हरिहरन एम. को सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन और हर्षवर्धन रामेश्वर को सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड स्कोर का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12वीं फेल के लिए फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा, जसकुंवर कोहली, अनुराग पाठक, आयुष सक्सेना, विकास दिव्यकीर्ति को सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले का पुरस्कार दिया गया। इशिता मोइत्रा को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ संवाद फिल्म पुरस्कार मिला जबकि शाहरुख अभिनीत पठान के लिए बॉस्को-सीजर को सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पुरस्कार मिला।




## रूस ने यूक्रेन के 11 क्षेत्रों को निशाना बनाया

**कीव,।** रूस ने रविवार रात को भी हवाई हमले जारी रखते हुए यूक्रेन के 11 इलाकों पर मिसाइलें दागीं और ड्रोन से हमले किए। यूक्रेन की वायु सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन की राजधानी में रविवार रात भर विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं क्योंकि कीव की वायु रक्षा प्रणाली ने पांच घंटे तक ड्रोन हमले का मुकाबला किया। माइकोलेव प्रांत के गवर्नर विटाली किम ने कहा कि इन हमलों में कीव या अन्य किसी स्थान पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि हमले के चलते माइकोलेव प्रांत की एक इमारत में आग लग गई। रूस ने महंगी मिसाइलों के बजाय किफायती ड्रोन के जरिए यूक्रेन के शहरों पर हवाई हमले तेज किए हैं। मॉस्को ने केवल सितंबर के दौरान ही 1300 से अधिक ड्रोन हमले किए हैं।

# पाक अदालत ने नए तोशाखाना मामले में इमरान खान, उनकी पत्नी की याचिका खारिज की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सरकारी उपहार हासिल करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने से संबंधित नए तोशाखाना मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा इस साल दायर किया गया नया तोशाखाना मामला इस आरोप पर आधारित है कि दंपति ने तोशाखाना में जमा किए बिना एक आभूषण सेट हासिल किया था। दंपति द्वारा दायर जमानत याचिका पर विशेष न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने अडियाला जेल के अंदर सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान दोनों उपस्थित थे। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त सामने आया है, जब दो अक्टूबर को इस मामले में दोनों को आरोपित किया जाना है। खान (71) को पाकिस्तान निर्वाचन आयोग द्वारा दायर तोशाखाना भ्रष्टाचार के पहले मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह अलग-अलग मामलों में जेल में हैं। दंपति के खिलाफ तोशाखाना का नया मामला तब सामने आया, जब इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत ने खान और बुशरा को इद्दत मामले में बरी कर दिया-जिसे गैर-इस्लामिक निकाह मामले के रूप में भी जाना जाता है।

# स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा, सुनीता विलियम्स समेत दो अंतरिक्ष यात्रियों को लाएगा धरती पर

**केप केनवरल (अमेरिका)।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद थ्रस्टर की विफलता और हीलियम रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा। ड्रैगन के साथ गए नासा के निक हेग और रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के एलेक्जेंडर गोर्बूनोव फरवरी तक अंतरिक्ष स्टेशन में ही रहेंगे। वहीं विल्मोर और विलियम्स के लिए अंतरिक्ष स्टेशन में यह प्रवास आठ महीने लंबा हो जाएगा।



# दोस्त या दुश्मन? एआई और ग्रीनवॉशिंग के साथ समस्या क्या

**भाषा।** कुआलालंपुर

**कृत्रिम बुद्धिमता** (एआई) एक दोधारी तलवार है, जो पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ फर्जीवाड़े को भी बढ़ावा देता है।एआई की मदद से ग्रीनवॉशिंग के खिलाफ लड़ाई संभावित रूप से आसान हुई है।मुश्किल से मुश्किल आंकड़ों और भावहीन एल्गोरिदम की मदद से एआई भ्रामक दावों की पहचान करने और सतत प्रयासों में प्रारदर्शिता बढ़ाकर पर्यावरण प्रदर्शन को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभाता है। ग्रीनवॉशिंग का मतलब है कंपनियों द्वारा अपने पर्यावरणीय सतत प्रयासों या उत्पादों को लेकर भ्रामक दावे करने का चलन बाजार में तेजी से बढ़ा है, जिसकी वजह ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने की इच्छा और पर्यावरण समर्थक उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या है।अब तक, इस तरह के तौर-तरीकों को पहचानना बेहद मुश्किल था क्योंकि उनकी प्रकृति जटिल थी, जिसके कारण अक्सर नियामकों को दावों को साबित करने या नकारने में परेशानी होती थी। हालांकि यह एक ऐसा माहौल है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपनी अहमियत दिखाती है। विसंगतियों की पहचान-एआई समर्थित टूल किसी भी ब्रांड के पर्यावरण से जुड़े दावों में विसंगतियों की पहचान करने के लिए भारी-भरकम डेटा, कंपनी की विस्तृत रिपोर्ट, मार्केटिंग से जुड़े दस्तावेजों और सोशल मीडिया पर मौजूद उसके सभी विज्ञापनों और प्रचार सामग्रियों का विश्लेषण कर सकता है।नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग एल्गोरिदम कॉर्पोरेट कंपनियों की भारी भरकम रिपोर्ट में मौजूदविसंगतियों या अतिशयोक्तिपूर्ण भाषा का पता लगा सकती हैं, जिससे यह मालूम पड़ सकता है कि कंपनियां पर्यावरण से जुड़े अपने प्रयासों को लेकर कहां-कहां झूठ बोल रही हैं या फिर उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही हैं। ए अत्याधुनिक प्रणालियां सार्वजनिक रूप से दिए गए बयानों की तुलना वास्तविक पर्यावरणीय आंकड़ों से कर सकती हैं, दावों और ऊर्जा उपयोग या उत्सर्जन जैसे वास्तविक संकेतकों के बीच विसंगतियों की पहचान कर सकती हैं।वहीं जलवायु परिवर्तन पर नजर बनाए रखने के लिए तैयार किए गए मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग वनों की कटाई, शहरी विस्तार या भूमि उपयोग परिवर्तनों पर निगरानी के वास्ते उपग्रह इमेजरी का आकलन करने के लिए किया जा सकता है। एआई उपभोक्ताओं, नियामकों और निवेशकों के लिए जटिल पर्यावरणीय आंकड़ों तक पहुंच और व्याख्या करना आसान बनाकर पारदर्शिता को बढ़ावा दे सकता है। गलत सूचना का बाजार- ग्रीनवॉशिंग से जुड़ी चुनौतियों से पार पाने में एआई कई सकरात्मक तरीके सुझा सकता है लेकिन व्यापार को बेतहाशा बढ़ाने के लिए इसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। कंपनियां एआई की मदद से अपने प्रयासों को छिपाने के लिए झूठे और फर्जी दावे तैयार कर सकती हैं।

## चीनी वैज्ञानिकों ने कोशिका प्रतिरोपण से टाइप। मधुमेह को ठीक करने का दावा किया: रिपोर्ट

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से टाइप-। मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र द पेपर की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। समाचार संस्थान साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन में भाग लेने वालों में तियानजिन फर्स्ट सेंट्रल हॉस्पिटल एंड पेकिंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता भी शामिल थे।अभी तक किसी मृत दाता के अग्न्याशय से आइलेट कोशिकाओं को निकालकर उन्हें टाइप। मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति के यकृत में प्रतिरोपित किया जाता रहा है और इस प्रक्रिया को प्रभावी क्लीनिकल उपचार माना जाता है, लेकिन दाताओं की कमी के कारण इसमें बाधा आ रही है।

## ऑस्ट्रिया में दक्षिणपंथी फ्रीडम पार्टी ने चुनाव जीता

**वियना।** ऑस्ट्रिया में दक्षिणपंथी फ्रीडम पार्टी ने रविवार को देश के संसदीय चुनाव में जीत दर्ज की। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यह पहली बार है जब दक्षिणपंथी पार्टी ने देश के चुनाव में जीत दर्ज की है। चुनाव में आव्रजन, मुद्रास्फीति, यूक्रेन और अन्य मुद्दे छाए रहे। फ्रीडम पार्टी ने इन्हीं मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ रूढ़िवादियों पर बढ़त बनाई। हालांकि इसके शासन करने की संभावनाएं स्पष्ट नहीं हैं। राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ ने बताया कि चुनाव के शुरुआती आधिकारिक परिणामों के अनुसार बेहद करीबी मुकाबले में फ्रीडम पार्टी 29.2 प्रतिशत मत के साथ पहले स्थान पर रही जबकि चांसलर कार्ल नेहमर की ऑस्ट्रिया पीपुल्स पार्टी 26.5 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रही।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान की सीमा के नजदीक आतंकवादियों ने तीन ईरानी सुरक्षाकर्मियों की हत्या की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमा से सटे ईरान के अशांत सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में ईरानी सीमा सुरक्षा के कम से कम तीन कर्मी मारे गए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सिस्तान-बलूचिस्तान की सीमा पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत से लगती है और अक्सर विभिन्न चरमपंथी समूह हमले कर ईरान-पाकिस्तान की लगभग खुली को पार कर दूसरे देश में चले जाते है। सुरक्षा अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात प्रांत में परुद, खास, हिरमंद और दोमक इलाके में चार हमलों की सूचना मिली है। उन्होंने बताया, हमले में तीन ईरानी सुरक्षा कर्मी मारे गए हैं और कुछ अन्य घायल हुए हैं। सुन्नी बहुल समूह जैश-उल-अद्ल (न्याय की सेना) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस समूह का गठन 2012 में अन्य उग्रवादी समूह जुंदल्ला के उत्तराधिकारी के तौर पर हुई। यह समूह पाकिस्तान-ईरान सीमावर्ती इलाके में सक्रिय है। ईरान का दावा है कि जैश-उल-अद्ल अपने हमलों को पाकिस्तान से संचालित करता है लेकिन पाकिस्तान इन आरोपों को खारिज करते हुए कहता है कि वह खुद आतंकवाद का शिकार है और अपनी भूमि से इस खतरे को समाप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हमेशा के लिए हो रहा बंद, 142 साल पुरानी कोयला बिजली खत्म होगी

**लंदन।** ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैड स्थित रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। इस बारे में संयंत्र प्रबंधक पीटर ओ ग्राडी ने कहा कि यह भावुक कर देने वाला दिन है। उन्होंने कहा, 36 साल पहले जब मैंने अपना करियर शुरू किया था, तो हममें से किसी ने भी अपने जीवनकाल में कोयला उत्पादन के बिना भविष्य की कल्पना नही की थी। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते है। एक देश के रूप में हम (गुजरी) पीढ़ियों के प्रति ऋणी है। उन्होंने कहा, कोयले का युग शायद ख़त्म हो रहा है, लेकिन हमारे देश के लिए अच्छी ऊर्जा वाली नौकरियो का एक नया युग अभी शुरू हो रहा है।

### श्रीलंका की नौसेना ने अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। विज्ञप्ति के अनुसार, नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमे कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्वाई के लिए उन्हे मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौप दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने वाली 55 भारतीय नौकाओ को और 413 भारतीय मछुआरो को पकड़ा है और उन्हें कानूनी कार्वाई के लिए अधिकारियो को सौप दिया है। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधो में एक विवादास्पद मुद्दा है। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित रूप से अवैध तरीके से प्रवेश करने के मामलो मे श्रीलंकाई नौसेना के कर्मी पाक जलडमरूमध्य मे भारतीय मछुआरो पर गोलीबारी करते है और उनकी नौकाओ को जब्त कर लेते है। पाक जलडमरूमध्य, तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली पानी की एक संकरी पट्टी है, जो दोनो देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का एक समृद्ध क्षेत्र है। दोनो देशो के मछुआरो को अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र मे प्रवेश करने के लिए अक्सर गिरफ्तार किया जाता है।

### जापान के संभावित अगले प्रधानमंत्री ने 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की घोषणा की

**तोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह मंगलवार को देश का औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद 27 अक्टूबर को संसदीय चुनाव कराने की योजना बना रहे है। जापान की सत्तारूढ़ पार्टी ने पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरु इशिबा को शुक्रवार को अपना नेता चुना जो प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालेंगे। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) मे मतदान के जरिए इशिबा को पार्टी का नया नेता चुना गया। उनका प्रधानमंत्री के रूप मे चुना जाना तय है क्योंकि पार्टी का सत्तारूढ़ गठबंधन दोनो सदनो मे बहुमत मे है।

### चिनफिंग ने राष्ट्रीय दिवस से पहले शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य नेताओ ने सोमवार को मध्य बीजिंग स्थित विशाल तियानमेन चौक पर शहीद दिवस के अवसर पर शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की। देश मे मंगलवार को मनाए जाने वाले 75वे राष्ट्रीय दिवस से पहले शहीद दिवस मनाया गया। उन्नीसवी और बीसवी शताब्दी के दौरान हुए क्रांतिकारी संघर्ष के शहीदो की याद मे बनाए गए स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली कियांग और अन्य नेता पहुंचे। संबंधित क्रांति के चलते एक अक्टूबर 1949 को सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के संस्थापक माओत्से तुंग के नेतृत्व मे चीन गणराज्य की स्थापना हुई थी। राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य मे चीन में मंगलवार से एक सप्ताह तक छुट्टियां रहेंगी।

### सिंगापुर में उद्यमियों ने कहा- वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा है

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था मे भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र मे भारत में 57.2 करोड़ और विश्व मे 50 करोड़ हिंदी भाषियो के लिए संभावनाओ के द्वार खोले है। उन्होंने कहा कि इससे उन्हे पहले अछूते रहे विशाल बाजारो मे प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा, हम डिजिटलीकरण की दुनिया मे आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही है और भाषा लोगो, विचारो एवं अवसरो को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप मे उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन - 2024 की थीम नवाचार के युग मे हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र मे तेजी से उभरते भारत मे काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर मे संसद के मनोनीत सदस्य भी है। निवेश-केंद्रित उद्यमी पारेख ने कहा, हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नही है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमे भारतीय बाजार मे प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमो और एसएमई (लघु एवं मध्यम उद्यमो) के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हिंदी दुनिया मे तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

